# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | जबलपुर, रविवार 28 सितंबर 2025





**षष्ठम : माता कात्यायनी**



चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी।।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### 21वीं किस्त जारी, 27 लाख किसानों को दिया तोहफा



**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को भारत सरकार चलाती है और इस योजना का लाभ सीधे तौर पर सिर्फ और सिर्फ उन किसानों को दिया जाता है, जो इस योजना के लिए पात्र होते हैं। इसके बाद इन किसानों को साल में तीन बार 2-2 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जाती है। जैसे, अब तक कुल 20 किस्त जारी कर दी गई है। यह 21वीं किस्त जारी की है।

### दिग्विजय सिंह को दिखाए काले झंडे, फेंकी चूड़ियां



**इंदौर।** शहर के कपड़ा बाजार में मुस्लिम कर्मचारियों को नौकरी से निकाले जाने का विवाद शनिवार को उस समय और गहरा गया, जब इस फैसले का विरोध करने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। भाजपा कार्यकर्ताओं और व्यापारियों ने उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की, उन्हें काले झंडे दिखाए और उनकी ओर चूड़ियां भी फेंकी। कपड़ा बाजार की ओर बढ़े ने उन्हें रोक दिया।

---

सीएम डॉ. यादव ने कुरवाई में कहा- किसानों के लिए हम जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं

# भावांतर की राशि भी किसानों के खातों में 15 दिन में पहुंच जाएगी

**राज्य सरकार के पास किसानों की बेहतरी के लिए राशि की कोई कमी नहीं**

**सीएम ने कहा** कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से चर्चा कर प्रदेश में भावांतर योजना लागू कर दी गई है। इस साल सोयाबीन की फसल की बिक्री पर 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी





**मुख्यमंत्री ने** किया 7 करोड़ 36 लाख रु. की हिनौता बांध परियोजना का लोकार्पण

**कुरवाई में** आयोजित कार्यक्रम एवं रोड-शो में हुए शामिल, नागरिकों का पुष्प वर्षा कर अभिवादन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों के लिए जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं। राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से चर्चा कर प्रदेश में भावांतर योजना लागू कर दी गई है। इस साल सोयाबीन की फसल की बिक्री पर 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी।

किसानों को अंतर की राशि सरकार देगी, जिसका भुगतान उनके बैंक खातों में 15 दिन के अंदर कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव विदिशा जिले के कुरवाई में शनिवार को आयोजित हिनौता सिंचाई परियोजना के तहत जाजपोन पुनर्वास कॉलोनी एवं विभिन्न निर्माण कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कुरवाई एवं विदिशा जिले के विकास के लिए 258 करोड रुपए की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने 92 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत के 46 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 165 करोड़ रुपए की लागत के 34 कार्यों का लोकार्पण किया।

## किसानों को राहत राशि, बीमा का लाभ मिलेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विदिशा जिले में खराब हुई किसानों की फसलों का सर्वे कराया जाएगा। किसानों को राहत राशि, बीमा आदि का लाभ मिलेगा। किसानों को सिंचाई के लिए कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। केन- बेतवा लिंक परियोजना के माध्यम से सिंचाई और उद्योगों को पानी मिलेगा। गरीब कल्याण के साथ प्रदेशवासियों का जीवन बेहतर बनाने और किसानों की बेहतरी के लिए राशि की कमी नहीं होने दी जाएगी।

### प्रबुद्धजन से संवाद और हितलाभ वितरण

मुख्यमंत्री ने स्थानीय प्रबुद्धजनों से संवाद भी किया। संवाद के दौरान उन्होंने ग्राम विकास से संबंधित विषयों पर सुझाव लिए। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, कृषक कल्याण योजना और महिला एवं बाल विकास की योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ, मार्गदर्शिका का विमोचन और नियुक्ति-पत्र वितरित किए। कुरवाई प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री रोड-शो में भी शामिल हुए और नागरिकों का पुष्प वर्षा कर अभिवादन किया। स्थानीय नागरिकों ने भी पूरे उत्साह के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

### *भाई-दूज पर लाड़ली बहनों को मिलेंगे 1500 रुपए*

*मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लाड़ली बहना योजना में दीपावली के बाद भाई दूज पर लाड़ली बहनों को 1500 रुपए की राशि देगी। राज्य सरकार बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए भी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। बच्चों को स्कूटी, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, साइकिल, छात्रवृत्ति सहित छात्रावास की सुविधाएं दी जा रही हैं। प्रदेश में सांदीपनी विद्यालय भी अच्छे बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा से दोस्ती निभाकर गरीब -अमीर की मित्रता की शिक्षा दी थी। भगवान श्रीकृष्ण की जहां लीलाएं हुई उन्हें तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है।*

### *स्वदेशी वस्तुओं को दें प्रोत्साहन*

*मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमें स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग करने का मंत्र दिया है, जिसे प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जीएसटी कम करने से कई वस्तुएं सस्ती हुई हैं। प्रदेश में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। किसी घायल की जान बचाने के लिए सरकार ने राहवीर योजना में 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया है।*

---

भारत की बेटी शीतल बनीं पैरावर्ल्ड आर्चरी चैंपियन

## ऐसी पहली खिलाड़ी....पैरों और ठुड्डी का इस्तेमाल कर चलाया तीर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ तुर्किये की खिलाड़ी को हराकर जीत लिया स्वर्ण

18 साल की भारतीय तीरंदाज शीतल देवी ने इतिहास रच दिया। बिना हाथों के खेलने वाली इस भारतीय खिलाड़ी ने पैरावर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप में महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया। शीतल ने तुर्किये की विश्व नंबर 1 ओजनुर क्योर गिरदी को 146-143 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। शीतल देवी इस प्रतियोगिता में एकमात्र ऐसी खिलाड़ी थीं जो अपने पैरों और ठुड्डी का इस्तेमाल कर तीर चलाती हैं। यह इस चैंपियनशिप में उनका तीसरा पदक था। शीतल ने इससे पहले कंपाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा में तोमन कुमार के साथ मिलकर पदक जीता था।

---

एशिया कप का भारत-पाक के बीच फाइनल आज

## मैच बारिश से धुलेगा या फिर पाक तीसरी बार धोया जाएगा?

एजेंसी ⏭ दुबई



■ टीम इंडिया ने ग्रुप स्टेज और फिर सुपर-4 राउंड के मैच में भी पाकिस्तान को हराया था

एशिया कप 2025 का फाइनल आज रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जाएगा। ये पहली बार होगा जब भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का फाइनल खेला जाएगा। भारत ने ग्रुप स्टेज और फिर सुपर-4 राउंड के मैच में भी पाकिस्तान को हराया था। अब फाइनल में उनकी 2025 एशिया कप की तीसरी भिड़ंत होने वाली है। इस मैच का विजेता चैंपियन कहलाएगा, लेकिन मुकाबले में बारिश आ जाती है, तो आखिर कौन चैंपियन बनेगा? एशिया कप 2025 का फाइनल मुकाबला दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच की शुरुआत भारतीय समयानुसार 8:00 बजे शाम से होगी। टॉस 7:30 बजे होगा।

---

**केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया दावा**

## मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन 2029 तक पूरी तरह से हो जाएगी चालू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



***सूरत और बिलिमोरा के बीच भारत के पहले हाई स्पीड रेल कॉरिडोर का 50 किमी का हिस्सा 2027 तक खुलने की उम्मीद***

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन 2029 तक चालू हो जाएगी और गुजरात में सूरत और बिलिमोरा के बीच भारत के पहले हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का 50 किमी का हिस्सा 2027 तक खुलने की उम्मीद है।

वैष्णव ने निर्माणाधीन सूरत स्टेशन का निरीक्षण किया, जिसमें ट्रैक बिछाने और पहला टर्नआउट शामिल था। केंद्रीय मंत्री के अनुसार बुलेट ट्रेन से मुंबई और अहमदाबाद के बीच की दूरी दो घंटे सात मिनट में तय की जा सकेगी, जबकि गूगल मैप्स पर यह दूरी 9 घंटे की दिखाई जाती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहले बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट की कुल प्रगति बहुत अच्छी रही है। सूरत और बिलिमोरा के बीच पहला 50 किमी का सेक्शन 2027 तक खुल जाएगा। 2028 तक, ठाणे-अहमदाबाद सेक्शन चालू हो जाएगा और 2029 तक पूरी मुंबई-अहमदाबाद लाइन खुल जाएगी। वैष्णव ने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया, जिसमें ट्रैक के किनारे वाइब्रेशन एब्जॉर्ब करने वाले सिस्टम और तेज हवा और भूकंप से निपटने के लिए खास सुरक्षा सुविधाएं शामिल हैं।

---

दो बड़े बीजीएल लांचर सहित भारी मात्रा में हथियार बरामद


## ऑर्डिनेंस फैक्ट्री ध्वस्त, सुरक्षा बलों को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने माओवादियों की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री को ध्वस्त कर दिया, जहाँ से दो बड़े बीजीएल लांचर सहित भारी मात्रा में हथियार और उपकरण बरामद किए गए। जानकारी के मुताबिक, जिला बल सुकमा और कोबरा 203 बटालियन की संयुक्त टीम को नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद 26 सितंबर को कैम्प मेट्टागुड़ा से टीम ईरापल्ली और कोईमेंटा के जंगल-पहाड़ियों की ओर रवाना हुई। सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों की गुप्त हथियार फैक्ट्री का पता चला, जिसे सुरक्षाबलों ने नष्ट कर दिया।

---

## बड़ी राहत: टीसीएस में हुई ज्वॉइनिंग शुरु




**नई दिल्ली।** आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने 650 कर्मचारियों की ज्वॉइनिंग कन्फर्म कर दी है। ये वही उम्मीदवार हैं, जिनकी जॉइनिंग पिछले करीब तीन महीने से डिले हो रही थी। कंपनी ने इन उम्मीदवारों को प्री-ज्वॉइनिंग प्रोसेस में हिस्सा लेने का कह दिया है। दावा है कि टीसीएस ने कुछ उम्मीदवारों को अक्टूबर की ज्वॉइनिंग डेट भी मिल गई है। हालांकि, जॉइनिंग तब तक पूरी नहीं मानी जाएगी, जब तक बैकग्राउंड वेरिफिकेशन पूरी तरह से क्लियर नहीं हो जाता। इसे लेकर टीसीएस के एक प्रवक्ता ने कहा है कि, हमने जिन्हें भी ऑफर दिए हैं, उन्हें पूरा सम्मान देंगे। फ्रेसर्स हों या फिर एक्सपीरियंस्ड प्रोफेशनल्स, हम उन्हें टीम में शामिल होने के लिए इंतजार कर रहे हैं।

---

मप्र हाईकोर्ट ने मानी राजा की सास की मांग

## दशहरे पर इंदौर में नहीं जलेगा पति की कातिल सोनम रघुवंशी का पुतला

हरिबूमि न्यूज ⏭ इंदौर



*सोनम सहित 11 महिलाओं के पुतले जलने थे, जिन पर गंभीर अपराध के आरोप*

पति राजा रघुवंशी की हत्या करवाने वाली सोनम रघुवंशी का पुतला दशहरे पर नहीं जलाया जाएगा। मप्र हाई कोर्ट ने इस मामले पर फैसला सुनाते हुए सोनम रघुवंशी के पुतला दहन पर रोक लगा दी है। इंदौर में दशहरे पर आयोजित शूर्पणखा दहन कार्यक्रम को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। मां संगीता रघुवंशी ने इसे बेटी की प्रतिष्ठा पर हमला बताया और हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी जिसमें को हाई कोर्ट ने सुनवाई के बाद कार्यक्रम पर रोक लगा दी। इस आयोजन में सोनम रघुवंशी समेत 11 महिलाओं के पुतले जलाने की योजना थी, जिन पर गंभीर अपराधों के आरोप हैं। आयोजकों का दावा था कि यह बुराई के प्रतीक के रूप में किया जा रहा है।

---

तमिलनाडु के करूर में आयोजित टीवीके (टीम विजय कझगम) रैली में भारी भीड़ के कारण अफरा-तफरी

# एक्टर विजय की रैली में मची भगदड़, 36 लोगों की मौत, भीड़ पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज


◆ सीएम एमके स्टालिन ने घटना पर चिंता जताई और तत्काल मदद और जांच के निर्देश दिए



**करूर।** तमिलनाडु के करुर में आयोजित टीवीके (टीम विजय कझगम) रैली में भारी भीड़ के कारण अफरा-तफरी मच गई। रैली के दौरान भगदड़ मच गई और कई कार्यकर्ता बेहोश हो गए, जिन्हें तुरंत एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। कई बच्चों को भी बेहोशी के कारण भर्ती किया गया। बताया जा रहा है कि हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई है। यह घटना तब हुई जब विजय करुर में भाषण दे रहे थे। टीवीके प्रमुख विजय ने अपना भाषण बीच में रोक दिया और कार्यकर्ताओं को पानी की बोतलें दीं। उन्होंने भीड़ से एंबुलेंस के लिए रास्ता बनाने का आग्रह किया। इस दौरान, रैली में 9 साल की एक बच्ची लापता हो गई, जिसे तलाशने के लिए विजय ने कार्यकर्ताओं से मदद मांगी। इस रैली के दौरान विजय ने पूर्व डीएमके मंत्री सेंथिल बालाजी पर निशाना साधा और छह महीने में सत्ता परिवर्तन का दावा किया।

### तमिलनाडु की सत्ता में बदलाव का दावा

भाषण के दौरान विजय ने यह भी कहा कि तमिलनाडु की राजनीति में अगले छह महीनों में सत्ता बदल जाएगी। यह रैली विजय के 2026 विधानसभा चुनावों से पहले पूरे राज्य में चल रहे अभियान का हिस्सा थी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने घटना पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि करूर से जो खबरें आ रही हैं, वे चिंता जनक हैं। उन्होंने कहा कि मैंने निर्देश दिए हैं कि भीड़ में फंसे और बेहोश होने वाले लोगों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कर उनकी मेडिकल मदद की जाए। मैंने इस बारे में पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी, मंत्री सुब्रमणियन एमए और जिला कलेक्टर से बात की है। सीएम स्टालिन ने कहा कि पड़ोसी तिरुचिरापल्ली जिले के मंत्री अंबिल महेश को भी तुरंत जरूरी मदद देने का निर्देश दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय सतना प्रवास पर पहुंचेंगे संघ प्रमुख

**जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का अपने दो दिवसीय निर्धारित प्रवास क्रम पर सतना आगमन हो रहा है। 3 अक्टूबर को नागपुर से इतवारी रीवा एक्सप्रेस ट्रेन से प्रस्थान कर 4 अक्टूबर प्रातः मैहर आगमन होगा। मैहर में विश्व प्रसिद्ध शारदा देवी के दर्शन कर सतना प्रस्थान करेंगे। 5 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे सिंधी कैंप सतना में बाबा मेहेरशाह दरबार साहिब का लोकार्पण करेंगे। तत्पश्चात 11 बजे बीटीआई मैदान में विशाल सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम पश्चात सरसंघचालक सायं रीवा, इतवारी एक्सप्रेस से ही नागपुर प्रस्थान करेंगे।

### जहर खाकर युवक ने की आत्महत्या

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत कटंगी रोड कृष्णा वाटिका में जहरीली वस्तु का सेवन करने पर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सुंदरगमा थाना परसोनी जिला सीतामढ़ी बिहार निवासी 22 वर्षीय पंकज कुमार ठाकुर को गत शाम लगभग 7.30 बजे घर पर कटंगी रोड कृष्णा वाटिका में अज्ञात जहरीली वस्तु का सेवन करने पर दोस्त बलजीत कुमार द्वारा गत रात लगभग 12.30 बजे मोहनलाल हरगोविंददास अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार दौरान गत रात लगभग 8.40 बजे मृत्यु हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### बेलबाग में चाकूबाजी एक घायल

**जबलपुर।** बेलबाग थाना अतंर्गत पंजाब नेशनल बैंक के सामने बाई का बगीचा में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने पर एक बदमाश ने एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार लालमाटी सिंधी गुरुद्वारा घमापुर निवासी 23 वर्षीय नमन रजक गत रात लगभग 3 बजे डीजे बंधवाने पंजाब नेशनल बैंक के सामने बाई का बगीचा गया था वहां तनिष्क जायसवाल आया और उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये की मांग करने लगा, रूपये देने से मना करने पर तनिष्क जायसवाल ने गालीगलौज कर चाकू से उस पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 119(1), 296, 115(2), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## दस स्पेशल बेचेस ने किया 337 मामलों का निराकरण

# लंबित मामले कम करने हाईकोर्ट की न्यायिक पहल

- 8 बेंचेस ने जमानत की 866 अर्जियों पर की सुनवाई
- सर्विस मैटर्स व अवमानना मामलों के लिए बैठी 2 बेंच

**हरिभूमि, जबलपुर।**

मप्र हाईकोर्ट द्वारा लंबित मामलों की संख्या (पेंडेंसी) कम करने के लिए की गई नई पहल के तहत लगातार दूसरे शनिवार को मुख्यपीठ जबलपुर में आठ स्पेशल बेचें जमानत के मामलों की सुनवाई के लिए बैठीं। दो स्पेशल बेचों ने सेवा संबंधी मामलों व अवमानना प्रकरणों की सुनवाई भी की। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा के निर्देश पर इन स्पेशल बेंचों का गठन किया गया। आठ स्पेशल बेचों ने कुल मिलाकर 866 जमानत के मामलों पर सुनवाई की। इनमें से से 296 मामले निराकृत कर दिए गए। वहीं, सेवा संबंधी मामलों की सुनवाई कर रही दोनों बेचों ने कुल 41 मामलों का निराकरण किया। इस तरह एक दिन में ही 337 लंबित मामले निपटा दिए गए।



### दिन भर रही चहलपहल

शनिवार के दिन सामान्यतः हाईकोर्ट परिसर में सन्नाटा सा पसरा रहता है। फाइलिंग करने आने वालों के अलावा हनुमानजी के मंदिर में ही सुबह व शाम को लोग नजर आते हैं। शनिवार को लोक अदालत के दौरान ही यहां भीड़ रहती है। शनिवार को बिना लोक अदालत के बड़ी संख्या में लोग हाईकोर्ट परिसर में नजर आए।सामान्य कार्यदिवसों की तरह इनमें पक्षकार, वकील, कर्मचारी व अधिकारी शामिल रहे।

### इन जजों ने सुनी जमानत अर्जियां

| जज | कुल आवेदन सुने | निराकृत |
|---|---|---|
| जस्टिस विशाल मिश्रा | 115 | 55 |
| जस्टिस एमएस भट्टी | 149 | 51 |
| जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल | 138 | 33 |
| जस्टिस दीपक खोत | 126 | 33 |
| जस्टिस हिमान्शु जोशी | 103 | 33 |
| जस्टिस रामकुमार चौबे | 84 | 32 |
| जस्टिस रत्नेशचंद्र सिंह बिसेन | 48 | 14 |
| जस्टिस बीपी शर्मा | 102 | 45 |

**सर्विस मैटर्स के लिए बैठी ये बेंच**

| | | | |
|---|---|---|---|
| जस्टिस डीडी बंसल | - | 92 | 04 |
| जस्टिस विवेक जैन | - | 109 | 37 |
| कुल मामलों पर सुनवाई | - | 866 | |
| निराकृत मामले | - | 337 | |

### तेजी से बढ़ रहा है आंकड़ा

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीके जैन के अनुसार उन्होंने चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा को बताया था कि मुख्यपीठ में इस वर्ष दायर की गई व लंबित जमानत अर्जियों का आंकड़ा करीब 3 हजार के पास पहुंच गया है। सर्विस मैटर्स का आंकड़ा भी तेजी से बढ़ रहा है।इसको लेकर वकीलों में पिछले कुछ समय से असंतोष व्याप्त है। इस संबंध में ठोस कदम उठाने का आग्रह किया था। इसके बाद चीफ जस्टिस सचदेवा ने गत 20 सितम्बर शनिवार को जमानत के मामलों के लिए आठ विशेष बेंच गठित की थीं। इस बार दो बेंच सर्विस मैटर्स के लिए भी बैठी। जैन ने कहा कि हाईकोर्ट की यह पहल सराहनीय है। इससे बड़ी संख्या में पक्षकारों को राहत मिली।

# हाईकोर्ट ने गौरीघाट में रेलवे की जमीन पर दुर्गा पूजा पंडाल के मामले पर अर्जेंट सुनवाई से किया इनकार

## दुर्गा पंडाल को भी पक्षकार बनाने के दिए निर्देश, 10 अक्टूबर को होगी अगली सुनवाई

**हरिभूमि जबलपुर।**

मप्र हाईकोर्ट में याचिका दायर शहर में नवरात्र दुर्गा उत्सव के दौरान गौरीघाट क्षेत्र स्थित एक दुर्गा पंडाल को अवैध बताया गया। सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि याचिकाकर्ता ने केवल गौरीघाट ही नहीं बल्कि पूरे शहर में लगे दुर्गा उत्सव पंडालों के खिलाफ भी एक जनहित याचिका दायर की है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने फिलहाल इस मामले में त्वरित राहत देने से साफ इनकार किया। कोर्ट ने मौखिक रूप से स्पष्ट किया कि केवल कुछ दिनों के लिए आयोजित किए जाने वाले धार्मिक आयोजनों पर इस तरह का विरोध स्वीकार्य नहीं है। कोर्ट ने उक्त दुर्गा पंडाल को भी पक्षकार बनाने के निर्देश देकर मामले निराकृत अगली सुनवाई 10 अक्टूबर तय की ।

रिटायर्ड शासकीय कर्मचारी चमन लाल दोहरे ने याचिका में कहा कि गौरीघाट ब्रह्मश्री कॉलोनी के बाहर रेलवे की जमीन पर सामाजिक महाकाली उत्सव समिति के पंडाल में मां काली की प्रतिमा स्थापित की गई है। वह पंडाल अवैध अतिक्रमण की श्रेणी में आता है।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया कि इस आयोजन से उन्हें परेशानी हो रही है। इस पर कोर्ट ने कड़े शब्दों में फटकार लगाई। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता का रवैया ऐसा लग रहा है मानो वह सभी धर्मों का विरोध करता हो। कोर्ट ने कहा कि धार्मिक आयोजनों पर इस तरह से रोक लगाने की मंशा सही नहीं है और इस पर कोई तात्कालिक राहत नहीं दी जा सकती।

पश्चिम मध्य रेलवे की ओर से अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि समिति ने रेलवे से बाकायदा अनुमति ली है। और यह 8 अक्टूबर तक मान्य है। याचिकाकर्ता की ओर से बार-बार निवेदन किया गया कि सुनवाई को अर्जेंट रखा जाए, लेकिन हाईकोर्ट ने सख्त अंदाज में कहा कि आपकी याचिका तगड़ी कॉस्ट के साथ खारिज की जा सकती है। याचिकाकर्ता ने कहा कि अगली सुनवाई तक तो दुर्गा उत्सव ही समाप्त हो जाएगा और मामला निरर्थक हो जाएगा, तो कोर्ट ने कहा हमें यह मालूम है।

## प्रधानमंत्री मोदी व जगद्गुरु रामभद्राचार्य के विरुद्ध टिप्पणी का मामला

# शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को अदालत में हाजिर होने के निर्देश

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी आनंद कुमार गोयल की अदालत ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को हाजिर होने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए 12 नवंबर की तिथि नियत की गई है। मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी के आरोप से संबंधित है। परिवादी जबलपुर निवासी बीएसएनएल के सेवानिवृत्त कर्मचारी नेता रामप्रकाश अवस्थी की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि स्वामी



अविमुक्तेश्वरानंद ने एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री मोदी को गो हत्यारा निरूपित किया था। यही नहीं जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य के विरुद्ध भी अनुचित भाषा का इस्तेमाल किया था। राष्ट्रपति तक को लेकर अनुचित टिप्पणी की थी। यह साक्षात्कार इंटरनेट मीडिया के जरिए वायरल हो गया था। इस सिलसिले में परिवादी ने पहले पुलिस को शिकायत सौंपी थी। जब उसकी मांग पर अपरध पंजीबद्ध नहीं हुआ तो वह अदालत चला आया। उसने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के विरुद्ध सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम व भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज करने पर बल दिया। परिवादी का आरोप है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने अपने बयान से सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयत्न किया था।

### बैंक से धोखाधड़ी पर तीन वर्ष का कारावास, 20 लाख जुर्माना

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश शशिभूषण शर्मा की अदालत ने बैंक आफ इंडिया से धोखाधड़ी के आरोपित रानीताल, जबलपुर निवासी कृष्णकांत शर्मा का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। 20 लाख रु जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक अरविंद जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि बैंक की शिकायत पर गढ़ा पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध किया था। बैंक का आरोप था कि आरोपित सर्विस प्रोवाइडर था, जिससे टीडीएस इनकम टैक्स खाते में ई-चालान द्वारा जमा करने हेतु सेवा ली गई थी। इसी प्रक्रिया में उसने राशि का घालमेल कर दिया। सर्वर में खराबी का बहाना बनाकर बैंक को अंधेरे में रखा। जब गड़बड़ी सामने आई तो शिकायत दर्ज कराई गई।

## व्हाटसएप पर आर.टी.ओ. का ई-चालान भेजकर की धोखाधड़ी

# ट्रांसपोर्ट व्यापारी को ठग ने लगाई 60 हजार की चपत

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत बल्देवबाग में एक ट्रांसपोर्ट व्यापारी का व्हाटसएप हैक करके किसी जालसाज ने आरटीओ से ई चालान पेश कर 500 रुपए जुर्माना जमा करने का संदेश भेजा। इसके बाद एक फाईल आई, फाईल को क्लिक करने के बाद मोबाइल पर लगातार ओटीपी आने लगे। उसके खाते से 59 हजार 700 रुपए निकाल लिए गए।

लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्रकार भवन के पास बल्देबाग निवासी 47 वर्षीय ट्रांसपोर्ट व्यापारी हरि प्रसाद ने लिखित शिकायत की, कि गत 18 अगस्त 2025 को सुबह करीब 8 बजे उसके मोबाइल के व्हाट्सएप में आरटीओ के नाम से व्हाट्स एप संदेश प्राप्त हुआ था जिसमे 500 रुपये का ई-चालान सिग्नल तोडने के लिये बताया गया था उसमे एक आरटीओ चलान-एपीके फाईल आई जिसे ओपन करने पर उसके मोबाइल मे लगातार ओटीपी आने लगे। दिनांक 24 अगस्त को 06.22 बजे आईडीबीआई बैंक के अकाउण्ट नंबर से 59 हजार 700 रुपये किसी अज्ञात एमडी सद्दाम डीएस यूपीआई : हुसा के खाते मे ट्रांजेक्शन होने का मैसेज आया। उसके व्हाट्सएप से अन्य नंबरो मे भी मैसेज हो रहे थे उसे जानकारी लगी कि उसका व्हाट्सएप नंबर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हैक कर लिया गया है एवं उसके अकाउण्ट से 59 हजार 700 रुपये छल पूर्वक ट्रांजेक्शन कर लिया गया है। शिकायत पर मोबाइल के धारक के विरुध्द धारा 318 (4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## पुलिस ने तीन आरोपियों पर किया मामला दर्ज

# गोराबाजार में अवैध मांस की दुकान हटाने गई टीम पर हमला


**जबलपुर।** गत दिवस गोराबाजार क्षेत्र में अवैध मांस की दुकान हटाने गई कैंट बोर्ड व नगर निगम की संयुक्त टीम पर हमला के मामले में गोराबाजार थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। शिकायत कैंट बोर्ड प्रशासन की ओर से दी गई थी। कैंट बोर्ड सीईओ द्वारा गोराबाजार थाना पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में उल्लेखित है कि 25 सितंबर को यांत्रिकी विभाग और राजस्व विभाग की टीम नगर निगम के अन्यक्रांति दल के साथ अवैध अतिक्रमण हटाने व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कर रही थी। जैसे ही टीम गोराबाजार क्षेत्र में माबूद खान और उनके दो बेटे सोहेल खान व तनवीर खान द्वारा किए गए अतिक्रमण के पास पहुँची, आरोपियों ने कार्रवाई का विरोध करना शुरू कर दिया। आरोपियों ने सरकारी अमले को रोकने की कोशिश की और कैंट बोर्ड कर्मियों के साथ गाली-गलौच एवं धक्का-मुक्की करने लगे। शिकायत के अनुसार, टीम को भयभीत करने के उद्देश्य से रॉड और चीप से हमला करने का भी प्रयास किया गया। स्थिति बिगड़ने पर गोराबाजार थाना पुलिस बल ने मौके पर हस्तक्षेप किया, लेकिन इस दौरान माबूद खान और उनके दोनों बेटों ने पुलिसकर्मियों से भी धक्का-मुक्की और झूमाझटकी की। इस हमले में कैंट बोर्ड के राजस्व निरीक्षक आशीष वर्मा, सब-इंजीनियर पलाश श्रीवास्तव और अन्यक्रांति दल प्रभारी नितेश पटेरिया को निशाना बनाया गया। गोराबाजार थाना पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों माबूद खान, सोहेल खान और तनवीर खान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 296, 221, 132 और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## शहर में त्योहारों का उत्साह फीका जल संकट से बढ़ी परेशानी

**जबलपुर।** शहर में एक ओर त्योहारों को लेकर उल्लास और उत्साह का माहौल है, वहीं दूसरी ओर नल में जल न आने से बड़ी संख्या में नागरिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। संस्कारधानी भक्तिभाव में डूबी हुई है, लेकिन जल संकट ने त्योहारों की खुशियों पर ग्रहण लगा दिया है।

गत दिवस बाजनामठ के पास रमनगरा पाइप लाइन में आई बड़ी खराबी के चलते शनिवार को आधा दर्जन से अधिक टंकियों में पानी नहीं भरा जा सका। जल विभाग के अधिकारियों को उम्मीद थी कि शनिवार शाम तक मरम्मत कार्य पूरा हो जाएगा और रात तक टंकियां भरने लगेंगी। लेकिन बारिश ने काम में बाधा डाल दी और पूरा सुधार कार्य अधूरा रह गया। स्थिति यह रही कि शनिवार को भी टंकियां खाली रहीं और नागरिकों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। कई इलाकों में लोगों ने पानी के टैंकर बुलाए तो कहीं-कहीं लोगों को निजी स्तर पर पानी की व्यवस्था करनी पड़ी। त्योहार की तैयारियों के बीच पानी की कमी ने घर-घर में चिंता बढ़ा दी है। जल विभाग के अधिकारियों के अनुसार, अब रविवार को पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य किया जाएगा।

## मध्यप्रदेश में गरीबी और बेरोजगारी सबसे बड़ी चुनौती, आईपीएपी करेगी राज्यव्यापी आंदोलन



**हरिभूमि, जबलपुर।** इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी (आईपीएपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी ने कहा है कि मध्यप्रदेश में गरीबी, बेरोजगारी और किसानों की समस्याएं गंभीर रूप ले चुकी हैं। उन्होंने राज्य सरकार की नीतियों को विफल बताते हुए आरोप लगाया कि किसानों को मुआवजा, खाद, बीमा और सिंचाई की सुविधाएं नहीं मिल रही हैं, जिससे आत्महत्या की घटनाएं बढ़ रही हैं। पार्टी ने खाद की किल्लत, बेरोजगारी, युवा पलायन और सरकारी योजनाओं के खराब क्रियान्वयन पर चिंता जताई है। आईपीएपी ने न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करने, ऋण माफी, रोजगार सृजन और सिंचाई परियोजनाओं को प्राथमिकता देने की मांग की है। पार्टी जल्द ही राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेगी, जिसमें धरना, प्रदर्शन और ज्ञापन शामिल होंगे। आईपीएपी ने सभी नागरिकों, किसान संगठनों और विपक्षी दलों से समर्थन की अपील की है।

## शक्ति युवा दुर्गोत्सव समिति द्वारा गरिमामय गरबा महोत्सव सम्पन्न

**जबलपुर।** पुष्पांजलि मैदान में शक्ति युवा दुर्गोत्सव समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय गरबा महोत्सव भक्तिमय और हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समिति पिछले 35 वर्षों से माँ दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजनों की समृद्ध परंपरा निभा रही है। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे युवाओं और श्रद्धालुओं ने माँ दुर्गा के जयकारों के बीच गरबा कर माहौल को उमंग और भक्ति से भर दिया। मनमोहक नृत्य, मधुर संगीत और आकर्षक वेशभूषा इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रही। समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रस्तुतियों को सम्मानित कर प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। सप्तमी पर भव्य देवी जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ख्यातिप्राप्त कलाकार माँ दुर्गा के भजनों की संगीतमय प्रस्तुतियाँ देंगे। हर वर्ष की भांति इस बार भी भव्य महाआरती का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर माँ दुर्गा से अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना करेंगे।



## अशोक हॉल स्कूल में दशहरा पर्व का आयोजन

**हरिभूमि, जबलपुर।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी अशोक हॉल स्कूल में दशहरा पर बड़े जोर शोर और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्राथमिक शाला के नन्हे-नन्हे बच्चों द्वारा रामायण के पात्रों की वेशभूषा में आकर रामलीला की सुंदर प्रस्तुति दी गई। प्राथमिक शाला के छात्रों द्वारा श्री राम के वनवास से लेकर लक्ष्मण रेखा, सीताहरण, संजीवनी बूटी और राम द्वारा रावण वध के प्रसंग को पूरी जीवंतता के साथ प्रस्तुत किया गया। राम रावण युद्ध के बाद रावण के पुतले का दहन किया गया । इसमें सभी छात्रों ने अपने अंदर निहित रावण की बुराइयों को नष्ट करने का जीवन कौशल प्रदान किया गया। शाला की संस्थापिका श्रीमती अर्पिता मालपाणी ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं। उपरोक्त कार्यक्रम शाला के सी.ई.ओ. प्रदीप गंगाधरन, प्राचार्या श्रीमती आशिमा जॉन एवं प्रधान अध्यापिका श्रीमती आस्था कथूरिया के मार्गदर्शन में एवं समस्त शिक्षक गणों के सहयोग से संपन्न हुआ।



## एपीएन महाविद्यालय में नारी सशक्तिकरण पर व्याख्यान



**हरिभूमि, जबलपुर।** 1 एम पी बटालियन के कमांडिंग अधिकारी कर्नल समीर बोडस के निर्देशानुसार 1 एम पी बटालियन की एनसीसी सब यूनिट ए.पी.एन. महाविद्यालय में ''नई रोशनी स्कीम'' नारी सशक्तिकरण पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डा रेनू गर्ग (विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग) के द्वारा व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी पेटरोन, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सोनल खरे, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ दिव्या पाराशर समस्त एनसीसी कैडेटस, एवं समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। डॉ रेनू ने नई रोशनी स्कीम पर विस्तृत व्याख्यान देते हुये कहा कि एनसीसी एक विशिष्ट प्लेटफार्म है और एनसीसी कैडेटस भारत का भविष्य है जो देश को विकसित भारत की ओर अग्रसित करेगें। कार्यक्रम मे संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने कार्यक्रम को सराहा और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम नारी सशक्तिकरण के लिये मिसाल कायम करेगें।

## आधुनिक कार्डियोलॉजी तकनीकों से मिली मरीजों को नई ज़िंदगी



**हरिभूमि, जबलपुर।** हृदय रोग अब युवाओं को भी तेजी से प्रभावित कर रहा है। हाल ही में जबलपुर में दो मरीजों को आधुनिक तकनीकों जैसे बायोरिजॉर्बेबल स्कैफोल्ड, ड्रग-कोटेड बैलून, इंट्रावैस्कुलर लिथोट्रिप्सी (IVL) और IVUS की मदद से जीवनदान मिला। एक युवा मरीज को एक्यूट हार्ट अटैक और हार्ट ब्लॉक के बाद मेटल-लेस पीसीआई से सफल इलाज मिला, वहीं दूसरे डायबिटिक मरीज के पुराने स्टेंट में ब्लॉकेज को तोड़कर नई तकनीकों से रास्ता खोला गया। विशेषज्ञों ने बताया कि समय पर इलाज और उन्नत उपकरणों से दिल की बीमारियों में बेहतर परिणाम मिल रहे हैं। संदेश साफ है – सीने में दर्द को हल्के में न लें और समय पर जांच कराएं।

जबलपुर
रविवार, 28 सितंबर 2025
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-06
वर्ष : 20, अंक : 152
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 29
न्यून. 23



**खंडेरा के छौले वाली माता मंदिर में हादसा टला**

## मेले में झूला अचानक झुका सबकी जान पर ही बन आई

**यह पैरों से चलने वाला झूला, उसका टूट गया था कुंदा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायसेन

जिले के प्रसिद्ध छौले वाली मैय्या खंडेरा मंदिर में लगे मेले में एक बड़ा झूला अचानक एक तरफ झुक गया। इस घटना से झूले में बैठे बच्चों सहित लोगों में चीख-पुकार मच गई। गनीमत यह रही कि किसी को कोई चोट नहीं आई। सभी सुरक्षित रहे।

### झूले पर चढ़कर बचाया

मौके पर मौजूद पुलिस बल और स्थानीय लोगों ने तुरंत झूले पर चढ़कर सभी लोगों को सुरक्षित नीचे उतारा। इस त्वरित बचाव अभियान से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। देवनगर थाना प्रभारी हरिओम अस्ताया ने 'हरिभूमि' को बताया कि पैरों से चलने वाला झूला था, जो एक कुंदा टूटने के कारण एक तरफ तिरछा हो गया था। उन्होंने पुष्टि की कि झूले में बैठे सभी लोग सुरक्षित हैं और किसी को खरोंच तक नहीं आई है। हादसे के बाद मेले से झूले को पूरी तरह हटा दिया गया है।

## उज्जैन में फिर लगाया गया 'आई लव मोहम्मद' का बैनर पुलिस ने जब्त किया, बीकानेर-लखनऊ में भी तनातनी

**भोपाल, मंदसौर, सीहोर और छतरपुर में भी पुलिस ने इस मामले में अपनी सर्तकता बढ़ा दी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल
एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उज्जैन में भी 'आई लव मोहम्मद' लिखा बैनर लगाने का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा। शनिवार को फिर लोहे का पुल क्षेत्र में अज्ञात लोगों ने बैनर टांग दिया। इस घटना का पता चलते ही पुलिस नगर निगम टीम के साथ मौके पर पहुंची और बैनर निकालकर जब्त कर लिया। 3 दिन पहले भी उज्जैन के ईदगाह पर भी ऐसा ही बैनर लगा दिया गया था।

शनिवार को महाकाल टीआई गगन बादल टीम के साथ पहुंचे और नगर निगम टीम को बुलवाकर बैनर निकाल जब्त कर लिया। यह देख मुस्लिम समाज नाराज नजर आया, लेकिन पुलिस फोर्स देख शांत रहा। इधर, भोपाल, मंदसौर, सीहोर और छतरपुर में भी पुलिस ने इस मामले में अपनी सर्तकता बढ़ा दी है।

**असदुद्दीन ओवैसी बोले- आई लव मोहम्मद कहना कोई अपराध नहीं**

**उत्तराखंड और कर्नाटक तक में इस मामले को लेकर विवाद**




**गिरिराज सिंह का आरोप**

### कांग्रेस देश में गृह युद्ध कराना चाहती है

उत्तर प्रदेश में आई लव मोहम्मद विवाद को लेकर गिरिराज सिंह ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश में गृह युद्ध कराना चाहती है। नेपाल और बांग्लादेश में जब विवाद हुआ था, तब आरजेडी ने भी यही विषय उठाया था। नेपाल और लेह की घटनाओं के लिए राहुल गांधी की भड़काऊ राजनीति जिम्मेदार है।

**उप्र में मामले ने तूल पकड़ा**

### लखनऊ की सड़कों पर लगे 'आई लव योगी आदित्यनाथ' और 'आई लव बुलडोजर' के होर्डिंग्स

उत्तर प्रदेश में इन दिनों 'आई लव मोहम्मद' मामला तूल पकड़ रहा है। कई शहरों से इसको लेकर प्रदर्शन की खबरें सामने आई हैं। इसी बीच भाजपा युवा मोर्चा के नेता अमित त्रिपाठी द्वारा राजधानी लखनऊ में कई जगह आई लव योगी आदित्यनाथ और आई लव बुलडोजर के होर्डिंग्स लगाए गए हैं। दरअसल, विवाद की शुरुआत 9 सितंबर को हुई थी, जब कानपुर में बारावफात जुलूस के दौरान सार्वजनिक मार्ग पर आई लव मोहम्मद लिखे बोर्ड लगाए गए। इस पर पुलिस ने नौ नामजद और 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। मामले ने तूल पकड़ते हुए एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी तक का ध्यान खींचा, जिन्होंने कहा था कि आई लव मोहम्मद कहना कोई अपराध नहीं है। धीरे-धीरे यह विवाद उत्तर प्रदेश के कई जिलों से निकलकर उत्तराखंड और कर्नाटक तक फैल गया, जहां विरोध-प्रदर्शन और पुलिस की सख्ती देखने को मिली।

**बीकानेर में भी तनाव की स्थिति**

*बीकानेर बीकानेर में 'लव मोहम्मद-लव सनातन' के बैनर लगाए जाने से तनाव की स्थिति बन गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने दोनों ओर से लगाए गए बैनर हटवाए और लोगों को समझा-बुझा कर स्थिति को शांत कराया। बीकानेर शहर के जोशीवाड़ा और दाऊजी मंदिर क्षेत्र में देर रात दो समुदायों के बीच बैनरों को लेकर तनाव की स्थिति बन गई। हालात को काबू में रखने के लिए मौके पर आरएसी के जवानों की तैनाती कर दी गई। सीओ सिटी श्रवणदास संत ने कहा कि किसी भी कीमत पर शहर का माहौल खराब नहीं होने दिया जाएगा।*

**अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध गिरोह का पर्दाफाश**

## 804 करोड़ रुपए की ठगी हुई उजागर, 10 गिरफ्तार

**पुलिस ने पीड़ितों को 5.51 करोड़ रु. लौटाए**



एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

गुजरात पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध गिरोह का पर्दाफाश किया, जिसने 804 करोड़ रु. की ठगी की। सूरत से 10 आरोपी गिरफ्तार किए गए। गिरोह ने बैंक खाते और सिम कार्ड का दुरुपयोग कर देशभर में ठगी की।

पुलिस ने पीड़ितों को 5.51 करोड़ रु. लौटाए। राज्य के गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी ने शनिवार को यह जानकारी दी। गिरोह ने दुबई, वियतनाम और कंबोडिया से ऑपरेशन किया और पूरे भारत में नागरिकों को निशाना बनाया। गिरोह आम नागरिकों के बैंक खाते और सिम कार्ड 1.5-2 प्रतिशत कमीशन के लालच में हासिल करता था और उनका दुरुपयोग कर साइबर ठगी करता था। गिरोह ने पूरे देश में 1,549 अपराध किए। गुजरात में 141 डिजिटल अपराधों के जरिए गिरोह ने 17.75 करोड़ कमाए।

### मन्नत के लिए जीभ काटकर माता को चढ़ा दी



**सीधी।** यहां एक महिला ने मन्नत पूरी होने पर मां दुर्गा को अपनी जीभ काटकर अर्पित कर दी। महिला लगभग 13 घंटे तक खून से लथपथ वहीं पड़ी रही। पता चलता ही मौके पर भीड़ लगने लगी और भजन-कीर्तन शुरू हो गए। घटना रामगढ़ पंचायत की कोलान बस्ती में शुक्रवार की है। कल्लू बाई का पोता अनंत कोल (16) को एक साल पहले तेज बुखार आया था।

### शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस


**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी आनंद कुमार गोयल की अदालत ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को हाजिर होने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए 12 नवंबर की तिथि नियत की गई है। मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी के आरोप से संबंधित है। परिवादी जबलपुर निवासी के सेवानिवृत्त कर्मचारी नेता रामप्रकाश अवस्थी की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री मोदी को गो हत्यारा निरूपित किया था।



**तीन साल पहले की थी लव मैरिज**

## डेढ़ साल के मासूम को सड़क पर छोड़कर बांध में कूदे दंपती की मौत

एसडीईआरएफ की टीम ने 2 घंटे की मशक्कत के बाद निकाले शव





हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

पारिवारिक कलह का अंत कितना भयानक होता है इसका अंदाजा एक दंपती के द्वारा उठाए गए कदम से आसानी से लगाया जा सकता है।

दंपती ने अपने डेढ़ वर्षीय दुधमुंहे पुत्र को सड़क पर छोड़कर बांध में छलांग लगा दी, जिससे दोनों की डूबने से मौत हो गई। घटना मुलताई ब्लाक के बूकाखेड़ी बांध की है। घटना के बाद परिवार में मातम पसर गया है। परिजनों ने बताया कि शादी के बाद घरेलू कलह के चलते दोनों में विवाद होने लगा था। जानकारी के अनुसार शुभम करदाते उम्र लगभग 25 वर्ष तथा रोशनी उम्र 23 वर्ष का आपसी विवाद होने पर शुक्रवार रात को भी दोनों में झगड़ा हुआ।




Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Low EMI offers are applicable for select HMSI models as follows: ₹49/- per day for Shine100 DX; ₹79/- per day for Shine125, SP125 & CB125 Hornet; ₹1999/- per month for Activa. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st October 2025. **Instant Cashback up to ₹5000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000. **An instant cashback of flat ₹2000 is applicable on a minimum full swipe transaction of ₹40000, and flat ₹3000 instant cashback on a minimum full swipe transaction of ₹75001. **Instant Cashback up to ₹4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards. **The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. **The HDFC Bank Instant Cashback offer is valid until 31st October 2025, while the IDFC Bank instant cashback offer is valid until 30th September 2025. ^GST benefit is based on a reduction from 28% to 18% GST on the Ex-showroom price of NX 200. ^The actual savings may vary depending on the selected model and state. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: JABALPUR:** Sahil Honda - 7771003865; Frontier Honda - 8226001881; Sahil Honda (Madan Mahal) - 7771003899; Sai Honda (Gadasarai) - 9926360842; SKR Honda (Sihora) - 9977448009; Sonico Honda (Dindori) - 9424508485; MP Sahu Honda (Shahpura Dindori) - 9753156094; Balaji Honda (Barela) - 8602391415; J P Honda (Bargi) - 9399374447; Sai Honda (Dhanpuri) - 8319138424; Shri Honda (Gosalpur) - 9732235782; **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446; Manish Honda (Sausar) - 9244569009; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; **CHHATARPUR:** Namostu Honda - 9407184511; Krishna Honda - 8819966966; Namostu Honda (Badamalera) - 8839039161; KGN Automobiles (Luv Kush Nagar) - 7582807444; Sanvi Honda (Maharajpur) - 9907605858; **MANDLA:** Rajul Honda - 7642260711; **NARSINGHPUR:** Amisha Honda - 9425815655; Amisha Honda (Gadarwara) - 9425815655; Sudeep Honda (Kareli) - 8989252525; Amisha Honda (Rajmarg) - 9425815655; Amisha Honda (Kareli) - 9425815655; **SHAHDOL:** Utsav Honda - 8349283655; G L Honda (Umariya) - 9329523156; Virasini Honda (Anuppur) - 8770423634; Jay Ambe Honda (Kotma) - 9300416285; Keshav Honda (Beohari) - 9425887009; Gautam Honda (Burhar) - 9425182213; Hindustan Honda (Pali) - 9302180568; **KATNI:** Shri Sahil Honda - 9425156978; Jaishree Honda (Barhi) - 9009705200; Shri Shambhu Automobiles (Vijayraghavgarh) - 7987061672; JCM Aman Motors (Bilahri) - 7566056605; SK Motors (Bahoriband) - 7974267080; Murli Motors (Sleemnabad) - 7999077781; Quadri Honda (Umaria Pan) - 9074210324; **SATNA:** Krishna Honda - 9109078717; Eagle Honda - 7583808564; Krishna Honda (Chitrakoot) - 9907004730; Krishna Honda (Nagod) - 9179700769; Eagle Honda (Kotar) - 7583808564; Deepak Honda (Ramnagar) - 9098804444; Maa Durga Honda (Rampur Baghelan) - 9425887633; Abhishek Honda (Amarpatan) - 9993676313; **SIDHI:** Laxmipati Honda - 9826540577; Laxmipati Honda (Rampur Naikan) - 8349790577; Laxmipati Honda (Madwas) - 7049822719; Shubham Honda (Bahari) - 7415825564; **REWA:** Rewa Maa Honda - 7400980721; Baikunthpur Honda (Baikunthpur) - 9340729825; N.K. Honda (Hanumana) - 8871924845, N.K. Honda (Khatkhari) - 8305168016, N.K. Honda (Gurh Road) - 7694018005, N.K. Honda (Mauganj) - 7694018005; Rewa Maa Honda (university Road) -7400980721; Rewa Maa Honda (Lalgaon) - 8982388380; Dev Wheels Honda (Mauganj) - 9685226689; M.R. Honda (Mangawan) - 9977095984; Prince Honda (Semariya) - 993885882; Pushpendra Honda (Garh) - 9419566621; **PANNA:** Selection Honda (Panna) - 6260262091; Selection Honda (Amanganj) - 9131955892; Selection Honda (Pawai) - 6260262091; **WAIDHAN:** Agrasen Honda - 7049925591; Agrasen Honda (Mada) - 6261605785; Agrasen Honda (Dudmania) - 9425161696; **BHOPAL:** Surana Honda (Koh-E-Fiza) - 9713066121; Sai Samarth Honda - 9109103832; BGS Honda - 7440654321; Om Auto Honda - 9826331339; Power Honda - 9202244444; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504; BGS Honda (Karondh) - 8319133403; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834; Power Honda (Gulmohar) - 07554256062; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 990740405; **TIKAMGARH:** Arjav Honda - 9806223193; Dhanushdhari Honda (Khargapur) - 9826264954; Ram Ji Honda (Palera) - 9560855084; Jainam Honda (Prithvipur) - 9713029419; Shanti Traders (Jatara) - 8871205164; **MORENA:** The Roshan Honda - 7532466097; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

बरेली बवाल में उभर रहे सुलगते सवाल

# मौलाना तौकीर समेत 8 गए जेल, 10 मुकदमे दर्ज और इंटरनेट बंद

## पुलिस ने 39 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की

एजेंसी ▶▶ बरेली

यहां बवाल के बाद पुलिस ने शनिवार को मौलाना तौकीर रजा खां समेत 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आठों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि जुमे की नमाज के बाद अलग-अलग जगहों पर हिंसक प्रदर्शन किया। इसमें अब तक कुल 10 एफआईआर दर्ज की गई हैं। कोतवाली में पांच, बारादरी में दो, थाना किला, प्रेमनगर और कैंट में एक-एक एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस 39 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।



### 48 घंटे के लिए इंटरनेट बंद

जिले में 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवा बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं। बीएसएनएल क्षेत्रीय कार्यालय के जीएम पंकज पोरवाल ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शनिवार को सोशल मीडिया पर जो पत्र वायरल हुआ है, वह सही है।

### बारातघर संचालक और उसका बेटे भी फंसा

फाइक एनक्लेव निवासी बारातघर संचालक फरहत और उसके बेटे को बारादरी पुलिस ने जांच के आधार पर मुकदमे में शामिल किया है। शुक्रवार रात से इन्हीं लोगों ने मौलाना को अपने घर में शरण दे रखी थी।

### मौलाना ने रात में जारी किया था वीडियो

बवाल के बाद मौलाना तौकीर रजा खां ने शुक्रवार रात 10:20 बजे वीडियो जारी कर कहा है कि अतीक और अशरफ की तरह मुझे गोली मार दो, मोहम्मद के नाम पर मरना कबूल है। उन्होंने कहा कि वे अब तक नजरबंद हैं। उन्होंने मुबारकबाद पेश करते हुए घटना को साजिश करार दिया। मौलाना ने कहा कि मैं आशिकाने रसूल को मुबारकबाद पेश करता हूं। ऐसे खतरनाक समय में इश्क-ए रसूल के नाम पर आप लोग आए। हमने अमन का रास्ता इख्तियार किया था।

### जितना दबाएंगे, उतना ही उभरेगा यह

मौलाना ने कहा कि मैं वहां जाता, नमाज पढ़ता और ज्ञापन देकर लोगों को घर भेज देता, पर हमेशा की तरह मुझे हाउस अरेस्ट कर लिया। उनके पीछे झूठे लेटरपैड पर उनके नाम से बयान जारी कर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की गई। यह मामला जितना दबाया जाएगा, उतना ही उभरेगा।

### 22 पुलिसकर्मी हुए घायल सुनियोजित साजिश की

डीआईजी अजय कुमार साहनी के अनुसार घटना में 22 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। जिस तरह से भीड़ बैनर लेकर निकली और पथराव किया उससे सुनियोजित साजिश का संकेत मिलता है। घटना के वीडियो और तस्वीरों के आधार पर इसमें शामिल सभी लोगों की पहचान की जाएगी और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### रजा मुख्य साजिशकर्ता 2,000 मैसेज दे भड़काया

एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि अलग-अलग जगहों पर हिंसक प्रदर्शन हुआ। पुलिस पर पथराव करने वाले आरोपियों को चिह्नित किया जा रहा है। 2 हजार आरोपी बताए जा रहे हैं। बरेली में बवालके पीछे सोची-समझी साजिश थी। 7दिन पहले से माहौल बिगाड़ने की साजिश रची जा रही थी। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में हथियार, खाली कारतूस, पेट्रोल से भरी बोतलें बरामद की हैं।

### मौलाना भूल गया था यूपी में किसका शासन है?

### जो भाषा समझते थे हमने उसी में समझाया



राजधानी लखनऊ स्थित होटल ताज में शनिवार को 'विकसित उत्तर प्रदेश विजन 2047' के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने अशांति फैलाने वालों को सख्त लहजे में चेतावनी दी। सीएम ने कहा कि बरेली में वह मौलाना भूल गया कि शासन किसका है? वे जिस भाषा में समझना चाहते थे, उस भाषा में उन्हें समझाया गया।

## खबर संक्षेप

### कॉमेडियन कपिल को धमकी देने वाला अरेस्ट



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता और कॉमेडियन कपिल शर्मा को धमकी देने के मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने पश्चिम बंगाल से एक शख्स को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शख्स का नाम दिलीप चौधरी है। आरोपी ने कपिल के पीए को फोन कर 1 करोड़ की मांग की थी और रकम न देने पर जान से मारने की धमकी दी थी।अदालत ने उसे 30 सितंबर तक पुलिस हिरासत में भेजा है।

### लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर 4 की मौत



**उन्नाव।** जिले में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर एक दर्दनाक हादसा हुआ है। शादीपुर गांव के पास, जहां गंगा एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए इंटरचेंज बन रहा है। वहां कार की टक्कर से 4 श्रमिकों की मौत हो गई। घटना के बाद मृतकों के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और हंगामा कर रहे हैं। यहां तनाव की स्थिति है। श्रमिक बांगरमऊ थाना क्षेत्र के थे।

### मेरठ में भाजपा नेता भड़ाना को उड़ाया



**मेरठ।** यहां के किठौर थानाक्षेत्र में गांव भदोली में भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री और बीडीसी सदस्य प्रमोद कुमार भड़ाना की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया गया कि वारदात को अंजाम गांव के ही रॉबिन गुर्जर ने दिया। प्रमोद सुबह खेत में चारा लेने गए थे, तभी उन पर जानलेवा हमला हुआ। ग्राम प्रधान सतीश उन्हें डॉक्टर के पास ले जा रहे थे, तभी फायरिंग हुई।

### बीएमडब्ल्यू हादसे की आरोपी को जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली के धौला कुआं के पास हुए बीएमडब्ल्यू हादसे की आरोपी गगनप्रीत कौर को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने गगनप्रीत को जमानत दे दी है। 14 सितंबर को हुए इस हादसे में वित्त मंत्रालय के एक अधिकारी नवजोत सिंह की दर्दनाक मौत हो गई थी। उनकी पत्नी संदीप गंभीर रूप से घायल हो गई थीं।उन्हे19 किलोमीटर दूर एक छोटे से अस्पताल ले गए थे।

### राजस्थान के पूर्व मंत्री नंदलाल का निधन



**उदयपुर।** राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता नंदलाल मीणा का निधन हो गया। उन्होंने 1977 में जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में उदयपुर ग्रामीण (अजजा) विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीतकर सक्रिय राजनीति में प्रवेश किया था। मीणा 7 बार विधायक और एक बार सांसद रहे। 3बार उन्होंने राजस्थान सरकार में मंत्री पद की जिम्मेदारी भी निभाई।

## ओडिशा में बीएसएनएल टावरों के उद्घाटन पर बोले प्रधानमंत्री

पीएम मोदी की देश को सौगात

# देश में आज से स्वदेशी 4जी नेटवर्क शुरू भारत ग्लोबल टेलीकॉम का हब बनेगा

इस के विस्तार से देश भर में 2 करोड़ से ज्यादा लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। कंपनियों ने देश को दुनिया के उन5 देशों की सूची में ला दिया है, जिनके पास 4जी सर्विसेज हैं।

**भारत की कंपनियों ने देश को दुनिया के 5 देशों की सूची में खड़ा किया**



एजेंसी ▶▶ झारसुगुड़ा

पीएम ्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा से भारत के पूरी तरह स्वदेशी 4जी स्टैक और 97,500 से अधिक बीएसएनएल टावरों के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि ये टावर देश के दूर-दराज के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी की नई क्रांति लाने जा रहे हैं। 4जी तकनीक के विस्तार से देश भर में 2 करोड़ से ज्यादा लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। भारत की कंपनियों ने देश को दुनिया के उन5 देशों की सूची में ला दिया है, जिनके पास 4जी सर्विसेज शुरू करने की पूरी तरह स्वदेशी टेक्नोलॉजी उपलब्ध है। बीएसएनएल अपनी स्थापना का 25वां वर्ष मना रहा है। बीएसएनएल और उसके सहयोगियों की मेहनत से आज भारत ग्लोबल टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### 97 हजार से अधिक टॉवर्स का उद्घाटन

प्रधानमंत्री ने 97,500 से अधिक 4जी मोबाइल टॉवर का उद्घाटन किया। 14,180 मोबाइल 4जी टॉवर को डिजिटल भारत निधि के जरिए वित्त पोषित किया गया है। दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी नेटवर्क के शुरू होने से और इसके 97 हजार से भी अधिक टॉवर लगने से टॉवर सुदूर, सीमावर्ती और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के 26,700 असंबद्ध गांवों को लाभ मिलेगा।




### देश ने आत्मनिर्भरता की ओर बड़ा कदम बढ़ाया

उन्होंने इस टेक्नोलॉजी की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि आज देश ने आत्मनिर्भरता की ओर बहुत बड़ा कदम उठाया है। जब टेलीकॉम की दुनिया में 2जी, 3जी और 4जी जैसी सेवाएं शुरू हुई तो उनमें भारत बहुत पीछे रह गया था। 2जी, 3जी और 4जी जैसी सर्विसेज की टेक्नोलॉजी के लिए भारत विदेशों पर निर्भर रहा। देश ने संकल्प लिया कि टेलीकॉम सेक्टर की यह जरूरी टेक्नोलॉजी देश में ही विकसित हो। उन्होंने कहा, यह गौरव की बात है।

### आसानी से 5जी सर्विसेज के टॉवर भी तैयार हो जाएंगे

पीएम मोदी ने आगाह किया कि कहा कि भारत पहले ही सबसे तेज 5जी सर्विसेज को रोलआउट कर चुका है। बीएसएनएल के टावर भी बहुत आसानी से 5जी सर्विसेज के लिए भी तैयार हो जाएंगे।

### हर चीज में आत्मनिर्भर बने

पीएम मोदी ने कहा कि हमारा संकल्प है कि भारत चिप से लेकर जहाजों तक, हर चीज में आत्मनिर्भर बने। देश का हर नागरिक चाहता है कि हमारा देश अब किसी पर निर्भर न रहे, इसलिए पारादीप से झारसुगुड़ा तक एक विशाल औद्योगिक क्षेत्र बनाया जा रहा है। हमने देश में जहाज निर्माण के लिए 70 हजार करोड़ रुपये के पैकेज को मंजूरी दी है, इससे भारत में 4.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश आएगा।

### 4जी से हो सकेगी 5जी में तब्दील: ज्योतिरादित्य



दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस प्रणाली पर जानकारी मीडिया को दी थी उसके अनुसार भारत विनिर्मित प्रणाली क्लाउड-आधारित, भविष्य के लिए तैयार है और इसे आसानी से 5जी में तब्दील किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसमें तेजस नेटवर्क की तरफ से विकसित रेडियो एक्सेस नेटवर्क यह सी-डीओटी द्वारा तैयार एक कोर नेटवर्क है और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने इसे एकीकृत किया है।

### हमने देश को कांग्रेस के लूटतंत्र से बाहर निकाला, अब दोगुनी बचत-कमाई का दौर

जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि डेढ़ साल पहले, विधानसभा चुनाव के दौरान, आप ओडिशावासियों ने एक नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया था। ये संकल्प था- 'विकसित ओडिशा'। आज हम देख रहे हैं कि ओडिशा डबल इंजन की रफ्तार से आगे बढ़ चला है। आज एक बार फिर, ओडिशा के विकास, देश के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं पर काम शुरू हुआ है।

### भाजपा गरीबों की सेवा और उन्हें सशक्त बनाने वाली सरकार

पीएम ने कहा कि आज शुरू की गई ब्रह्मपुर-उधना अमृत भारत ट्रेन से गुजरात के उड़िया लोगों को लाभ होगा। भाजपा सरकार गरीबों की सेवा और उन्हें सशक्त बनाने वाली सरकार है। हम गरीबों, दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर देते हैं।सरकार ने अब तक 4 करोड़ गरीब को पक्के घर उपलब्ध कराए हैं।

## शाह ने 5,000 लोगों से किया संवाद

# राहुल को केवल घुसपैठियों की चिंता, 'सर' में खलल

बिहार दौरे के दूसरे दिन कांग्रेस पर भड़के



एजेंसी ▶▶ पटना

गृहमंत्री अमित शाह 2 दिनी दौरे पर बिहार में हैं। पहले वे समस्तीपुर पहुंचे। यहां सरायरंजन स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, दरभंगा, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर जिले के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इसके बाद अररिया में फारबिसगंज के हवाई फील्ड मैदान में भाजपा के शक्ति प्रदर्शन में शामिल हुए। यहां पर पहले पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, अररिया, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, भागलपुर, बांका भाजपा कोर कमेटी के नेताओं और लगभग 5,000 पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया और कहा कि दो तिहाई बहुमत के साथ नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनाना ही हमारा लक्ष्य है।

### राहुल चाह रहे घुसपैठियों को मिले मताधिकार

शाह ने लालू प्रसाद यादव और कांग्रेस दोनों पर ही निशाना साधा है। बिहार में घुसपैठियों के मुद्दे को शाह ने उठाया है। शाह ने कहा कि लालू एंड कंपनी ने बिहार को लूटा, ढेर सारे घोटाले किए,और कांग्रेस ने भी देश को लूटा है। राहुल चाहते हैं कि घुसपैठियों को मताधिकार मिले।

### हम घुसपैठियों को निकालने का काम करेंगे

हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए ये चुनाव पूरे बिहार से घुसपैठियों को बाहर निकालने का है। एनडीए को दो-तिहाई बहुमत से जिताइए, मैं आपसे वादा करता हूं कि बिहार की पवित्र धरती से इन घुसपैठियों को बाहर निकालने का काम भाजपा करेगी। जंगलराज को वापस न आने देने का है।

### बिहार में इस बार 4 दिवाली, लक्ष्य सेट

शाह ने अररिया में कहा कि बिहार वालों को इस बार 4दीपावली मनाना है। शाह ने 2025 के विधानसभा चुनाव के लिए 160 प्लस का टारगेट सेट कर दिया। शाह ने बताया कि 4-4दीपावली कैसे मनाएंगे। एक दीपवाली तो उस दिन के लिए मनाएंगे जब प्रभु श्रीराम वनवास काटकर अयोध्या लौटे। दूसरी दीपावली मनाएंगे क्योंकि मोदी जी ने राज्य की 75 लाख महिलाओं को रोजगार के लिए 10-10 हजार की सौगात दी। तीसरी दीपावली जीएसटी दरों में सुधार के लिए मनाएंगे जिससे मोदी जी ने 395 से ज्यादा वस्तुओं के दाम कम कर दिए। और चौथी दीपावली उस दिन मनाएंगे जब बिहार में 160 से ज्यादा सीटों के साथ एनडी-भाजपा की सरकार बनेगी।

## सांसदों ने की थी मांग

# संसद की स्थायी समितियों का कार्यकाल बढ़ाने की तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्र सरकार संसद की स्थायी समितियों का कार्यकाल बढ़ाकर 2 साल करने पर विचार कर रही है। इन समितियों का कार्यकाल केवल एक साल का होता है। सांसदों ने सरकार से शिकायत की थी कि इतने कम समय में किसी विषय पर ठोस और सार्थक काम करना संभव नहीं है। सरकार इस पर जल्द ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन से चर्चा करने के बाद फैसला ले सकती है।

### सितंबर-अक्टूबर में होती है नई शुरुआत

आमतौर पर स्थायी समितियों का नया कार्यकाल सितंबर के अंत या अक्टूबर की शुरुआत में तय होता है। इन्हें अक्सर 'मिनी संसद' भी कहा जाता है। समितियों का गठन हर साल होता है और इसमें विभिन्न दलों के सांसदों को उनकी ताकत के अनुपात में जगह मिलती है।

## नॉर्थईस्ट फेस्टिवल के आयोजकों का मामला

# लुकआउट नोटिस जारी किया सियासत बर्दाश्त नहीं करेंगे

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी



दिवंगत सिंगर जुबीन गर्ग का 19 सितंबर को सिंगापुर में आकस्मिक निधन हो गया। जुबीन का निधन कथित तौर पर स्कूबा डाइविंग के दौरान हुआ। सिंगर वहां नॉर्थईस्ट फेस्टिवल में हिस्सा लेने गए थे। उनकी मौत के मामले की जांच हो रही है। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा खुद निजी रूप से निगरानी रख रहे हैं। उनका कहना है गर्ग की मौत पर नॉर्थईस्ट फेस्टिवल के आयोजक और मैनेजर के खिलाफ लुकआउट नोटिस दिया गया है।

### न्यायिक पैनल गठित होगा

इसके अलावा असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि सिंगर जुबीन की मौत मामले में पुलिस की जांच में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए न्यायिक पैनल गठित होगा। इसके लिए सरकार ने गौहाटी हाईकोर्ट को पत्र लिखा है। सीएम ने यह भी स्पष्ट किया है कि गायक जुबीन गर्ग की मौत पर राजनीति नहीं होने देंगे।

## हैदराबाद में मूसलाधार बरसात से शहर अस्त- व्यस्त

# 1,000 लोगों को सुरक्षित पहुंचाया | भारी बारिश से मूसी नदी खतरे के निशान से ऊपर, शहर के कई इलाकों में भरा पानी

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

शनिवार को भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। मूसलाधार बारिश के बाद शहर की जीवनरेखा मानी जाने वाली मूसी नदी खतरे के निशान से ऊपर बहने लगी। स्थिति और गंभीर हो गई जब अधिकारियों ने हैदराबाद के जुड़वां जलाशयों-हिमायतसागर और उस्मानसागर-के गेट खोल दिए। इससे नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा और चादरघाट पुल के पास नदी उफान पर आ गई। हैदराबाद समेत तेलंगाना के कई हिस्सों में निचले इलाकों में पानी घुस गया।



अधिकारियों ने 1, 000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया और उन्हें राहत शिविरों में ठहराया। कई घर पानी में डूब गए, वहीं रंगारेड्डी जिले की मीरपेट नगर निगम सीमा के मिथिला नगर कॉलोनी समेत कई कॉलोनियों में घुटनों तक पानी भर गया।

### मुंबई समेत कई इलाकों में बारिश का अलर्ट

मुंबई। महाराष्ट्र में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। अरब सागर के ऊपर बन रहे दबाव की वजह से जाते हुए मानसून में जमकर बारिश हो रही है। भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि मुंबई में 24 घंटे में भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा, कोंकण तट और मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन में तेज हवाओं और बिजली गरजने के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। आम लोगों से बारिश को देखते हुए अलर्ट रहने की अपील की गई है।

## जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की रिपोर्ट में दावा

# देश में घटा बाल विवाह, अब असम में शादियां 84% कम


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में बाल विवाह के मामले लगातार कम हो रहे हैं। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) की ओर से जारी रिपोर्ट 'टिपिंग पॉइंट टू जीरो : एविडेंस टूवाड्‌र्स ए चाइल्ड मैरेज फ्री इंडिया' में दावा किया गया है कि भारत में लड़कियों के बाल विवाह की दर में 69 प्रतिशत की गिरावट आई है जबकि लड़कों में इस दर में 72 प्रतिशत की कमी आई है। लड़कियों की बाल विवाह की दर में सबसे ज्यादा 84 प्रतिशत गिरावट असम में दर्ज की गई है। इसके लिए संगठन ने असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा को चैंपियंस ऑफ चेंज' पुरस्कार से सम्मानित किया।



### असम के मुख्यमंत्री सरमा को चैंपियंस ऑफ चेंज सम्मान

**महाराष्ट्र, बिहार,राजस्थान और कर्नाटक में भी गिरावट दर्ज**



संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर एक अलग कार्यक्रम में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की ओर से जारी रिपोर्ट को इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन के सेंटर फॉर लीगल एक्शन एंज बिहैवियरल चेंज फॉर चिल्ड्रेन (सी-लैब) ने तैयार किया है। रिपोर्ट के अनुसार बाल विवाह की रोकथाम के लिए गिरफ्तारियां व एफआईआर जैसे कानूनी उपाय सबसे प्रभावी साबित हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि बाल विवाह के मामलों में असम के बाद संयुक्त रूप से महाराष्ट्र व बिहार (70 प्रतिशत) और राजस्थान व कर्नाटक में क्रमशः 66 और 55 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

### भारत आज बाल विवाह के खात्मे के कगार पर

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा कि भारत आज बाल विवाह के खात्मे के कगार पर है। यह एक सतत विकास लक्ष्य को हासिल करना है। इसका खात्मा होकर रहेगा। सफलता के सूत्र बिलकुल स्पष्ट हैं - सुरक्षा से पहले रोकथाम, अभियोजन से पहले सुरक्षा और रोकथाम के लिए निवारक उपाय के तौर पर अभियोजन।

### संगठनों, सरकार के अभियान को बताया कारण

पिछले तीन वर्षों के दौरान केंद्र, राज्य सरकारों और नागरिक समाज संगठनों के समन्वित प्रयासों की बदौलत बाल विवाह की दर में यह अप्रत्याशित गिरावट संभव हुई है। सर्वे में हिस्सा लेने वाले 99 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्होंने मुख्यतः गैरसरकारी संगठनों के जागरूकता अभियानों, स्कूलों व पंचायतों के जरिए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बारे में सुना या जाना है। भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को बिहार, असम व महाराष्ट्र में जन-जन तक पहुंचाने में गैरसरकारी संगठनों की सबसे अहम भूमिका रही है।

## प्रधानमंत्री का आभार जताया

# सूरत- बरहामपुर के बीच अमृत भारत चलने से यात्रियों में खुशी

एजेंसी ▶▶ सूरत

गुजरात के उधना (सूरत) और ओडिशा के बरहामपुर के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस की शुरुआत हो चुकी है। ट्रेन यात्रियों ने नई सुविधा से लैस अमृत भारत शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया है। पीएम ने शनिवार को झारसुगुड़ा में वर्चुअली अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर सूरत में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव मौजूद रहे। ट्रेन से दोनों राज्यों के बीच आरामदायक संपर्क बनाने और प्रमुख आर्थिक जिलों को जोड़ने की कोशिश की गई है।



यात्रियों का कहना है कि छुट्टियों में ओडिशा जाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। उन्होंने नई सुविधा से लैस अमृत भारत एक्सप्रेस शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। माधव प्रधान ने कहा कि सूरत से बरहामपुर जाना पहले मुश्किल था, अब अमृत भारत एक्सप्रेस की शुरुआत होने से फायदा होगा।

### रिटायर्ड जस्टिस संजय द्विवेदी ने कहा

# अभियोजन अधिकारियों को अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्व निष्ठा से कार्य करना चाहिए

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश संजय द्विवेदी ने कहा कि अधीनस्थ अदालतों में लंबित आपराधिक प्रकरणों के त्वरित निराकरण में अभियोजन अधिकारियों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि अभियोजन अधिकारियों को अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्व निष्ठा से कार्य करना चाहिए। कानून की बारीकियों और समुचित पुलिस कार्रवाई के जरिए ये अधिकारी आपराधिक प्रकरणों के न्यायाधीशों को निर्णय लेने में सहयोगी साबित होते हैं। जस्टिस द्विवेदी शनिवार को अभियोजन अधिकारियों के सर्वांगीण विकास, कार्यदक्षता में वृद्धि एवं नवीन परिदृश्य के अनुरूप कार्य करने के लिए आयोजित एक दिवसीय संभाग स्तरीय कार्यशाला में बोल रहे थे। कार्यशाला का विषय था ''महिला अपराध एवं महिला सुरक्षा, एनडीपीएस एक्ट तथा नवीन दाण्डिक कानूनो से संबंधित।'' विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) शशि भूषण शर्मा ने एनडीपीएस विषय पर चर्चा की। उन्होंने धारा 42, 50 एवं 52 की गंभीर समस्याओं पर प्रकाश डाला गया। महानिदेशक लोक अभियोजन भोपाल मध्यप्रदेश बी.एल. प्रजापति ने कार्यशाला की अध्यक्षता की। उन्होंने कार्यशाला का उद्देश्य, ज्ञान एवं प्रतिभा संवर्धन, चुनौतियों एवं उनके समाधान



पर प्रकाश डाला। राज्य न्यायिक अकादमी जबलपुर के सीनियर फेकल्टी धर्मेंद्र कुमार टाडा और असिस्टेंट डायरेक्टर राज्य न्यायिक अकादमी नमिता द्विवेदी ने भी विभिन्न कानूनों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यशाला में उपसंचालक अभियोजन विजय कुमार उईके, सहायक निदेशक व प्रभारी जिला अभियोजन अधिकारी स्मृतिलता वरकड़े एवं अतिरिक्त डीपीओ संदीप पांडे के अलावा सभी जिले छिंदवाड़ा, बालाघाट, सिवनी, नरसिंहपुर, कटनी, मण्डला, डिण्डोरी एवं जबलपुर के अभियोजन अधिकारी गण एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे। संचालन मनीषा दुबे सहायक जिला लोक अभियान अधिकारी द्वारा किया गया।

## हिट एण्ड रन केस में पुलिस को पूरक चालान पेश करने के निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एमआर-4 के चर्चित हिट एण्ड रन केस में पुलिस को पूरक चालान पेश करने के निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने पुलिस अधीक्षक और जांच अधिकारी को अगली सुनवाई के दौरान हाजिर होने के निर्देश दिए। अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को नियत की गई। गौरतलब है कि 6 नवम्बर 2024 को मध्य रात्रि में एमआर-4 तिराहे के पास दो पहिया वाहन में जा रहे सौरभ अग्रवाल, पत्नी व तीन वर्षीय पुत्र को स्कार्पियो कार चालक विजयंत गंगेले ने पीछे से टक्कर मार दी थी। तीनों वाहन से गिरे और दंपति ने हाथ दिखाकर रुकने को कहा। इसके बावजूद विजयंत ने उनके ऊपर गाड़ी चढ़ा दी, जिससे सौरभ के पुत्र प्रणीत की मौके पर ही मौत हो गई। सौरभ ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर जांच में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। हाईकोर्ट ने इस मामले में घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज मंगाए थे। हाईकोर्ट के निर्देश पर 26 सितंबर को जांच अधिकारी केस डायरी के साथ हाजिर हुए। आरोप है कि चार्जशीट में कई गड़बड़ियां हैं। शासन की ओर से बताया गया कि अभी जांच जारी है और सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश होना है। कोर्ट ने सप्लीमेंट्री चार्जशीट के साथ पुलिस अधीक्षक जबलपुर तथा जांच अधिकारी को उपस्थित होने के निर्देश दिए। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विशाल डेनियल ने पैरवी की।



## 5 एवं 6 अक्टूबर को नर्मदा महोत्सवः तैयारियां अंतिम चरण में

हरिभूमि जबलपुर।

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में नर्मदा महोत्सव की तैयारियों को लेकर मोटल मार्बल रॉक्स भेड़ाघाट में बैठक आयोजित की। जिसमें भेड़ाघाट नगर परिषद के पदाधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में अतिथि कलाकारों के ठहरने के लिए होटल, सत्कार, वाहन व लाइजनिंग व्यवस्था, महोत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार, स्व सहायता समूह द्वारा हस्तकला निर्मित प्रदर्शनी आदि के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि नर्मदा महोत्सव कार्यक्रम के विभिन्न स्थलों पर कानून व्यवस्था की दृष्टि से मजिस्ट्रेट तैनात रहे। उल्लेखनीय है कि विश्वविख्यात धवल संगमरमरी धुँआधार जलप्रपात भेड़ाघाट की सुरम्य वादियों पर 5 एवं 6 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा पर नर्मदा महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। जिसमें देश के ख्यातिलब्ध कलाकार अपनी प्रस्तुति से संस्कारधानी को गौरवान्वित करेंगे। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि नर्मदा महोत्सव की गरिमा के अनुसार सभी तैयारियां समय से पूर्व सुनिश्चित कर ली जाये।

**कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण**

कलेक्टर श्री सिंह ने नगर परिषद के पदाधिकारी व संबंधित अधिकारियों के साथ भेड़ाघाट में नर्मदा महोत्सव के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिये।

**माँ नर्मदा के प्राकृतिक सौंदर्य पर होगी फोटोग्राफी प्रतियोगिता**

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि नर्मदा महोत्सव के दौरान माँ नर्मदा के प्राकृतिक सौंदर्य पर फोटोग्राफी की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। उन्होंने फोटोग्राफर्स से आग्रह किया कि वे नर्मदा के प्राकृतिक सौंदर्य के 20 x 30 इंच के सिर्फ एक बेहतरीन फोटो नगर परिषद भेड़ाघाट कार्यालय में 3 अक्टूबर तक जमा कर सकते हैं।

**गूंजेंगे लखवीर सिंह लक्खा, मैथिली ठाकुर और अभिलिप्सा पाण्डा के भजन**

शरद पूर्णिमा पर 5 और 6 अक्टूबर को होने वाले नर्मदा महोत्सव में प्रसिद्ध भजन गायक लखवीर सिंह लक्खा, मीताली ठाकुर और अभिलिप्सा पाण्डा के भजन गूंजेंगे। चांदनी रात में धुआंधार जलप्रपात के निकट आयोजित समारोह मध्य प्रदेश संस्कति और पर्यटन मंत्रालय, जबलपुर पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कति परिषद जेएटीसीसी के तत्वावधान में नगर निगम जबलपुर तथा भेड़ाघाट नगर परिषद के सहयोग से हो रहा है।



अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं चाकचौबंद रखने के निर्देश दिये

## इस वर्ष का पंजाबी दशहरा होगा भव्य और दिव्य : महापौर

**जबलपुर।** आगामी 1 अक्टूबर को शाम 0400 बजे से गौरीघाट के समीप आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन के द्वारा पंजाबी दशहरा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने आज महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन के गणमान्यजनों के साथ स्थल पर पहुंचे और नगर निगम के अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं चाकचौबंद रखने के निर्देश दिये। महापौर श्री अन्नू ने निरीक्षण के दौरान यातायात व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई की उत्तम व्यवस्था रखने स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, टैंकर शाखा, लोककर्म विभाग तथा अतिक्रमण शाखा के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी लोग अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यो को गंभीरता के साथ कार्यक्रम के पूर्व पूर्ण कराएं। इस अवसर पर महापौर ने बताया कि इस वर्ष का पंजाबी दशहरा ऐतिहासिक रूप से और अधिक भव्य और दिव्य होगा, जहाँ सैंकड़ों की उपस्थिति में भगवान मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम जी के द्वारा रावण वध किया जायेगा। इसके उपरांत सतरंगी आतिशबाजी से एक ओर जहाँ आकाश गुंजाएमान रहेगा वहीं दूसरी ओर एक से एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की धूम रहेगी जहाँ लोग आनंद उठाकर झूमेगें और खुशियाँ मनाएंगे। निरीक्षण के मौके पर महापौर के साथ नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज रिंकू, एम.आई.सी. सदस्य विवेक राम सोनकर, क्षेत्रीय पार्षद शारदा कुशवाहा, एवं पंजाबी एसोसिएशन के गणमान्यजनों में अध्यक्ष नरेन पाल मलिक, इन्दर विरवानी, नरेश ग्रोवर, उमेश शर्मा, राकेश गुप्ता, यूथ अध्यक्ष अंशुल मलिक, सुधीर मेहता, राजीव ओबेराय, एवं रोहन दीवान आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय वयो योजना अंतर्गत मिली सहायता

# 200 हितग्राहियों को वितरित किये गये सहायक उपकरण

**जबलपुर।** सेवा पखवाड़ा अभियान में राष्ट्रीय वयो योजना अंतर्गत वृद्धजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण करने का कार्यक्रम राज्य सभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विद्यायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, कलेक्टर जबलपुर राघवेंद्र सिंह की उपस्थिति में जिला चिकित्सालय विक्टोरिया में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया और 200 वृद्धजनों को सहायक उपकरण प्रदान किया गया।

भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़ा के दौरान जन कल्याण के लिए विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं जिसमें रक्तदान, फिट इंडिया तहत नमो मैराथन, मातृ शक्ति का स्वास्थ परीक्षण व उपचार, कार्यक्रम आयोजित किये गए है इसी क्रम में आज 200 वृद्धजनों को आज सम्मान के साथ सहायक




उपकरण प्रदान किये गए है। सांसद आशीष दुबे ने कहा कि जबसे प्रधानमंत्री मोदी ने कमान संभाली है तब से आशा की किरण जागी है। उनके जन्म दिन 17 सितम्बर से सेवा पखवाड़ा चल रहा है, जिसमें पीड़ित मानवता की सेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य किया जा रहा है। पूर्व आयुक्त निःशक्तजन संदीप रजक, रजनीश यादव, सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा तथा प्रभारी संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सुश्री सोनम बर्वे सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।




## महाकौशल कॉलेज में किया गया पौधारोपण

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस महाकौशल महाविद्यालय जबलपुर के आउटडोर स्टेडियम में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) व वन विभाग द्वारा शनिवार को 100 पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अल्केश चतुर्वेदी, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के नोडल अधिकारी डॉक्टर अरुण शुक्ल,राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर शिवचंद वल्के ,क्रीड़ा अधिकारी ज्योति जुनगारे व वन विभाग से डिप्टी रेंजर मुकेश चौबे, जेडी पटले डिप्टी रेंजर, आई एम कुरैशी आदि उपस्थित रहे।

### दुर्गोत्सव पर्व शांति व सौहार्द्रपूर्वक मनाने के लिए पुलिस तैयार

# पुलिस कप्तान ने ली अधीनस्थों की बैठक, दिए सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश

हरिभूमि, जबलपुर।

दुर्गोत्सव पर्व के दौरान शहर में निकलने वाले चल समारोह, जुलूस, भण्डारे, रावण दहन और विसर्जन जैसे आयोजनों को देखते हुए शनिवार को कंट्रोल रूम में पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में एएसपी सिटी आयुष गुप्ता, एएसपी जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, एएसपी यातायात अंजना तिवारी और एएसपी क्राइम जितेन्द्र सिंह सहित सभी राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारी उपस्थित रहे। कप्तान उपाध्याय ने कहा कि आने वाले 8-10 दिन कानून-व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। सप्तमी, अष्टमी और नवमी को बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिमाओं के दर्शन हेतु निकलेंगे, इसलिए विशेष सतर्कता बरती जाए। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में मुस्तैद रहें तथा अधिकतम बल को दशहरे की समाप्ति तक ड्यूटी पर लगाया जाए।





#### भीड़ देखकर करें बैरिकेटिंग और डायवर्जन

कप्तान उपाध्याय ने कहा कि पंजाबी दशहरा, मुख्य चल समारोह और उपनगरीय आयोजनों को ध्यान में रखते हुए निर्देश दिए कि यातायात में किसी प्रकार की बाधा न हो। जिन स्थानों पर भीड़ से समस्या की आशंका है, वहां पूर्व से बैरिकेटिंग और डायवर्जन की व्यवस्था की जाए। स्वागत मंच पर भीड़ को नियंत्रित करने और अनावश्यक विलंब न होने देने की जिम्मेदारी अधिकारियों को सौंपी गई।

#### अनावश्यक खड़े होकर न करें प्रचार

कप्तान उपाध्याय ने कहा कि बैंड पार्टियां अपने प्रचार के लिए मंचों के सामने खड़े होकर धुन बजाती रहती हैं, जिससे जुलूस की गति रुक जाती है। ऐसे में मंच के सामने केवल पूजन अवधि तक ही रुकें, अनावश्यक देरी न करें। चल समारोह मार्ग से सटे भवनों की भी सुरक्षा जांच कराई जाए।

#### सड़क किनारे आयोजित हो भंडारे

भंडारों को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि आयोजन सड़क किनारे न हों, जिससे यातायात बाधित होता है। आयोजकों को पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था करने और सड़क से हटकर भंडारा रखने की हिदायत दी गई।

#### विसर्जन स्थलों पर रहे चौकस

विसर्जन स्थलों पर सफाई, प्रकाश, पार्किंग, नाविकों, ट्यूब, रस्से, बांस, ड्रैगन टॉर्च और तैराक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। घाट पर बैरिकेटिंग, एनाउंसमेंट और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती अनिवार्य होगी। भीड़भाड़ वाले जुलूसों को पुलिस अधिकारी वायरलैस सेट के साथ घाट तक ले जाएंगे और किसी विवाद की स्थिति में तत्काल कंट्रोल रूम को सूचना देंगे।

### अधारताल और सिविल लाईन थाना क्षेत्रों में वारदात

## घर से सोने के जेवर, दुकान से 50 हजार नगदी चोरी

**जबलपुर।** अधारताल और सिविल लाईन क्षेत्र में चोरी की दो वारदातें सामने आई है। अधारताल सांई बिहार कालोनी सुहागी में एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर और नगदी रुपए चोरी कर ले गए। वहीं सिविल लाईन में सांई बाबा मंदिर के पीछे स्थित एक किराना दुकान का कांच तोड़कर गल्ले में रखे 50 से 55 हजार रुपए अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सांई बिहार कालोनी सुहागी निवासी 49 वर्षीय एल्गिन अस्पताल में पदस्थ नर्स श्रीमति शारदा बुंदेला के पति व बेटी दोनों ससुर दशरथ प्रसाद बुंदेला को लेकर सुबह लगभग 7 बजे फ्लाईट से हैदराबाद चले गये थे। गत शाम लगभग 7.30 बजे श्रीमति शारदा घर में ताला लगाकर अपने 13 वर्षीय बेटे को लेकर मायके गोरखपुर रतन कालोनी चली गई थी और दूसरे दिन वह अपनी डयूटी पर एल्गिन अस्पताल चली गई थी, जहां शाम लगभग 6.45 बजे घर वापस आयी तो उसके होश उड़ गए। दरवाजा का ताला टूटा था। अंदर रखी आलमारी के लॉकर टूटे हुये थे। प्रथम मंजिल में लगे हुये सीसीटीव्ही कैमरे, डीवीआर, स्क्रीन एवं वाईफाई सिस्टम तथा टाटा स्काई का सेट अप बाक्स, सोने के 81 ग्राम वजनी एवं चांदी के 433 ग्राम वजनी आभूषण, डायमंड अंगूठी सोने की, नगदी रुपए एवं चांदी के सिक्के अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। इसी तरह सिविल लाईन में साउथ सिविल लाईन सांई बाबा मंदिर के पीछे 49 वर्षीय जय केशरवानी गत रात लगभग 10 बजे दुकान बंद कर चला गया था। दूसरे दिन सुबह लगभग 10.30 बजे अपनी दुकान खोलकर देखा तो दुकान के पीछे का कांच तोड़कर अज्ञात चोर गल्ले में रखे लगभग 50 से 55 हजार रुपए चोरी कर ले गए है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

शारदेय नवरात्र की षष्ठी आज

# धार्मिक उल्लास में हिलोरे मार रही आस्था

**जबलपुर।** शक्ति की भक्ति के महापर्व शारदेय नवरात्र पर माँ जगत जननी के प्रति भक्तों की आस्था हिलोरे मार रही है। हर तरफ धार्मिक उल्लास नजर आ रहा है। देवी मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धा का सैलाब उमड़ रहा हैं। नवरात्र की पंचमी तिथि को माँ का पंचरंगा श्रृंगार किया गया तथा मंदिरों में पंचमी की विशेष पूजा की गई। पंचमी तिथि के साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर विधिवत पूजा अर्चना के साथ माँ भगवती की प्रतिमा स्थापित की गई। आज रविवार को षष्ठी तिथि है। इस तिथि पर माँ भगवती का विशेष पूजन किया जाएगा और इसी के साथ ही शहर के प्रायः सभी स्थानों पर प्रतिमाओं की स्थापना कर ली जाएगी तथा मैया के दर्शनार्थ श्रद्धालुओं की भीड़ सड़कों पर नजर आयेगी। आज माता के षष्ठम स्वरुप माँ कात्यायनी का पूजन किया जाएगा।

## भक्तों की हर मुराद पूरी करती है माँ कात्यायनी

नवरात्र का छठवां दिन मां कात्यायनी के नाम होता है जो कि अपने भक्त की हर मुराद पूरी करती है। साधक कहते हैं कि सच्चे दिल से मांगी गई हर आरजू माँ के दरबार में पूरी हो जाती है। कहते है कि माँ अपने भक्तों को निराश नहीं करती। माँ का यह रुप बेहद सरल, सौम्य और मोहक है। इनका स्वरुप अत्यंत दिव्य है। आज माता को मिष्ठान, लाल वस्त्र, अनार और नींबू अर्पित किया जाना चाहिए। माता कात्यायनी की पूजन के साथ-साथ आज के दिन 7 वर्ष की बालिका के पूजन के साथ ही उन्हें उपहार में मेंहदी, काजल, लाल चूड़ी, और केले के साथ फल भेंट करना चाहिए। इनकी पूजा से मनुष्य को अर्थ, बल, बुद्धि, बल और आरोग्यता का विकास होता है।



## माँ शारदा आशीष दरबार में हवन कल

मां श्री शारदा आशीष दरबार शक्ति नगर प्रांगण में माता जी के आराधक आशीष भैया के मार्गदर्शन में कलश स्थापना के साथ विशेष अनुष्ठान किए जा रहे है। सभी भक्तों के लिए सोमवार 29 सितंबर को महाअष्ठषमी हवन प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। शारदा दरबार व्यवस्थापक समिति के अध्यक्ष मुकेश कुशवाहा, उपाध्यक्ष- मिलन मुखर्जी, सचिव- जयंत, क्षीरसागर, संजय बारहा, पंडित-सुबोध मिश्रा, सरबजीतसिंह तग्गड, कौशलेंद्र महाजन,आदि ने उपस्थिति की अपील की है।



जबलपुर। सराफा में परंपरागत बुंदेलखंडी विधा की दुर्गा प्रतिमा देखने उमड़ रहीं श्रद्धालुओं की भीड़।

## गोविंदगंज रामलीला: पृथ्वी का भार हटाने में वानर भी प्राण लगाएंगे

**जबलपुर।** गोविंदगंज रामलीला की सजीव प्रस्तुति में हनुमानजी ने प्रभु श्रीराम से कहा कि पृथ्वी का भार हटाने में वानर भी प्राण लगाएंगे-जो काम आप करने आए हम उसमें हाथ बंटाएंगे। जीवन संपूर्ण लगा देंगे स्वामी का कष्ट मिटाने में-बलिदान सुखों का कर देंगे माता का पता लगाने में। राम-हनुमान मिलन की लीला भक्तिभाव से परिपूर्ण थी। इससे पूर्व शबरी और नारद प्रसंग ने भी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। शबरी ने प्रभु के इंतजार से संबंधित जो भजन प्रस्तुत किए, उन्होंने सबका ध्यान खींच लिया। अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि राम-हनुमान मिलन के बाद बालि वध की लीला हुई। दोनों भाइयों का मल्य युद्ध देख दर्शक भाव विभोर हो गए। राम के रूप में ओम दुबे, हनुमान के रूप में पलाश पाठक, नारद के रूप में पवन पांडे, शबरी के रूप में दीपक पांडे, बाली के रूप में प्रवीण तिवारी, सुग्रीव के रूप में अमर अग्निहोत्री ने सबका मन मोह लिया।

## गढ़ा रामलीला: लीला देखने दर्शकों का उमड़ा जन सैलाब



**जबलपुर।** गढ़ा रामलीला के 9 वें दिवस पर शुर्पनखा प्रसंग, खर दूषण वध एवं सीता हरण की लीला संपन्न हुई। इस लीला को देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ एकत्रित होने का इतिहास है। शुर्पणखा पंचवटी में भगवान राम लक्ष्मण को देखकर मोहित हो गई तथा विचार करने लगी कि मेरे समान नारी और राम और लक्ष्मण के समान सुंदर पुरुष तीनों लोक में नहीं है तुम सम पुरुष न मो सम नारी यह संजोग विधि रचा बिचारी ऐसा विचार कर उसने राम के समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा। भगवान राम के मना करने पर लक्ष्मण के समक्ष विचार रखा जब दोनों नहीं माने तो वह सीता को मारने को तैयार हुई इस पर क्रुद्ध होकर लक्ष्मण जी ने शुर्पणखा के नाक और कान काट कर उसे दंडित किया। शुर्पणखा अपने भाई रावण के पास पहुंची तथा अपने अपमान का बदला लेने की बात करने लगी। बहन के अपमान का बदला लेने खर दूषण आए तो भगवान राम ने 14 सहस्त्र सैना सहित खर दूषण का वध कर दिया। इससे क्रोधित होकर रावण ने बदला लेने के लिए छल पूर्वक सीता का हरण कर लिया। आज रविवार को जटायु मुक्ति शबरी की नवधा भक्ति, श्रीराम सुग्रीव मैत्री ,बाली वध, एवं सीता की खोज की रोचक लीला का मंचन होगा।

## किसान संगोष्ठी में बताएं कृषि के उन्नत तरीके





**सिहोरा।** सिहोरा तहसील अंतर्गत मरहटी ग्राम में शिव शक्ति एग्रीटेक लिमिटेड के कृषि अधिकारियों द्वारा किसान संगोष्ठी व सम्मेलन का आयोजन किया गया आयोजित बैठक मे किसानो के साथ कृषि संबंधित विषयों पर चर्चा की गई जिसमें किसानो को मृदा स्वास्थ्य व जैविक कृषि प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण तथ्य,कृषि उपज,मृदा पीएच,मृदा पीएच संतुलन,फसल में लगने वाले कीट-रोग जैसे रोग नियंत्रण आदि विषयों पर जागरुकता व सुझाव दिया गया। आयोजक शाखा वरिष्ठ अधिकारी गिरधारी मलिक, जुगल किशोर ठाकुर,कृषि अधिकारी अतुल मिश्रा, लवकुश कुशवाहा,अंकित पटेल व अनिकेत पटेल सामिल रहे ग्रामीण क्षेत्र के अधिक से अधिक किसानो ने भी हिस्सा लिया किसानों को प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए।

## शिविर में स्वच्छता साथियों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ



**सिहोरा।** मानस भवन प्रांगण में स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत गांधीग्राम में किया गया जिसमें पंचायत के अंतर्गत आने वाले सभी स्वच्छता साथियों का स्वास्थ परीक्षण किया गया। तथा राष्ट्रीय आजीविका मिशन अंतर्गत वसुंधरा संकुल स्तरीय संगठन की वार्षिक आम सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें समूह की गतिविधियों पर विस्तृत जानकारी दी गई एवं सी एल एफ का वार्षिक सामाजिक अंकेक्षण किया गया, साथ ही अच्छा कार्य करने वाले समूह के सदस्यों एवं संगठन के सदस्यों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मोनू पुष्पराज सिंह बघेल,जनपद सदस्य अनीता राजेश त्रिपाठी, सरपंच राधा विवेक चौरसिया, जिला ग्रामीण युमो अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल, अजय कोरी, सचिव अनिल दत्त तिवारी, प्रमोद साहू, आजीविका मिशन से जिला प्रबंधक रूपेश अग्रवाल, रामनरेश राठौर, संजय मिश्रा, आनंद भारसकले, निशा पांडे, माया ठाकुर, नीतू सिंह बघेल सहित अनेक दीदिया उपस्थित थी।

## निर्धन नि:शक्त नेत्रहीन बच्चों का गरबा सोनिया वाकुलकर द्वारा कराया गया

**जबलपुर।** नवरात्रि के प्रथम दिन पर मां शैलपुत्री की आराधना में नेशनल मीडिया फाउंडेशन द्वारा में संस्कारधानी गरबा डांडिया रास का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित कर गरबे कलश का पूजन किया गया उसके बाद सभी बच्चियों को माता की चुनरी ओढ़ाकर चुनरी पूजन किया गया। नवरात्रि के प्रथम दिन के उपलक्ष्य में प्रिया तिवारी माता रानी शैलपुत्री का रूप धारण कर इस आयोजन में सम्मिलित हुईं। निरंतर कई वर्षों से नेशनल मीडिया फाउंडेशन निर्धन निःशक्त बच्चों के लिए कार्य करता आ रहा है, हमेशा एक अलग सोच के साथ गरबे का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में सुनील भागचंदानी विश्व हिंदू परिषद प्रदेश अध्यक्ष गुलजार होटल, जबलपुर हॉस्पिटल, डीआर, अभिलाष पांडे विधायक, रंजना तिवारी, किशोर, एडवोकेट भावना, सरिता कपूर, युवराज शर्मा बिजनेसमैन, डॉ. सुनील जैन ब्लड बैंक, विशाल, सुरेंद्र श्रीवास्तव, रोहित, रजत शर्मा ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा ने फूंका मंत्री विजयवर्गीय का पुतला



**सिहोरा।** भाजपा सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी जी के विरुद्ध की गई अशोभनीय और आपत्तिजनक टिप्पणी कांग्रेस जनों के आत्मसम्मान पर सीधा आघात है। टिप्पणी के विरोध में ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष संजय यादव के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा ने बस स्टैंड में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया तथा गोमांस बिक्री को प्रोत्साहित करने के लिए टैक्स फ्री करने का विरोध किया। इस अवसर पर बिहारी पटेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, पार्षद राजेश चौबे पार्षद, ममता गोंटिया, रमेश पटेल, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि बाबा कुरैशी, रुक्मणी गोटिया, लाल बहादुर पाठक, प्रकाश कुररिया, सुरेन्द्र मिश्रा, घनश्याम बडगैया, अमोल चौरसिया, आलोक पांडे, सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सदर रामलीला: सूर्पणखा विरुपीकरण लीला का हुआ मंचन




**जबलपुर।** धनुष यज्ञ रामलीला समिति सदर में सूर्पणखा विरुपीकरण लीला का मंचन किया गया। भगवान पंचवटी में संध्या वंदन करते हैं आकाश मार्ग में सूर्पणखा विचरण करती है उसकी नजर राम पर पड़ती है, राम लक्ष्मण से विवाह का प्रस्ताव प्रेषित करती है भगवान राम एक पत्नी व्रत होने का कारण बताते हैं परंतु सूर्पणखा अपने छोटे भाई से मेरा विवाह कराया अन्यथा दुष्ट तुम्हारा सब का अंत कर दूंगी लक्ष्मण जी ने कठोरता से बुलाते हुए नाक और कान विच्छेद कर दिए दुखी होकर अपने भाई खरदूषण वृतांत बताती है युद्ध होता है खरदूषण मर, जाता है। आज रविवार को सीता हरण का मंचन किया जाएगा। उपस्थिति की अपील अभिषेक चौकसे मधुर तिवारी सीताराम कुरचानिया शारदा तिवारी डॉक्टर शंकर पांडे, प्रचार मंत्री धनंजय बाजपेई आदि ने की हैं।

### देवी भागवत कर रहे कथा व्यास का किया सम्मान

**जबलपुर।** नवरात्रि के पवन अवसर पर फूटाताल स्थित दुर्गा मंदिर में चल रही श्रीमद् देवी भागवत में मध्य भारत मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव, दिलीप विश्वकर्मा, लक्की सोनी, रोहित सोनकर द्वारा देवी भागवत कर रहे कथा व्यास स्वामी गिरिजानंद सरस्वती माहराज का पुष्प माला से सम्मान किया गया। कथा में व्यास जी ने कहा कि भगवती की माया इतनी प्रबल है कि यह ज्ञानियों को भी मोह में डाल देती है, स्वयं देवाधिदेव लक्ष्मीपति भगवान विष्णु भी इस महामाया से अछूते नहीं हैं, जब देवता या मनुष्य उनकी स्तुति करते हैं तब प्राणियों का दुख नाश करने के लिए भगवती जगदंबा प्रकट होती हैं। कथा के बाद बीज मंत्र दुर्गा सप्तशती का सामूहिक पाठ एवं मंदिर का 40वां पाटोत्सव भी मनाया गया। तत्पश्चात माता की आरती की गई जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीयजन उपस्थित थे।

## निधन

**श्री सोमदेव पटवर्धन-** सिहोरा, अंबा विहार कॉलोनी सिहोरा निवासी सोमदेव पटवर्धन का 64 वर्ष की आयु में निधन हो गया अंतिम संस्कार आज रविवार को सुबह 10 बजे गंजताल मार्ग स्थित मुक्तिधाम में किया जायेगा। वे संदेश सोमदेव के पिता थे।



**सुश्री रेखा गुप्ता-** ग्राम अंजनिया बिछिया मंडला निवासी श्री श्रवण गुप्ता की पुत्री सुश्री रेखा गुप्ता (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती नरिन्दर कौर पदम-** गुप्तेश्वर निवासी श्री गुलजार सिंह पदम की धर्मपत्नी श्रीमती नरिन्दर कौर पदम (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सुरेंद्र कुमार जायसवाल-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री सुरेंद्र कुमार जायसवाल (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गनपत प्रजापति-** लालमाटी गोपाल होटल निवासी श्री गनपत प्रजापति (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री चूरामन पटवा-** आई 75, अवधपुरी कॉलोनी निवासी श्री चूरामन पटवा (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मनजीत कौर-** गोरखपुर सनातन धर्म मंदिर के पास निवासी श्री अमरजीत सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती मनजीत कौर (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अशोक कुमार गुप्ता-** गोहलपुर सुभाष नगर निवासी श्री अशोक कुमार गुप्ता (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ईश्वरी प्रसाद रैकवार-** मिलौनीगंज छोटा फुहारा निवासी श्री ईश्वरी प्रसाद रैकवार (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम सेवक नामदेव-** व्हीकल मड़ई निवासी श्री राम सेवक नामदेव (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रेम नारायण कनौजिया-** अरिहंत होम जलाराम बापू नगर तिलहरी निवासी श्री प्रेम नारायण कनौजिया (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती रश्मि कोरी-** पुरानी बस्ती कजरवारा निवासी श्री कमलेश कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि कोरी (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक यादव-** मानेगांव रांझी निवासी श्री राज किशोर यादव के पुत्र श्री दीपक यादव (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री श्याम सुंदर-** गोरैयाघाट एकता मार्केट के पास निवासी श्री श्याम सुंदर (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री शीला शर्मा-** गोरखपुर सनातन धर्म मंदिर के पास निवासी श्री बीएल शर्मा की पुत्री सुश्री शीला शर्मा (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री शिवाधर बुधोलिया-** संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री शिवाधर बुधोलिया (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लखमीकांत सोनी-** अधारताल धनी कुटिया के पास निवासी श्री लखमीकांत सोनी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सिंगल साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज 1x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308291, 9407362160

## भव्य गरबा आयोजन से छात्राओं की प्रतिभा को मिला मंच



**सिहोरा।** शासकीय यशोदा बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला बाजार में छात्राओं के लिए एक विशाल गरबा नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसने पूरे विद्यालय परिसर को भक्ति और कला के रंग में रंग दिया। सभी छात्राएं गरबा नृत्य के लिए सज-धज कर लहंगे के पारंपरिक लिबास में थीं। विशाल ग्राउंड में गोल घेरे में कतारबद्ध होकर, छात्राओं ने साउंड और ढोल नगाड़ों की धुन पर घंटों थिरकती रहीं। उनके आकर्षक वेशभूषा और नृत्य ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गरबा की सुंदर वेशभूषा और आकर्षक सजावट से सराबोर छात्राओं में से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को क्रमशः प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त होने पर संकुल प्राचार्य जे एल खांडे द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

## कैलाश विजयवर्गीय का कांग्रेस ने किया पुतला दहन





**मझौली।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री दिलीप सिंह राजपूत के नेतृत्व में शनिवार को मप्र सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया गया। यह विरोध विजयवर्गीय के हालिया बयान को लेकर किया गया, जिसे कांग्रेस ने भाई-बहन के पवित्र रिश्ते और मप्र की संस्कृति पर आघात बताया। दिलीप सिंह राजपूत ने सरकार से मांग की कि जिस मंत्री को बोलने का सलीका न हो, उसे तत्काल मंत्रीमंडल से बाहर किया जाए। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता योगेश चौबे, अम्बर सिंह राजपूत, आलोक पांडे, अभिषेक यादव, रोहित मिश्रा, आभाष दुबे, परवेज आलम समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आधारताल चण्डीमाई मंदिर में महाआरती आज

**जबलपुर।** सार्वजनिक चण्डीमाई मंदिर कटरा आधारताल में नवरात्र के पावन पर्व पर 28 सितम्बर को शाम 7.30 बजे से महाआरती का आयोजन किया गया है। सार्वजनिक चण्डीमाई मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष चमन पासी, रमेश कोरी, हरिसिंह पटेल, राजकुमार पासी, भूरा कोरी, छुट्टू चौधरी, श्यामसुंदर रजक आदि ने महाआरती में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

**नाम परिवर्तन नाम परिवर्तन सूचना**

मैं श्रीमती बलदेव सैनी पति श्री मलकीत सिंह सैनी निवासी जयप्रकाश नगर गुरुद्वारा के पास महर्षि महेश योगी वार्ड अधारताल जबलपुर म.प्र. मे निवास करती हूँ। मेरे विवाह पूर्व शाला प्रमाण पत्र अंक सूचि अन्य दस्तावेज में मेरा नाम बलदेव कौर सैनी पुत्री मलकीयत सिंह BALDEV KAUR SAINI D/O MALKIAT SINGH दर्ज है। मेरे विवाह उपरांत मेरा नाम बलदेव सैनी पति मलकीत सिंह सैनी BLDEV SAINI W/O MALKIT SINGH SAINI हो गया है एवं मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम बलदेव सैनी पति मलकीत सिंह सैनी दर्ज है अत: मेरा नाम बलदेव कौर सैनी पुत्री मलकीयत सिंह BALDEV KAURY D/O MALKIAT SINGH के स्थान पर अब मेरा नाम बलदेव सैनी पति मलकीत सिंह सैनी BLDEV SAINI W/O MALKIT SINGH SAINI है अत: अब मैं बलदेव सैनी पति मलकीत सिंह सैनी BLDEV SAINI W/O MALKIT SINGH SAINI के नाम से जानी जाती हूँ

पुराना नाम - बलदेव कौर सैनी पुत्री मलकीयत सिंह BALDEV KAUR SAINI D/O MALKIAT SINGH
नया नाम - बलदेव सैनी पति मलकीत सिंह सैनी BALDEV SAINI W/O MALKIT SINGH SAINI

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से उद्योगपतियों ने की भेंट

# उद्योग स्थापना के लिए मध्य प्रदेश में अनुकूल वातावरण उद्योगपतियों को राज्य सरकार का मिलेगा पूरा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में उद्योगों के विकास से बड़ी संख्या में रोजगार सृजित हो रहे हैं। निवेश के इस यज्ञ में उद्योगपतियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों को नीतियों की परिधि में आवश्यकता होने पर नीतियों से बाहर जाकर भी उद्योग लगाने के लिए राज्य सरकार पूरा सहयोग प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से शुक्रवार को समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के पदाधिकारियों ने भेंट की।

**मप्र में उद्योगों के विकास से बड़ी संख्या में रोजगार सृजित हो रहे**



**उद्योग स्थापना के लिए नीतियां**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग स्थापना के लिए नीतियां निर्धारित की गई हैं, जिसके फलस्वरूप राज्य में अनुकूल वातावरण निर्मित हुआ है। मुख्यमंत्री से भेंट करने वालों में लोहिया ग्रीन एनर्जी ग्रुप के प्रदीप मित्तल एवं सुरेन्द्र सुमन, ट्रायडेंट ग्रुप के चेयरमैन राजिन्दर गुप्ता, जैक्सन ग्रुप के प्रोप्राइटर, संदीप गुप्ता और गगनदीप चानना, पैसिफिक आयरन मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड के चेयरमैन जेपी अग्रवाल एवं सुमीत अग्रवाल, आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड (एलएनजे भीलवाड़ा समूह) के राजीव गुप्ता और अंकुर खेतान, एल्टिस इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड के विशाल खासगीवाला, एन-विज़न एनवायरनमेंटल सर्विसेज एवं शेष एनवायरो इन्फ्रा प्रा. लिमिटेड के कुनाल शाह और डॉ. उमंग शाह तथा पार्थ कंस्ट्रक्शन के नितिन अग्रवाल शामिल थे।

### मुख्यमंत्री ने किया विदिशा के कुरवाई में 258 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को विदिशा जिले के कुरवाई में 258.10 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में हितलाभ वितरण, प्रबुद्धजनों और आमजनों से संवाद कर कार्यक्रम स्थल पर लगी विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विदिशा, कुरवाई, सिरोंज, शमशाबाद और गंजबासौदा विधानसभा के लिए 92.70 करोड़ रुपए की लागत के 46 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और 165.40 करोड़ रुपए की लागत के 34 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास कर जनसभा को भी संबोधित किया।*


**पश्चिम मध्य रेल**

शुद्धिपत्र संख्या 41/2025

निविदा सं. 38254154 जिसके खुलने की तिथि 04.10.2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/96/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए है:-

| Tender No. & Short Description | Tender Opening date | |
|---|---|---|
| | From | To |
| 38254154 Description: PU lining TOP and Bottom Housing | 04.10.2025 | 27.10.2025 |

अद्यतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखें।

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक/पमरे/जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधन विभाग

(भंडार आपूर्ति हेतु ई-निविदा सूचना संख्या वरि.मं.सा.प्र./ईपीएस/71/2025)

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई–खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाये आमंत्रित करते हैं। इसमें हस्तलिखित प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए https://ireps.gov.in पर ई–निविदा की जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।

| Sr. No. | Tender No. | Short Description | Tendered Qty. | Opening Date |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 94255657A | Design, Supply, Supervision of eraction, testing and commissioning of Transformer of rating 3.15 MVA | 01 No. | 17.10.2025 |
| 2 | 94255767 | Supply and fitment of SS metal Trough Floor below RMPU in place of FRP trough in coaches as per Annexure-I and Drawing Attached | 200 Coach Set | 27.10.2025 |

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर.

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**एस & टी के विभिन्न कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

**निविदा क्रमांक:** 718-ST-CON-NGP
दिनांक: 19.09.2025
**कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में **कलमना से पनियाजोब-Ex सेक्शन** के बीच - **a)** इंजीनियरिंग अर्थ कार्य को सुविधाजनक बनाने हेतु S&T केबल क्लियरेंस से सम्बंधित तीसरी लाइन और गोंदिया बाईपास लाइन के बचे हुए काम। **b)** मौजूदा ऑटो सिग्नलिंग में बदलाव, MSDAC एवं 06 एलसी गेटों को बंद करने के लिए मौजूदा EI (मेसर्स हिताची मेक) में बदलाव। **c)** दूरसंचार केबल शिफ्टिंग कार्य और अन्य सिग्नलिंग से सम्बंधित कार्य।
**निविदा मूल्य:** ₹ 11,78,36,393/- (रु. ग्यारह करोड़ अट्ठहत्तर लाख छत्तीस हजार तीन सौ तिरानवे मात्र)
**बयाना राशि:** ₹ 7,39,200/- (रु. सात लाख उन्तालीस हजार दो सौ मात्र)
**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि:** दिनांक **14.10.2025** के **11:00** बजे तक।
उपरोक्त कार्य के अन्य विवरण, निविदा दस्तावेज, पात्रता मानदंड के लिए Dy. CSTE (Con.) नागपुर, द.पू.म. रेलवे, कार्यालय से संपर्क करें या वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज / देखें डाउनलोड करें।

उप मुख्य एस & टी अभियंता/निर्माण,
PC/27-133 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से कलेक्टर्स को दिए गए निर्देश

# सोयाबीन का मिलेगा पूरा लाभ, 10 अक्टूबर से ई-उपार्जन पोर्टल पर शुरू होगा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में सोयाबीन उत्पादक किसानों के हित में शुरू की जा रही भावांतर योजना को लागू करने के लिए जिला स्तर पर प्रशासनिक अमले को दायित्व दिए जाएं। इस योजना की विशेषताओं को प्रत्येक स्तर पर प्रचारित किया जाए, जिससे अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिले।

सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि योजना के प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म का भी उपयोग करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए लागू की जा रही भावांतर योजना के संबंध में शुक्रवार को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस से कलेक्टर्स को निर्देशित कर रहे थे। वीडियो कांफ्रेंस में वरिष्ठ विधायक और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी उपस्थित थे। इस मौके पर विभिन्न मंत्री, सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, मुख्य सचिव अनुराग जैन, संबंधित वरिष्ठ अधिकारी, समस्त कलेक्टर्स-कमिश्नर्स, राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारी भी शामिल हुए।



*किसानों को लाभान्वित करेगी भावांतर योजना*

*एमएसपी से अंतर की राशि का भुगतान करेगी राज्य सरकार*

**सेवा पखवाड़े और अंत्योदय उत्सव को सफल बनाएं जनप्रतिनिधि**

मुख्यमंत्री एवं हेमंत खण्डेलवाल ने प्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से प्रारंभ होकर गांधी, शास्त्री जयंती 2 अक्टूबर तक हो रहे सेवा पखवाड़े, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती 25 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वदेशी जागरण सप्ताह और 22 सितम्बर से आगामी दीपावली तक निरंतर चलने वाले जीएसटी उत्सव की गतिविधियों को सफल बनाने का आग्रह, जनप्रतिनिधियों से किया।

**भावांतर की अवधि 1 नवंबर से 31 जनवरी तक रहेगी**

भावांतर योजना के लिए निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रदेश में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन का कार्य 10 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 25 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। भावांतर की अवधि 01 नवम्बर से 31 जनवरी 2026 तक रहेगी। पंजीकृत कृषक और उनके रकबे के सत्यापन की प्रक्रिया राजस्व विभाग से होगी। किसानों के भावांतर की राशि पंजीयन के समय दर्ज बैंक खाते में सीधे हस्तांतरित की जाएगी।

**भावांतर योजना, एक नजर में**

प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत अधिसूचित तिलहनी फसल के लिए भावांतर योजना वर्ष 2018-19 से लागू की गई है। किसान पूर्व की तरह अपनी उपज मंडियों में बेचेंगे। एमएसपी और मंडी का मॉडल भाव, विक्रय मूल्य के बीच के अंतर की राशि का किसान को डीबीटी से भुगतान किया जाएगा। किसान की ओर से ई-पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य होगा।

**आज सीएम दोपहिया वाहन चालकों को देंगे 2100 हेलमेट**

*सेवा पखवाड़े के तहत शनिवार को मुख्यमंत्री 2100 दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनाकर रवाना करेंगे। इस दौरान दोपहिया वाहन चालकों की रैली भी निकाली जाएगी।*

युवक की हत्या कर रेलवे पटरी पर फेंक दिया था शव

# हत्या को आत्महत्या बताने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

युवक की हत्या को आत्महत्या बताने वाले मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामूली विवाद में आरोपी युवक का मर्डर कर लाश रेलवे पटरी पर फेंक दी थी। रायपुर पुलिस ने मृतक की पहचान के लिये कई सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, तब जाकर मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने घटना में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ अपराध क्रमांक 1073/25 धारा 103(1), बीएनएस का अपराध दर्ज किया है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना खमतराई पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में ये मामला उजागर हुआ। आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से मृतक का मोबाइल फोन, ई-रिक्शा, घटना में प्रयुक्त एक नग मोबाइल जब्त किया गया है।

प्रकरण में संलिप्त आरोपी अजय दास मानिकपुरी फरार है, जिसकी पुलिस पतासाजी कर रही है। पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने के लिये आसपास के क्षेत्रों सहित सरहदी जिलों में पतासाजी और पूछताछ कर सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगाले। मृतक के फोटो को लोगों के दिखाने के साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का भी सहारा लिया।

सीएम हेल्पलाइन में फर्जी शिकायतों का मामला

एसीएस की शिकायत के बाद लोक सेवा प्रबंधन विभाग ने लिया फैसला

# अब ब्लैकमेलर्स की सूची तैयार करेंगे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार ने अब झूठी शिकायतें कर अधिकारियों-कर्मचारियों को ब्लैकमेल करने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। लोक सेवा प्रबंधन विभाग ने सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी करते हुए ऐसे लोगों की जानकारी तय फार्मेट में तलब की है।

आदेश में कहा गया कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल या अन्य प्लेटफॉर्म पर कुछ लोग झूठी शिकायतें दर्ज कराते हैं, जिनका मकसद केवल दबाव बनाना और ब्लैकमेल करना होता है। ऐसे मामलों को ध्यान में रखते हुए अब हर जिले से रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जाए। इसके लिए शासन ने एक फार्मेट भी जारी किया है, जिसमें शिकायतकर्ता का नाम, मोबाइल नंबर, शिकायतें, अधिकारियों की टिप्पणी दर्ज की जाएगी। यह जानकारी लेवल अधिकारियों की लॉगिन आईडी के जरिए पोर्टल पर दर्ज की जाएगी।

**प्रमुख सचिव भी लिख चुकी हैं चिट्ठी**

*प्रमुख सचिव पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग दीपाली रस्तोगी ने मार्च में इसी तरह के मामले में पत्र लिखा था। इसमें कहा गया कि जिला पंचायत सिवनी के द्वारा जानकारी दी गई है कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर शिकायत के निराकरण के समय कम्प्लैन करने वाले अलग-अलग योजनाओं और विभागों में बार-बार एक ही प्रकार की शिकायतें करते हैं। यह कम्प्लेन ब्लैकमेल किए जाने के लिए की जाती हैं।*

**पचास दिनों में नहीं निपटाईं 20 हजार सीएम हेल्पलाइन की शिकायत**

संभाग के भोपाल, सीहोर, राजगढ़, विदिशा और रायसेन जिले में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को निपटाने में अफसर लापरवाही बरत रहे हैं। पिछले पचास दिनों के दौरान 19 हजार 771 शिकायतें पेंडिंग पड़ी हैं, जिनका निराकरण नहीं किया गया है। ऐसे तो शिकायतों का अंबार लग जाएगा। यह बात शुक्रवार को संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने संभाग के अफसरों के साथ टाइम लिमिट की बैठक रखी। बैठक में बताया कि सीएम हेल्पलाइन पर भोपाल संभाग की अब तक 51 हजार 774 शिकायतें लंबित हैं।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (सह)/द. पू. म. रेलवे, नागपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित करता है: -

1. **निविदा सूचना संख्या- N-34-NGP-2025-2026 कार्य का नाम (1)** एसएसई/बीआर/जी और एसएसई/बीआर/एनआईआर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत गोंदिया और नैनपुर मंडलों में पुल के खंभों के विभिन्न स्थानों पर आपातकालीन स्थिति में ओएचई मास्त के निर्माण हेतु सहायक व्यवस्था हेतु अतिरिक्त नींव का प्रावधान और (2) नागपुर मंडल में एडीईएन/सीडब्ल्यूए, एनआईआर, जी और टीएमआर के अधीन पुल संख्या 148, 334, 336, 7, 3, 152, 192, 291, 225, 111 और 149 (11 सेट) पर विभिन्न पुलों पर हैवी ड्यूटी हाइट गेज का प्रावधान। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹. 2,88,26,397/- **सुरक्षा जमा:** ₹2,94,100/-
2. **निविदा सूचना संख्या- N-35-NGP-2025-2026 कामाचे नाव: (1)** एडीईएन/सीडब्ल्यूए के क्षेत्राधिकार में आरयूबी-215, 210, 200, 195, 190, 181 और 163 की जल निकासी व्यवस्था में सुधार और (2) एडीईएन/सीडब्ल्यूए के क्षेत्राधिकार में आरयूबी 233, 231, 229 और 220 की जल निकासी व्यवस्था में सुधार। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹3,43,82,162/- **सुरक्षा जमा:** ₹3,21,900/-
3. **निविदा सूचना संख्या N-36-NGP-2025-2026 कार्य का नाम - (1)** एडीईएन/सीडब्ल्यूए के क्षेत्राधिकार में आरयूबी-151, 143, 118ए, 237, 230 और 227 का सुधार कार्य और (2) एडीईएन/सीडब्ल्यूए के क्षेत्राधिकार में आरयूबी-353, 355, 338, 311 और 305 के जल निकासी का सुधार कार्य। अनुमानित **निविदा मूल्य:** ₹ 3,68,77,865/- **सुरक्षा जमा:** ₹3,34,400/-
4. **निविदा सूचना संख्या N-37-NGP-2028-2026 कार्य का नाम: (1)** एडीईएन/एनआईआर के अधिकार क्षेत्र में नैनपुर में ट्रैक मशीन स्टाफ रूम का निर्माण, (2) एडीईएन/एनआईआर के अधिकार क्षेत्र में पीएनजे-एनडब्ल्यूए सेक्शन के दौरान ट्रैक सुरक्षा दीवार का निर्माण और (3) एडीईएन/एनआईआर के अधिकार क्षेत्र में नैनपुर के पद्रीगंज स्टेशन पर माल निरीक्षण सुविधा का विकास। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹3,10,40,698/- **सुरक्षा जमा:** ₹3,05,200/-

उपरोक्त निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियाँ **17.10.2025** को अपराह्न **3:00 बजे** तक जमा कर सकते हैं। इन निविदाओं के लिए मैन्युअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और ऐसे किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा। विवरण हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।

AAA/28/135 विभागीय अभियंता(उत्तर) द. पू. म. रेलवे, नागपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**क्रमांक : संख्या (1) निविदा संख्या एस.ई.सी.आर. मुख्यालय इंजी. बी.एल.-25-26-10**
**कार्य :** बिलासपुर मंडल में स्टील गर्डर्स के पुल संख्या 48 सीजी डाउन (2x12.20मी.), 184 थर्ड लाईन (1x12.20मी.), 211 के अप (1x12.20मी.) एवं 211 के डाउन (1x20.20मी.) को पीएससी स्लैब में बदलने का कार्य।
**अनुमानित लागत :** रू. 6,26,10,314.87 **प्रतिभूति राशि :** रू. 4,63,100/- **बोली प्रक्रिया की प्रारंभ तिथि :** 30.09.2025 **निविदा की अंतिम तिथि समय :** दिनांक 14.10.2025 को 16:30 बजे।

**क्रमांक संख्या (2) निविदा संख्या एस.ई.सी.आर. मुख्यालय इंजी. बी.एल.-25-26-11**
**कार्य:** बिलासपुर मंडल में वरि. अनुभाग अभियंता / पुल/शहडोल के अधिकार क्षेत्र में पीएससी गर्डर पुल संख्या 24 के डाउन (2x12.20मी.), 26 के डाउन (3x12.20मी.), 36 के डाउन (3x12.20 मी. ). 40 के डाउन (4x20.20 मी.), 4 सीआईसी (3x12.20मी.) एवं 211 थर्ड लाईन (1x12.20मी) में साईड पाथवे का प्रावधान।
**अनुमानित लागत:** रू. 1,81,55,033.47 **प्रतिभूति राशि :** रू. 2,40,800/- **बोली प्रकिया की प्रारंभ तिथि:** 30.09.2025 **निविदा की अंतिम तिथि समय :** दिनांक 14.10.2025 को 16:30 बजे।

**क्रमांक संख्या (3) निविदा संख्या एस.ई.सी.आर. मुख्यालय इंजी. बी.एल.-25-26-12**
**कार्य:** नागपुर मंडल में वरि. अनुभाग अभियंता / पुल/ नैनपुर के अधिकार क्षेत्र मे बालाघाट-कटंगी सेक्शन के विभिन्न पीएससी गर्डर पुलों में साईड पाथवे का प्रावधान।
**अनुमानित लागत:** रू. 5,05,62,332.77 **प्रतिभूति राशि :** रू. 4,02,800/- **बोली प्रक्रिया की प्रारंभ तिथि :** 30.09.2025 **निविदा की अंतिम तिथि समय:** दिनांक 14.10.2025 को 16:30 बजे

**क्रमांक संख्या (4) निविदा संख्या एस.ई.सी.आर. मुख्यालय इंजी. बी.एल.-25-26-13**
**कार्य :** नागपुर मंडल में वरि. अनुभाग अभियंता / पुल / गोंदिया के अधिकार क्षेत्र में पुल संख्या 93 अप (518.20मी, पीजी) बेस प्लेट को बदलने एवं पुल संख्या 47 टीटी (2x24.40 मी. पीजी +7x12.20 मी पीजी) में मौजुदा फ्लेट बियरिंग को सेन्ट्रालाईज्ड बियरिंग में बदलने का कार्य।
**अनुमानित लागत:** रु. 93,94,633.67 **प्रतिभूति राशि :** रू. 1,87,900/- **बोली प्रकिया की प्रारंभ तिथि:** 30.09.2025 **निविदा की अंतिम तिथि समय : दिनांक 14.10.2025 को 16:30 बजे।**

**क्रमांक संख्या (5) निविदा संख्या एस.ई.सी.आर. मुख्यालय इंजी. बी.एल.-25-26-14**
**कार्य :** रायपुर मंडल में वरि. अनुभाग अभियंता / पुल / रायपुर के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न पुलों में इलेस्टोमेरिक बियरिंग, कोरोडेड / पीटेड / लूज रिवेटस को बदलने का कार्य एवं इपॉक्सी ग्राउटिंग का कार्य।
**अनुमानित लागत:** रु. 61,01,993.80 **प्रतिभूति राशि :** रू. 1,22,000/- **बोली प्रक्रिया की प्रारंभ तिथि :** 30.09.2025 **निविदा की अंतिम तिथि समय :** दिनांक 14.10.2025 को 16:30 बजे।

**क्रमांक संख्या (6) निविदा संख्या एस.ई.सी.आर. मुख्यालय इंजी. बी.एल.-25-26-15**
**कार्य:** नागपुर मंडल में स्टील गर्डर्स पुल संख्या 163 अप, 185 अप एवं रायपुर मंडल में पुल संख्या 436 अप एवं 440 अप को पीएससी स्लैब में बदलने का कार्य।
**अनुमानित लागत:** रु. 5,39,55,745.81 **प्रतिभूति राशि :** रू. 4,19,800/- **बोली प्रकिया की प्रारंभ तिथि :** 30.09.2025 **निविदा की अंतिम तिथि समय :** दिनांक 14.10.2025 को 16:30 बजे।

उपरोक्त कार्य की आवश्यक एवं पुर्ण जानकारी उप मुख्य अभियंता पुल / मुख्यालय कार्यालय या www.ireps.gov.in वेबसाईट से प्राप्त किया जा सकता है।

उप. मुख्य अभियंता पुल/मुख्यालय
सीपीआर/10/AM/347 द.पू.मं.रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail


## कार्यालय कलेक्टर जिला सिवनी एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

क्रमांक / 4729/ जि.भू.अ./2025 सिवनी दिनांक 22/09/2025

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 15 (1) के अंतर्गत प्रारंभिक अधिसूचना के प्रकाशन तारीख से प्रावधानित समय सीमा 60 दिवस की अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने के कारण अधिनियम की धारा 15 (2) के अंतर्गत कोई रिपोर्ट की आवश्यकता नहीं है। इस आधार पर समुचित सरकार को यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित परियोजना हेतु अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित निजी भूमि एवं उस पर स्थित स्थावर परिसंपत्तियों की सार्वजनिक लोक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अत: भूमि अर्जन पुनर्वासन, पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 के अंतर्गत यह घोषित किया जाता है। कि निम्न अनुसूचियों के पद (2) में वर्णित भूमि एवं उस पर स्थित स्थाई परिसंपत्तियां लोक प्रयोजन हेतु आपेक्षित है :-

**अनुसूची**

1- परियोजना का नाम :- पेंच व्यपवर्तन परियोजना 2- भूमि का विवरण(क) जिला :-सिवनी (ख) तहसील :-सिवनी (ग) नगर/ग्राम :-मेहलोन ब.नं. :- 404 प.ह.नं.-27(घ) लगभग क्षेत्रफल :-3.22 हेक्टेयर

| स. क्र. | सर्वेक्षण संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन का क्षेत्र. हे. में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम और पता | सीमाऐं | | | | वृक्ष | | संरचनाऐं | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | किस्म | संख्या | प्रकार | प्लिथ एरिया |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | 308 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.05 | रामसिंह रघुनाथसिंह रघुवीरसिंह पुत्र भिक्कू दुर्गा बेवा प्रतापसिंह शुभम श्रुति सुब्रा पिता प्रतापसिंह कलार जाति कलार पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | रमेश पिता चैतराम | सरहद | शासकीय | शासकीय | - | - | - | - |
| | 312 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.18 | | देवचंद पिता गनेशी | रामदीन पिता मोहन | शासकीय | शासकीय | - | - | - | - |
| 2 | 309 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.14 | रमेश कुमार पुत्र चैतराम जाति कलार पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | रामदीन पिता मोहन | रामसिंह पिता भिक्कू | शासकीय | शासकीय | - | - | - | - |
| 3 | 310 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.08 | हिमांशु राय पुत्र रामदीन राय जाति कलार पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | भिक्कू पिता छब्बूलाल | रमेश पिता चैतराम | शासकीय | शासकीय | - | - | - | - |
| 4 | 313 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.18 | देवचंद दयाराम गनेश गनेशी पिता भंगी जयराम नंदराम अच्छेलाल क्रेताबाई दिव्या हीरालाल पिता मतीलाल जाति गोंड़ पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | शासकीय | भिक्कू पिता छब्बूलाल | शासकीय | शासकीय | - | - | - | - |
| 5 | 301 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.33 | संतोष संतलाल सतू बसंत शांतिबाई पिता सहाबू जाति गोंड पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | शासकीय | शासकीय | विपतलाल पि. संतरी | शासकीय | - | - | - | - |
| 6 | 295/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.04 | कृष्णकुमार सिम्मोबाई रघनिया सिमिया श्यामा हेमवती रुपवती श्यामकली पिता पूरनलाल जाति गौंड पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | शासकीय | मोहनलाल पिता बिरजू | शासकीय | कृष्णकुमार पिता पूरनलाल | - | - | - | - |
| 7 | 299/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.01 | विपतलाल पुत्र संतरी जाति गोंड पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | कृष्णकुमार पि. रतनलाल | विपतलाल पि. संतरी | शासकीय | शासकीय | - | - | - | - |
| 8 | 299/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.20 | सोहनलाल मंगलसी मोहनिया सोहनिया पिता बिरझू तेज लाल पिता परसादी दस्सी बिस्सु रमन सोहद्रा राजकुमारी छोटी संतोषी पिता सुमरन दयाराम सालकराम द्रोपती इमरती जानकी पिता नगची धनवती बाई पिता सिरजू जाति गौंड पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | कृष्णकुमार पिता पूरनलाल | विपतलाल पि. संतरी | शासकीय | शासकीय | - | - | - | - |
| 9 | 286 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.05 | शैलेन्द्र, लोकेश, मदन, अंजली पिता संतलाल जाति गौंड पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | शेलेन्द्र पिता संतलाल | शासकीय | शासकीय | शासकीय | - | - | - | - |
| | 288/376 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.03 | | सुंदरा पिता असाडू | शासकीय | शासकीय | प्रतिमा बाई पिता | - | - | - | - |
| 10 | 289 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.22 | आशीष भारती प्रीति पिता रामशरण जाति कलार पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | सुंदरा पिता असाडू | शासकीय | शैलेन्द्र पिता संतलाल | शासकीय | - | - | - | - |
| 11 | 283/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.03 | सुंदरा पत्नी असाडू जाति गौंड पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी | सकरू पिता परसराम | शासकीय | शासकीय | सुंदरा पिता असाडू | - | - | - | - |
| | 284/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.06 | | सकरू पिता परसराम | शैलेन्द्र पिता संतलाल | सुंदरा पिता असाडू | शासकीय | - | - | - | - |
| | 76/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.02 | | खानीबाई पिता घनश्याम | सहूलिया पिता असाडू | शासकीय | खानीबाई पिता घनश्याम | - | - | - | - |
| 12 | 277 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.01 | अभिनव राय पुत्र आशीष राय जाति कलार पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी | शासकीय | शासकीय | जयराम पि. नागची | शासकीय | - | - | - | - |
| 13 | 273/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.08 | दयाराम पिता नगची जाति गोंड पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी | शासकीय | शासकीय | शासकीय | जयराम पि. नागची | - | - | - | - |
| | 274/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.03 | | शासकीय | शासकीय | जयराम पि. नागची | अभिनव राय पि आशीष राय | - | - | - | - |
| 14 | 274/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.02 | सालकराम पुत्र नागची जाति गोंड पता बांकी सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | सालकराम पुत्र नागची | शासकीय | दयाराम पुत्र नगची | जयराम पि. नागची | - | - | - | - |
| 15 | 67 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.15 | सरूपचंद, भरोष, सकरवती, सुकरती, पिता तिलोकचंद समनवती बेवा सरोज मनीष, अनीष पिता सरोज जाति गौंड पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी | शासकीय | शासकीय | शासकीय | अनेकलाल पिता अतरलाल | - | - | - | - |
| 16 | 76/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.04 | साहूलिया पिता असाडू जाति गोंड पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी | सुंदरा पिता असाडू | शासकीय | शासकीय | महेंद्र पिता भागवती | - | - | - | - |
| 17 | 63/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.08 | मीनाक्षी पटेल पत्नी भरत पटेल रुचि लालवानी पत्नी घनश्याम लालवानी जाति सिंधी पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | शासकीय | महेंद्र पिता | शासकीय | शासकीय | - | - | - | - |
| | 78 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.09 | | खानीबाई पिता घनश्याम | खानीबाई पिता घनश्याम | शासकीय | शासकीय | - | - | - | - |
| | 79 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.06 | | शासकीय | खानीबाई पिता घनश्याम | शासकीय | खानीबाई पिता घनश्याम | - | - | - | - |
| | 85/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.15 | | शासकीय | सुरेशबाबू पि. पूरनलाल | प्रीति पिता नितिन | शासकीय | - | - | - | - |
| | 90 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.07 | | प्रीति पिता नितिन | खानीबाई पिता घनश्याम | प्रीति पिता नितिन | शासकीय | - | - | - | - |
| 18 | 50 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.04 | माया पिता ललितकुमार कलार पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | रामबती पिता सुक्कू | विपत पिता बडग | शासकीय | सरहद | - | - | - | - |
| 19 | 49/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.02 | रुपवती, रामवती पिता सुक्कू जाति गौंड पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | शासकीय | रामबती पिता सुक्कू | शासकीय | शासकीय | - | - | - | - |
| 20 | 83/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.21 | महेशकुमार पुत्र पूरनलाल जाति कलार पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | शासकीय | शिवनंदन पि. पनाराम | महेश पिता पूरनलाल | होरीलाल पि. पूरनलाल | - | - | - | - |
| | 83/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.16 | | शासकीय | शासकीय | ममता पिता महेश | महेश पिता पूरनलाल | - | - | - | - |
| 21 | 83/3 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.07 | होरीलाल पुत्र पूरनलाल जाति कलार पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | शासकीय | शासकीय | महेश पिता पूरनलाल | शासकीय | - | - | - | - |
| 22 | 84 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.13 | ममता पत्नी महेशकुमार जाति कलार पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | शासकीय | शासकीय | खानीबाई पिता घनश्याम | महेश पिता पूरनलाल | - | - | - | - |
| 23 | 86 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.09 | प्रीति पत्नी नितिन जाति कलार पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | शासकीय | आशीष पिता रामशरण | उदितशरण पि. तुलाराम | खानीबाई पिता घनश्याम | - | - | - | - |
| 24 | 34 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.10 | शशिबाई बेवा तुलाराम कंचन सियाबाई, सुशीला, शीला संतोषी, भूरी पिता तुलाराम जाति कुर्मी पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | शासकीय | शासकीय | दिनेश कुमार पिता रामदास | शासकीय | - | - | - | - |
| कुल योग:- | | | | 3.22 | | | | | | | | | |

1. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा ( प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी सिवनी जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है। 2. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा ( प्लान) का निरीक्षण कार्यालय कार्यपालन यंत्री पेंच व्यपवर्तन परियोजना नहर संभाग सिंगना तहसील चौरई जिला छिंदवाड़ा के कार्यालय में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(संस्कृति जैन)
कलेक्टर सिवनी एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला सिवनी (म.प्र.)

G-19242/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

**पाकिस्तान ने डोनाल्ड ट्रंप के नाम की नोबेल पुरस्कार के लिए सिफारिश क्या कर दी है कि डोनाल्ड ट्रंप पाक के वास्तविक जेहादी चरित्र को पूर्णतः नकार कर उसके सारे गुनाहों को दरकिनार करते हुए गले से लगा रहे हैं। स्मरण कीजिए 10 मई को राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर ऐलान किया था कि वाशिंगटन की मध्यस्थता के चलते भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा तकरीबन 42 दफा दोहराए गए इस दावे को और आगे भविष्य में ना जाने कितनी दफा दोहराया जाएगा। भारत सरकार ने राष्ट्रपति ट्रंप के दावे को कदाचित स्वीकार नहीं किया। इसी से ट्रंप खार खाए हुए हैं। यही कारण है कि वे आतंक के पोषक पाक के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल असीम मुनीर को शानदार इंसान और शानदार नेता बता रहे हैं। इस घटनाक्रम से स्पष्ट तौर से सिद्ध हो जाता है कि राष्ट्रपति ट्रंप भारत के प्रति किस कदर शत्रुतापूर्ण व्यवहार कर रहे हैं। वह भारत पर चौतरफा दबाव बनाने की कोशिशों में लगे हुए हैं। जब भारत उनके इस प्रेशर में आता नजर नहीं आ रहा तो अब वे ब्लैकमेलिंग पर उतर आए हैं। ट्रंप की इसी रणनीति का खुलासा करता *आजकल* का खास अंक...**

# ट्रंप लगातार भारत पर हमलावर क्यों





**विश्लेषण**
प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

**अंतरराष्ट्रीय संबंधों की अत्यंत कड़वी सच्चाई को हाल ही में भारत और अमेरिका के मध्य कूटनीतिक संबंधों में आ गई कटुता के आईने में देखा जा सकता है। राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में अंजाम दिए जा रहे सारे कारनामों के फलस्वरूप भारत के राष्ट्रीय हितों को गहन क्षति पहुंच रही है। हाल में ही राष्ट्रपति ट्रंप ने ऐलान कर दिया कि विदेशों में निर्मित ब्रांडेड दवाओं पर एक अक्टूबर 2025 से 100 प्रतिशत टैरिफ लागू हो जाएगा, जबकि भारत में निर्मित मेडिसिन बड़ी तादाद में अमेरिका को निर्यात की जाती है।**

अपने विगत कार्यकाल में राष्ट्रपति ट्रंप पाकिस्तान को वैश्विक जेहादी आतंकवादियों को पनाह देने वाला और परवरिश करने वाला सबसे खतरनाक और निकृष्ट मुल्क कहकर संबोधित करते थे। वर्तमान द्वितीय कार्यकाल में आश्चर्यजनक तौर पर डोनाल्ड ट्रंप के लिए पाकिस्तान सबसे प्यारा दुलारा मुल्क बन गया है।

हुकूमत ए पाकिस्तान ने डोनाल्ड ट्रंप के नाम की नोबेल प्राइज के लिए सिफारिश क्या कर दी है कि पाकिस्तान के वास्तविक जेहादी चरित्र को पूर्णतः नकार करके और उसके सारे गुनाहों को दरकिनार करके राष्ट्रपति ट्रंप ने उसको अपने गले से लगा लिया है। स्मरण कीजिए 10 मई को राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर ऐलान किया था कि वाशिंगटन की मध्यस्थता में हुई बातचीत के तत्पश्चात भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल संघर्ष विराम अंजाम देने के लिए सहमत हो गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा तकरीबन 42 दफा दोहराए गए इस दावे को और आगे भविष्य में ना जाने कितनी दफा दोहराया जाएगा। भारत सरकार ने राष्ट्रपति ट्रंप के दावे को कदाचित स्वीकार नहीं किया कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और भारत के मध्य जारी सैन्य संघर्ष में युद्ध विराम डोनाल्ड ट्रंप ने अंजाम दिलवाया था।

## राष्ट्रीय हित ही सर्वोपरि

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किसी भी तीसरे पक्ष के सक्रिय हस्तक्षेप से भारत सरकार ने स्पष्ट इनकार कर दिया है। यही प्रस्थान बिंदु है, जहां से डोनाल्ड ट्रंप की हमलावर शत्रुता भारत के विरुद्ध प्रारम्भ होती है। राजनेताओं के मध्य स्थापित हुए व्यक्तिगत रिश्ते किसी मुल्क की विदेश नीति का कदापि आधार नहीं बन सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और विदेश नीति में केवल राष्ट्रीय हित ही सर्वोपरि होते हैं। राष्ट्रीय हितों के सरोकार अंतरराष्ट्रीय संबंधों और विदेश नीति का सदैव ही आधार स्तंभ होते हैं। ग्लोबल इकोनॉमी का नारा अमेरिका द्वारा ही बुलंद किया गया था। आज के दौर में डोनाल्ड ट्रंप की कयादत में दुनिया को ग्लोबल विलेज बनाने का सपना चूर-चूर हो चुका है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों की अत्यंत कड़वी सच्चाई को हाल ही में भारत और अमेरिका के मध्य कूटनीतिक संबंधों में आ गई कटुता के आईने में देखा और परखा जा सकता है। राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में अंजाम दिए जा रहे सारे कारनामों के फलस्वरूप भारत के राष्ट्रीय हितों को गहन क्षति पहुंच रही है। राष्ट्रपति ट्रंप के कारनामों से अमेरिका भी गहरे गर्त में गिरता जाएगा। भारत की दोस्ती और भरोसा गंवाकर आखिरकार अमेरिका द्वारा चीन से किस तरह से मुकाबला किया जा सकेगा।

## ट्रंप का शत्रुतापूर्ण व्यवहार

पाकिस्तान अपने जन्म काल से ही भारत के दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन के तत्पश्चात एक शत्रु देश बन गया। भारत और पाकिस्तान के मध्य चार बड़े सैन्य युद्ध अंजाम दिए जा चुके हैं। इन चारों सैन्य युद्धों में बुरी तरह से शिकस्त खाकर और भारत के विरुद्ध सीधा युद्ध करने की कुव्वत नहीं रख सकने के कारणवश पाकिस्तान के हुक्मरान विगत तकरीबन 37 वर्षों से भारत के विरुद्ध कश्मीर में प्राक्सी बार संचालित कर रहे हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का और उसके सैन्य कमांडर इन चीफ जनरल आसिफ मुनीर का रेड कारपेट बिछाकर राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा व्हाइट हाउस में खैरमक़दम अंजाम दिया गया। राष्ट्रपति ट्रंप के संबोधन के मुताबिक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और पाकिस्तान के फील्ड मार्शल शानदार इंसान हैं। इस घटनाक्रम से स्पष्ट तौर से सिद्ध हो जाता है कि राष्ट्रपति ट्रंप भारत के प्रति किस कदर शत्रुतापूर्ण व्यवहार कर रहे हैं। हाल ही में सऊदी अरब और पाकिस्तान के मध्य संपन्न हुई सैन्य संधि जिसे स्ट्रैटेजिक म्युचुअल डिफेंस एग्रीमेंट शीर्षक प्रदान किया गया, इस सऊदी-पाक सैन्य संधि को अंजाम तक ले जाने की पृष्ठभूमि में जो शख्सियत विद्यमान है वो है अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप। दूसरे विश्व युद्ध के बाद अभी तक गल्फ मुल्कों को सैन्य संरक्षण अमेरिका प्रदान करता रहा है।

## गल्फ मुल्कों को पाक संरक्षण

अब मुस्तक़बिल में गल्फ मुल्कों को सैन्य संरक्षण अमेरिका का सबसे प्यारा देश बन गया पाकिस्तान उपलब्ध कराएगा। क्योंकि विश्व पटल पर पाकिस्तान ही एकमात्र ऐसा इस्लामिक देश है, जिसके पास परमाणु अस्त्रों की अत्यंत विकट शक्ति विद्यमान है। हालांकि इस्लामी देशों की कतार में अमेरिका का प्रबल शत्रु देश ईरान भी परमाणु शक्ति संपन्न देश बन जाने के कगार पर है। ऑर्गेनाइजेशन का इस्लामिक कंट्रीज (ओआईसी) का लीडर मुल्क सऊदी अरब रहा है। डोनाल्ड ट्रंप सऊदी अरब को भारत का शत्रु और पाकिस्तान का परम मित्र बनने पर आमादा हो गए हैं। अपने चेहते देश पाकिस्तान पर डोनाल्ड ट्रंप ने केवल 19 प्रतिशत टैरिफ आयद किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ऐलान किया है कि पाकिस्तान के तेल भंडारों के विकास पर भी जबरदस्त इमदाद प्रदान की जाएगी। अमेरिका को अगेन ग्रेट और अमेरिका फर्स्ट बनाने का नारा बुलंद करने वाले डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में बड़े-बड़े ऐलान किए थे कि वह दो दिनों के अंदर यूक्रेन-रूस की जंग को समाप्त कर देंगे और गाजा जंग का खात्मा कर देंगे। राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री नेतन्याहू को कूटनीतिक दबाव में लेने में नाकाम रहे, डोनाल्ड ट्रंप अब रूस-यूक्रेन युद्ध की तोहमत को भारत पर थोपने में लगे हुए हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप की गुस्ताखी देखिए कि उनके द्वारा चीन के मुकाबले में दोगुना टैरिफ भारत पर आयद कर दिया गया। साम्यवादी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ट्रंप द्वारा थोपे गए टैरिफ के जवाब में अमेरिका पर दो गुना टैरिफ आयद कर दिया है। फिर क्या था ट्रंप ने चीन पर टैरिफ बहुत कम कर दिया। लोकतांत्रिक भारत ने वस्तुतः अभी तक अत्यंत सदाशयता के साथ काम लिया है और अमेरिकी टैरिफ का कदाचित कड़ा प्रति उत्तर नहीं दिया है। अमेरिका के नेतृत्व में नाटो सैन्य संगठन के यूरोपियन देश रूस के साथ कितना बड़ा व्यापार यूक्रेन युद्ध के दौर में जारी रखे हुए हैं। इस जीवंत तथ्य पर कोई तल्ख टिप्पणी ट्रंप आखिरकार क्यों नहीं करते हैं?

## नोबेल पीस प्राइज की सनक

हाल में ही राष्ट्रपति ट्रंप ने ऐलान कर दिया कि विदेशों में निर्मित ब्रांडेड दवाओं पर एक अक्टूबर 2025 से 100 प्रतिशत टैरिफ लागू हो जाएगा। भारत में निर्मित जेनेरिक और ब्रांडेड मेडिसिन बड़ी तादाद में अमेरिका को निर्यात की जाती है। डोनाल्ड ट्रंप भारत के साथ-साथ अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण तौर पर अमेरिका पर भी हमला कर रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप की नोबेल पीस प्राइज हासिल करने की अपनी सनक में आगे देखना है कि क्या-क्या नए गुल खिलते हैं।

# आक्रामक कूटनीति ही शांति का आधार



**रणनीति**
कांतिलाल मांडोत
स्वतंत्र पत्रकार

सुपर पावर अमेरिका को टक्कर देने वाला चीन आज भी एक विकासशील देश है। स्वतंत्र भारत में विदेश नीति की शुरुआत कल्पनाओं से हुई, जिसका भारी खामियाजा हमें आज तक भुगतना पड़ रहा है। पहले पाकिस्तान और उसके बाद चीनी आक्रमण के बाद भारत की मोदी सरकार ने सबसे पहले सैन्य को मजबूत करने पर ध्यान दिया किन्तु कूटनीति और विदेश नीति कैसे चलानी चाहिए, यह हमने अभी तक नही सीखा है। पिछले तीन दशक से चीन सामरिक और आर्थिक रूप से भारत से बहुत आगे निकल गया है। चीन एक कम्युनिस्ट देश है और उसका पूरा तंत्र सत्ता द्वारा नियंत्रित है। चीन के शासन का अपने यहां लोगों और साधनों पर पूरा नियंत्रण है। उसके शासकों के लिए नीतियां बनाना और उन्हें बलपूर्वक लागू करना आसान है इसलिए उसने तीन दशक से सामरिक और आर्थिक शक्ति में जो अभूतपूर्व प्रगति की है उसे समझा जा सकता है। चीन एक विशाल देश और अत्यंत प्राचीन सभ्यता है। उसके पास न प्रतिभा की कमी है, न साधनों की। लेकिन चीन जैसी केंद्रीय व्यवस्थाओं को सर्वतोमुखी विकास सम्भव नहीं होता। यूरोप और अमेरिका के बीच चीन की बढ़ती हुई शक्तियों को इसी रूप में देखा जा सकता है। विशेष तौर से अमेरिका इसे एक चुनौती की तरह देखने लगा है। इस समय अमेरिका विश्व की प्रमुख तरह की शक्ति है और उसे लग रहा है कि चीन उसके लिए धीरे-धीरे सामरिक और आर्थिक चुनौती बनता जा रहा है। इस आधार पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प चीन को घेर रहे हैं। उसके साथ भारत पर हावी होने और कूटनीतिक दृष्टिकोण से भारत पर कड़क आर्थिक मार देकर भारत को दबा रहे हैं। चीन से सावधान रहने की बार-बार चेतावनी मिलती रही है। भारत के प्रति सम्मानपूर्ण व्यवहार किन कारणों से करेगा? कोई ठोस आधार ही वह कारण हो सकता है जो भारत के पास हो। हम शांतिप्रेमी हैं, यह कोई कारण नहीं जिससे कोई देश हमें महत्व दे। भारत की इसी आधार पर उपेक्षा भी कर सकता है कि ऐसे देश से कोई समस्या नहीं होने वाली। वह इतना स्पष्ट है कि भारतीय नेताओं द्वारा इसे न समझा जाना आश्चर्यजनक है। पड़ोसी देश भी भारत के लिए कुतर्क की बात कर डराना चाहते हैं। पाकिस्तान कंगाल देश होने के बावजूद और भारत की ताकतवर सेना होने के बाद भी धमकियां देता है। चीन में अब तक कोई भी आतंकवादी हमला क्यों नही हुआ? क्योकि मुसलमानों को चीन के संविधान का पालन करना पड़ता है। चीन में मुसलमानों के साथ कैसा व्यवहार होता है, उसके लिए पाकिस्तान और कट्टरवादी समाज उनका विरोध क्यों नहीं करते हैं। इसलिए भारत को आक्रामक होना होगा। भारत को धमकियों से डरने की प्रवृति छोड़नी चाहिए। यह प्रवृत्ति दुश्मनों को आकर्षित करती है। चीन के साथ हमारी पराजय ग्रंथि दूर कर एक मंच पर मोदी व शी जिनपिंग ने द्विपक्षीय व्यापार समझौता किया। चीन ने कई वर्षों तक भारत से किनारा किया। अमेरिका के बढ़ते दबाव के कारण भारत से चीन ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया। चीन ने अमेरिका और भारत के बीच तनाव को देखते हुए भारत के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बंध स्थापित कर लिए। चीन ने एक तीर से दो निशाने साधे हैं। भारत के साथ आयात निर्यात की सभी सीमाएं खत्म होने के बाद चीन को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। इस बीच भारत और अमेरिका के टैरिफ को लेकर बिगड़ते रिश्तों को देखकर चीन ने पासा फेंककर भारत के साथ राजनयिक रिश्ते मजबूत कर लिए लेकिन पाकिस्तान को मदद करना चीन ने आज भी नहीं छोड़ा है। चीन ने पाकिस्तान के साथ हजारों करोड़ का सौदा किया है। चीन अभी भी विकासशील देश का टैग पहने हुए है। यह नकाब कब उतरेगा, क्योंकि विकासशील देश का टैग पहने रहने से टैरिफ और एसडीटी जैसी सब्सिडी का लाभ मिलता है। अमेरिका से धोखा मिलने के बाद चीन ने भारत को बहुत बड़ा मार्केट दिया। 1962 के बाद भारत ने डटकर तिब्बत की स्वायत्तता का मुद्दा उठाया होता तो निश्चित मानिए चीन को हमारे साथ सद्भावनापूर्ण सम्बंध बनाने की चिंता होती। चीन के प्रति अब तक हमारा जो अज्ञान बना हुआ था, उसके कारण हम न उसकी वास्तविक शक्ति को समझते हैं, न कमजोरियों को। चीन ने भी इतने वर्षों तक हमारे बारे में अज्ञानतावश उतने ही भ्रम पाले हुए थे। लेकिन दोनों देशों के बीच सुधरे रिश्तों ने नई मिसाल पेश की है। चीन ने हमारे साथ शत्रु भाव पाल रखा था। उसकी जड़ें पाकिस्तान था क्योंकि भारत में पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादियों के कहर को पाकिस्तान भारत की चाल करार देता था। चीन ने पाकिस्तान को हमेशा गुलाम बनाकर रखा है। चीन ने हजारों हैक्टेयर जमीन पाकिस्तान से अनुदान के एवज में कब्जाई हुई है। फिर भी चीन से भारत को सतर्क रहना होगा।

**अमेरिका को लग रहा है कि चीन उसके लिए चुनौती बनता जा रहा है। इस आधार पर ट्रम्प चीन को घेर रहे हैं। उसके साथ कूटनीतिक दृष्टिकोण से कड़क आर्थिक मार देकर भारत को दबा रहे हैं।**

# प्रतिभा के पलायन को रोकने का बड़ा मौका



**अवसर**
प्रो. महेश चंद गुप्ता
शिक्षाविद व चिंतक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा फीस में बेतहाशा बढ़ोतरी कर दी है। पहले जहां यह फीस लगभग 80 हजार रुपये थी, वहीं अब इसे 80 लाख रुपये तक बढ़ा दिया है। स्वाभाविक है कि अब पहले जितनी संख्या में भारतीय युवा अमेरिका नहीं जा पाएंगे। इस फैसले से दुनिया भर में उथल-पुथल मची है, जिसका फायदा उठाने की कोशिश चीन कर रहा है। उसने 'के वीजा' नामक नई श्रेणी की घोषणा की है जिसके तहत वह दुनिया भर के युवा वैज्ञानिकों और तकनीकी प्रोफेशनल्स को अपने यहां आकर्षित करना चाहता है। यह वीजा शिक्षा, संस्कृति, विज्ञान तकनीक और व्यवसाय के क्षेत्र में अवसर उपलब्ध कराएगा। भारत के लिहाज से यह स्थिति एक बड़ी चुनौती और अवसर दोनों लेकर आई है। चुनौती इसलिए क्योंकि अमेरिकी दरवाजे बंद होने के बाद चीन नए अवसर देकर हमारी प्रतिभाओं को अपने यहां खींच सकता है। अवसर इसलिए है क्योंकि यह भारत के लिए प्रतिभा पलायन रोकने का सुनहरा मौका है। अब जरूरत इस बात की है कि सरकार, उद्योग जगत और कॉर्पोरेट सेक्टर मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करें जहां हमारे युवा देश में रहकर ही अपने सपनों को साकार कर सकें। भारत हमेशा से ही शिक्षा और प्रतिभा के मामले में समृद्ध रहा है पर प्रतिभा पलायन हमारी बड़ी समस्या है। हर साल लाखों छात्र-छात्राएं इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट और रिसर्च के क्षेत्र में पढ़ाई पूरी करते हैं लेकिन अफसोस है कि उनमें से बड़ी संख्या में युवा विदेशों का रुख कर लेते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि भारत में शोध के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं होते हैं, रोजगार के अवसर सीमित हैं और जो अवसर उपलब्ध हैं, उनमें योग्य प्रतिभा को सम्मान और सुरक्षा का अभाव है। डॉक्टर, इंजीनियर और आईटी प्रोफेशनल विदेश जाकर वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं जबकि उनकी प्रतिभा का लाभ भारत को मिलना चाहिए। एक तरफ हम युवाओं की शिक्षा पर करोड़ों रुपये खर्च करते हैं, दूसरी ओर वे अवसरों की कमी के कारण देश छोड़ जाते हैं। यह भारत के विकास के लिए बड़ी हानि है। ट्रंप का वीजा फीस वृद्धि का कदम दुनिया के कई देशों के लिए चिंता का विषय हो सकता है लेकिन भारत को इसे सकारात्मक रूप में देखना चाहिए। कुल मिलाकर, अमेरिकी कदम भारत के लिए सकारात्मक है। इससे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए कि हम अपनी प्रतिभा को यहीं रोकें और उन्हें ऐसे अवसर दें जिससे वे विदेश जाने की बजाय देश में ही काम करें। अगर हम अपने युवाओं को यहीं अवसर देंगे तो देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। तकनीकी और डिजिटल क्षेत्र में आत्मनिर्भरता संभव होगी। मेड इन इंडिया का सपना साकार होगा।

**अब जरूरत इस बात की है कि सरकार, उद्योग जगत और कॉर्पोरेट सेक्टर मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करें जहां हमारे युवा देश में रहकर ही अपने सपनों को साकार कर सकें।**

# फिलहाल ट्रंप का ब्रांडेड दवाओं पर टैरिफ भारत के लिए बेअसर



**चुनौती**
डॉ. जयंतीलाल भंडारी
प्रसिद्ध अर्थशास्त्री

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 26 सितंबर को ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान करके एक बार फिर टैरिफ लगाने की ट्रंप श्रृंखला को आगे बढ़ा दिया है। यह टैरिफ 1 अक्टूबर 2025 से लागू होगा। इससे पहले ट्रंप ने 27 अगस्त से भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। फिलहाल ट्रंप के दवा टैरिफ का भारतीय फॉर्मा कंपनियों पर ज्यादा असर नहीं होगा। कारण यह कि भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाली दवाओं में पेटेंट दवाओं का हिस्सा महज पांच फीसदी है और जेनेरिक दवाओं का हिस्सा 95 फीसदी है।

उल्लेखनीय है कि दवा टैरिफ उन कंपनियों पर नहीं लगेगा जो अमेरिका में ही दवा बनाने के लिए अपना प्लांट लगा रही हैं। ट्रंप ने यह साफ संकेत दिया है कि अगर किसी फार्मा कंपनी की अमेरिका में दवाओं की मैन्युफैक्चरिंग में दिलचस्पी है तो उसे 100 फीसदी टैरिफ से छूट मिलेगी। साथ ही किसी कंपनी ने अमेरिका में अपना प्लांट लगाना शुरू कर दिया है तो उसे भी इस 100 फीसदी टैरिफ से छूट मिलेगी। इसका उद्देश्य दुनिया की बड़ी फार्मा कंपनियों को अमेरिका में उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करना है। इस फैसले का ज्यादा असर उन देशों पर पड़ेगा जहां की फार्मा कंपनियां अमेरिका को ब्रांडेड दवाओं का निर्यात करती हैं।

गौरतलब है कि ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई और जेनेरिक दवाई में बड़ा अंतर है। चूंकि जेनेरिक दवाई का कोई नया पेटेंट नहीं होता, यह पहले से ही मौजूद फॉर्मूले पर आधारित होती है, अतएव जेनेरिक दवा बनाने वाली कंपनियों को रिसर्च का खर्च नहीं उठाना पड़ता, इसलिए जेनेरिक दवाइयों की कीमत ब्रांडेड दवा के मुकाबले बहुत कम होती है। खास बात यह है कि भारत जेनेरिक दवाइयां अमेरिका को निर्यात करने वाला सबसे बड़ा देश है। पिछले वर्ष 2024-25 में भारत ने अमेरिका को लगभग 10 अरब डॉलर की दवाइयां भेजीं, जो भारत के कुल दवा निर्यात का करीब एक तिहाई से अधिक है। निश्चित रूप से ट्रम्प ने ब्रांडेड दवाओं पर टैरिफ लगाने का फैसला अमेरिका में दवा उत्पादन को बढ़ाने के लिए लिया है। ट्रम्प का दवाई टैरिफ 'अमेरिका फर्स्ट' और 'मेक इन अमेरिका' नीति का हिस्सा है। ट्रम्प का यह भी



**भविष्य में जेनेरिक दवाइयों पर किसी टैरिफ या अन्य कोई चुनौती के मद्देनजर भारत को फॉर्मा उद्योग के क्षेत्र में रणनीतिपूर्वक मजबूत होना होगा। इससे सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था लाभांवित होगी।**

मानना है कि दवाओं के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। कोरोना महामारी के दौरान अमेरिका ने यह देखा है कि अगर दवाई की सप्लाई चेन टूटती है तो अमेरिका में दवाओं की भारी कमी हो सकती है। ऐसे में ट्रंप ने ब्रांडेड दवाओं पर टैरिफ लगाकर, अमेरिका की पूरी फार्मा सप्लाई चेन को सुरक्षित करने का कदम उठाया है। ट्रंप के द्वारा जेनेरिक दवाओं पर टैरिफ नहीं लगाने के कुछ विशेष कारण भी उभरकर दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका में डॉक्टर रोगियों के लिए जो प्रिसक्रिप्शन लिखते हैं, उनमें से हर 10 में से करीब 4 दवाइयां भारतीय कंपनियों द्वारा बनाई गई जेनेरिक दवाइयां होती हैं। इतना ही नहीं जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं से 80-90 फीसदी तक सस्ती होती हैं। ऐसे में अगर जेनेरिक दवाओं पर भी 100 फीसदी टैरिफ लग जाता, तो जेनेरिक दवाओं की कीमत बहुत बढ़ जाती। इससे अमेरिकी नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवा बहुत महंगी हो जाती, और यह सीधे तौर पर ट्रंप के लिए नए घरेलू असंतोष का कारण बन सकता था। दरअसल, भारतीय जेनेरिक दवाइयां अमेरिका के लिए लागत-बचत का एक अवसर है। आशंका है कि ट्रंप रणनीतिपूर्वक आगामी समय में जेनेरिक दवाइयों को भी टैरिफ के दायरे में ला सकते हैं। ऐसी आशंका के मद्देनजर भारत के शेयर बाजार में गिरावट भी आई है। विशेष रूप से फॉर्मा कंपनियों के शेयर मूल्य में बड़ी गिरावट दिखाई दी है। ऐसे में भारत को निर्यात तथा संपूर्ण अर्थव्यवस्था के लिए मूल्यवान फॉर्मा सेक्टर की डगर पर नीतिगत बदलावों के लिए तैयार रहना होगा।

भारत में पेटेंटेड ड्रग मैन्युफैक्चरिंग के लिए रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ाना होगा। निवेश के लिए इंटरनेशनल पार्टनर्स तलाशने होंगे। वैश्विक सप्लाई चेन को मजबूत बनने बारे में रणनीति बनानी होगी। देश में दवाइयों की गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा। सरकार के द्वारा फॉर्मा सेक्टर से संबंधित बुनियादी ढांचा को मजबूत बनाया जाना होगा। यद्यपि ट्रंप के द्वारा ब्रांडेड दवाओं पर लगाए गए 100 फीसदी टैरिफ फिलहाल भारत के लिए बेअसर हैं, लेकिन भविष्य में जेनेरिक दवाइयों पर किसी टैरिफ या अन्य कोई चुनौती के मद्देनजर भारत को फॉर्मा उद्योग के क्षेत्र में रणनीतिपूर्वक मजबूत होना होगा। इससे भारत का जो दवाई उद्योग वर्तमान में 55 अरब डॉलर के स्तर पर है, वह 2030 तक करीब 130 अरब डॉलर और 2047 तक करीब 450 अरब डॉलर की ऊंचाई पर दिखाई दे सकेगा। इससे रोजगार बढ़ेंगे, निर्यात बढ़ेंगे और सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था लाभांवित होगी।

# भारत को अस्थिर करने के लिए पाकिस्तानी कंधे की टेक



**भेंटवार्ता**
विकेश कुमार बडोला
स्वतंत्र स्तंभकार

गत बृहस्पतिवार व्हाइट हाउस ओवल कार्यालय में ट्रंप के निमंत्रण पर पहुंचे पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ व सेना प्रमुख आसिम मुनीर की अमेरिकी राष्ट्रपति से हुई भेंटवार्ता दुनिया के लिए रहस्य बनी हुई है। दोनों पक्षों की भेंट का वास्तविक कारण सार्वजनिक नहीं किया गया है। एकल अथवा संयुक्त रूप में भी कोई ऐसा वार्ता-विवरण प्राप्त नहीं हुआ, जो अकस्मात हुई दोनों पक्षों की वार्तालाप का कोई ठोस उद्देश्य प्रकट कर सके। अमेरिका के स्तर पर पाकिस्तान के साथ होने वाली ऐसी गुप्त वार्ता विश्व के लिए एक असुरक्षित कूटनीतिक संकेत है। जून 2025 में भी ट्रंप ने ऐसा ही किया था। तब वे कनाडा में आयोजित हो रही जी-7 की बैठक बीच में ही छोड़, अमेरिकी ओवल कार्यालय में आसिम मुनीर के स्वागत हेतु पहुंच गये थे। वह प्रकरण भी अति विचित्र था। तब जी-7 में भारतीय प्रधानमंत्री मोदी का, आमंत्रित देश के प्रधान के रूप में उपस्थित होना ट्रंप के लिए असहज हो गया था। अतः मुनीर व ट्रंप की तत्कालीन भेंट भारत के संदर्भ में एक अप्रत्याशित कूटनीतिक उलझन बन गई थी। अब पुनः ट्रंप का मुनीर व शरीफ से मिलना, भारत के लिए नई कूटनीतिक समस्या उत्पन्न कर रहा है। ट्रंप की पाकिस्तानी शासकों के साथ ये उलझी हुई मैत्रीपूर्ण गुत्थी, भारत व अमेरिका के अनेक स्तरीय संबंधों को दिनोंदिन अविश्वास में धकेल रही है।

ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका तथा पाकिस्तान का यह नवीन संधि-आग्रह अवश्य ही भारत के प्रति दोनों देशों द्वारा बनाई-अपनाई जा रही किसी न किसी दूरगामी कूटनीति का संकेत है। इसका प्राथमिक व प्रत्यक्ष संबंध, दस दिन पहले ही अमेरिकी योजना से पाकिस्तान-सऊदी अरब के मध्य संपन्न हुए रणनीतिक सुरक्षा अनुबंध से है। भारत के प्रति पाकिस्तान के शत्रुतापूर्ण आचरण को देख-समझ कर भी अपने व भारत के अनेक क्षेत्रों के महत्वपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों को 'रणनीतिक सुरक्षा अनुबंध' द्वारा तिरोहित करने वाले सऊदी अरब को भारत ने दस दिनों में ही कई आघात दे दिए हैं। भारत ने अरब देश के



**ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका तथा पाकिस्तान का यह नवीन संधि-आग्रह अवश्य ही भारत के प्रति दोनों देशों द्वारा बनाई-अपनाई जा रही किसी न किसी दूरगामी कूटनीति का संकेत है।**

अनेक निवेश समझौतों को समीक्षा पटल पर रख दिया है। भारत से विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों द्वारा लाभान्वित होने वाले अरबी व्यापारियों के मध्य तीव्र हलचल मची हुई है। वे अरब के मुखिया को इस बारे में चेतावनियां दे रहे हैं। सऊदी ने भारत के साथ उभरती अपनी इस नवीन समस्या के बारे में जब अमेरिका को सूचित किया या अमेरिकी शासन की प्रमुख गुप्तचर मण्डली ने जब इसका स्वयं संज्ञान लिया तो स्थितियों पर नया विचार हुआ। इसीलिए अधिक संभावना यही है कि इस प्रकरण पर आगे की रणनीति निर्धारित करने सऊदी की ओर से पाकिस्तानी प्रमुखद्वय ओवल कार्यालय में ट्रंप से मिलने चले गए।

यह स्पष्ट होता चला जा रहा है कि ट्रंप भारत को अस्थिर करने के लिए पाकिस्तानी कंधे का प्रयोग कर रहे हैं अथवा पाकिस्तान समेत अनेक मध्य पूर्वी मुस्लिम देशों की हिन्दू विरोधी मानसिकता को भांपकर अपने व अपने परिवार के व्यवसाय के प्रसार हेतु ऐसे देशों की भारत विरोधी कूटनीति-राजनीति को बढ़ाने में सहयोग कर रहे हैं, ताकि वे इनके साथ मनमाने व्यापारिक अनुबंध करके इनकी ओर से अमेरिकी अधिवक्ता बनने का अभिनय कर सके। ट्रंप के बारे में यह तो निश्चित है कि वे देशों के मध्य युद्ध को भड़काकर और फिर शीघ्र अयुद्धक शांति की घोषणा करने का मूल्य, अमेरिका व अपना व्यापार बढ़ाकर अर्जित करना चाहते हैं।

विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या धारक भारत के साथ अमेरिकी अनुकूलता के आधार पर व्यापारिक अनुबंध न होने के कारण तथा चीन को अपने अधिक लाभांश हिस्से पर व्यापार करने के लिए सहमत न कर पाने के कारण, अब अमेरिका के लिए और विशेषकर ट्रंप व उनके परिजनों के व्यापार हेतु जनसंख्या से भरे पड़े तथा अमेरिकी शर्तों पर कुछ भी करने को सहमत होने वाले पाकिस्तान व बांग्लादेश जैसे देशों से ही अमेरिका, अमेरिकी व्यापारी तथा ट्रंप व्यावसायिक लाभार्जन करना चाहते हैं।

शरीफ व मुनीर के साथ ट्रंप की अप्रत्याशित, अनियोजित भेंट का मूल उद्देश्य तो पाकिस्तान समेत दूसरे मुसलिम देशों में अमेरिकी व्यापार की संभावनायें ढूंढना है, किंतु लगे हाथ मोदी से व्यक्तिगत शत्रुता प्रदर्शित करने के लिए भारत के विरुद्ध पाकिस्तान के स्तर पर किसी न किसी अशुभकारी षड्यंत्र की रूपरेखा बनाना भी हो सकता है।

# एशिया कप सट्टाः पुलिस ने 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार, 7 लाख रुपये का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन जब्त

**सतना। सिविल लाइन थाना पुलिस ने भारत-श्रीलंका एशिया कप क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है और 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा जारी समाचार में बताया गया है कि सिविल लाइन थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि उमा विला सोसायटी के मकान नंबर 1 (पुष्पेन्द्र द्विवेदी का मकान) के अंदर कुछ व्यक्ति अवैध रूप से रुपए-पैसों के हार-जीत का दांव लगाकर ऑनलाइन सट्टा खेल रहे हैं।**

सूचना मिलते ही,थाना प्रभारी सिविल लाइन ने थाना टीम और सायबर सेल की एक संयुक्त टीम गठित कर तत्काल बताए गए स्थान पर दबिश दी। मकान के कमरे में छह व्यक्ति मिले,जो अपने पास रखे 14 नग मोबाइल और लैपटॉप पर 'रेड्डी अन्ना गेमिंग एप' के माध्यम से भारत-श्रीलंका मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिला रहे थे। आरोपियों ने ग्राहकों को सट्टा खिलाना स्वीकार किया। उनके मोबाइल और लैपटॉप की जाँच करने पर,सभी में रेड्डी अन्ना ऑनलाइन गेमिंग एप चालू पाया गया। इसके अलावा,उपकरणों में करीब सात लाख रुपये के ऑनलाइन ट्रांजैक्शन का लेखा-जोखा भी मिला, जिसे जब्त कर लिया गया है।





### गिरफ्तार आरोपी और जब्त सामग्री

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में झारखंड (धनबाद), बिहार (भोजपुर व मधुबनी) और सतना (मध्य प्रदेश) के निवासी शामिल हैं। आरोपी पुष्पेंद्र द्विवेदी सतना का निवासी है,जिसके मकान में यह अवैध गतिविधि चल रही थी।जब्त की गई सामग्री में 14 नग अलग-अलग कंपनी के मोबाइल फोन व लैपटॉप शामिल हैं,जिनकी अनुमानित कीमत करीब 4,00,000 (चार लाख रुपये) है,साथ ही सात लाख रुपये के ट्रांजैक्शन का लेखा-जोखा भी जब्त किया गया।आरोपियों के विरुद्ध थाना सिविल लाइन, में अपराध क्रं. 625/25 धारा 4 (क) पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट 1976 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। कार्रवाई में निरीक्षक योगेन्द्र सिंह परिहार सहित सायबर सेल और सिविल लाइन थाने के कई पुलिसकरमी शामिल रहे।

## लौट रहे ट्रांसपोर्टर को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौके पर ही दर्दनाक मौत

रीवा। शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसे में ट्रांसपोर्ट व्यवसायी की दर्दनाक मौत हो गई। बता दे स्कूटी से लौट रहे 65 वर्षीय ट्रांसपोर्टर को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। यह हृदयविदारक घटना चोरहटा थाना से कुछ ही दूरी पर स्थित रामकृष्ण आश्रम के सामने तड़के करीब 5 बजे की बताई जा रही है।मृतक की पहचान अजय चंद शुक्ला, निवासी दुर्गा नगर, पड़रा, के रूप में हुई है। वे पिछले कई वर्षों से ट्रांसपोर्टिंग व्यवसाय से जुड़े हुए थे और इलाके में एक जिम्मेदार व्यापारी के रूप में जाने जाते थे। जानकारी के अनुसार, उनके ट्रांसपोर्ट की गाड़ी रीवा पहुंची थी, जिसके संचालन व निगरानी के लिए वे तड़के ही स्कूटी से निकले थे। काम निपटाने के बाद जब वह सुबह करीब 5 बजे वापस अपने घर लौट रहे थे, तभी चोरहटा थाना के समीप रामकृष्ण आश्रम के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

# पुराने मामले में राजीनामा न देने पर चार आरोपियों ने 2 सगे भाइयों के साथ की मारपीट, 4 पर मामला दर्ज

**छतरपुर।** आज कल जिले में पुराने मामलों में राजीनामा के लिए फरियादी पक्ष पर दबाव बनाया जाता है और जब राजीनामा के लिए फरियादी पक्ष तैयार नही होता, तो उसके साथ मारपीट की जाती है। ऐसा ही एक मामला सिटी कोतवाली के अंतर्गत बसारी दरवाजे के पास का सामने आया है यहां दो सगे भाइयों के साथ इसलिए मारपीट कर दी गई क्योंकि उन्होंने पुराने मामले में राजीनामा देने से इन्कार कर दिया, दोनो सगे भाइयों को मारपीट मे चोटें भी आई है। जिस पर कोतवाली में रिपोर्ट की गई है। कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों के विरूद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।




अमानगंज मोहल्ला निवासी गौरीशंकर अहिरवार पिता धनीराम अहिरवार ने अपने भाई अमन अहिरवार और मां विन्नईया अहिरवार के साथ कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट लिखाई की मेरी मां बसारी दरवाजे में डॉ.ह्रदेश खरे के पास सब्जी की दुकान लगाती है। बीते रोज में अपनी मां की सब्जी की दुकान के पास खड़ा था तभी गौरव बाल्मीक, सौरभ बाल्मीक, सत्यम बाल्मीक, ऋषि बाल्मीक, डंडा लेकर आए। और सौरभ बाल्मीक उससे कहने लगा कि कल बाथरूम करने के बिवाद पर जो रिपोर्ट की है। उस पर राजीनाम दे दो । लेकिन गौरीशंकर अहिरवार ने राजीनामा देने से मना कर दिया तब इसी बात को लेकर चारो लोगों ने उसे भद्दी भद्दी गालियां दी और मना करने पर सौरभ बाल्मीक ने गौरीशंकर अहिरवार को डंडा मार दिया। जिससे उसके सिर से बाई तरफ से खून निकलने लगा। फिर दूसरे डंडे का ठूसा ऋषि बाल्मीक ने मारा जो उसके नाक में लग गया और उसके नाक से खून निकलने लगा। जिससे गौरीशंकर अहिरवार जमीन पर गिर गया। जिससे उसे चोटे आई बह चिल्लाया तो मां विन्नईया अहिरवार व भाई अमन अहिरवार बचाने के लिए आए तो गौरव बाल्मीक एवं सत्यम बाल्मीक ने मेरी मां के साथ भी मारपीट की जिससे उन्हें चोटे आई और कमर मे मुंदी चोट है। भाई अमन अहिरवार को सौरभ बाल्मीक, गौरव बाल्मीक, सत्यम बाल्मीक ने डंडे से मारपीट की जिससे उसके सिर सहित पैर के दोनों घुटनों मे चोटे आई घटना के समय मेहताव मंसूरी, अभिषेक खटीक मौजूद थे जिन्होंने घटना देखी और बीच-बचाव किया लेकिन चारों आरोपी जाते जाते यह धमकी देकर गए कि अगर राजीनामा नही दिया तो जान से खत्म कर देगे। कोतवाली में उक्त चारो आरोपियों के विरूद्ध बीएनएस 2023 की धारा 296,115 (2)351(3),3 (5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। कोतवाली टीआई ने बताया कि सभी आरोपियों की तलाश की जा रही है। और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 250 एकड़ वन भूमि अतिक्रमण से मुक्त

**अजयगढ़।** धरमपुर वन विभाग ने परिक्षेत्र की बीट भेरहा में बड़ी कार्यवाही करते हुए 250 एकड़ अवैध अतिक्रमित वन भूमि को मुक्त कराया है। जानकारी के अनुसार इस कार्यवाही में संयुक्त वन प्रबंधन समिति के सदस्य, ग्रामीण, थाना धरमपुर का पुलिस बल तथा वन विभाग का पूरा अमला शामिल रहा। यह कार्यवाही मुख्य वन संरक्षण (वन वृत्त) और वनमंडलाधिकारी उत्तर पन्ना के मार्गदर्शन तथा उप वनमंडलाधिकारी विश्रामगंज अंसुल तिवारी के निर्देशन में सम्पन्न हुई। टीम ने समय-समय पर संयुक्त वन प्रबंधन समिति एवं ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर सामंजस्य बनाया और अंततः परिक्षेत्र धरमपुर की बीट भेरहा के वन कक्ष क्रमांक पी-33 एवं पी-37 में 250 एकड़ भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। साथ ही क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सीपीटी खुदाई कर धेराबंदी भी कराई गई है।

# युवक पर जानलेवा हमला



**मैहर।** मैहर नगर में बीती रात दीपक तिवारी उर्फ सोनू नामक युवक पर कातिलाना हमला किया गया। हमले की वजह पुरानी रंजिश बताई गई है। इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है और आम नागरिकों के बीच भी पुलिस से सख्त कार्यवाही की माँग तेज हो गई है। देर रात लगभग 12 बजे,सोनू तिवारी माता देवी जी मंदिर से अपने घर लौट रहे थे, तभी हनुमान टोला के पास पहले से घात लगाए बैठे तीन आरोपियों ने उन पर अचानक हमला कर दिया। आरोपियों की पहचान नितेश,प्रदीप और धर्मेंद्र के रूप में हुई है। हमलावरों ने पहले गाली-गलौज की और फिर लाठी-डंडों से हमला कर दिया,जिससे सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों ने डायल 112 को सूचना दी और उन्हें तत्काल अस्पताल पहुँचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद पीड़ित ने मैहर थाने में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई। मैहर प्रेस क्लब ने इस घटना की कड़ी निंदा की है।

# खुले आसमान तले खेत के छड़ियों पर मिली नवजात बच्ची

**चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलहा गांव में सुबह की सैर पर निकले ग्रामीणों ने डायल 112 को दी सूचना**

रीवा

मानवता को झकझोर देने वाला मामला चोरहटा थाना क्षेत्र के बेलहा गांव से सामने आया है, जहां एक नवजात बच्ची खेत की मेढ़ पर झाड़ियों के बीच लावारिस हालत में पाई गई। बच्ची के पेट की नाभि पर गहरा जख्म था और उसमें कीड़े तक पड़ चुके थे। घटना गुरुवार सुबह की है, जब गांव के कुछ ग्रामीण टहलने के लिए निकले थे और उन्होंने झाड़ियों से बच्चे के रोने की आवाज सुनी। आवाज की दिशा में पहुंचते ही ग्रामीणों को सफेद कपड़े में लिपटी एक नवजात बच्ची नजर आई। बच्ची की हालत बेहद नाजुक थी, उसके शरीर पर कपड़ों के अलावा कोई सुरक्षा नहीं थी और वह खुले आसमान तले कांप रही थी। तुरंत डायल 112 पर सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 टीम के आरक्षक राधेश्याम प्रजापति ने तत्काल चोरहटा थाना प्रभारी आशीष मिश्रा को सूचना दी। कुछ ही देर में महिला आरक्षक रचना परमार के साथ पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बच्ची को सुरक्षित गोद में उठाया गया। ग्रामीण धीरू सिंह की मदद से पुलिस बच्ची को लेकर सीधे के संजय गांधी स्मृति अस्पताल पहुंची, जहां उसे नवजात शिशु वार्ड में भर्ती कराया गया। वही अस्पताल के डॉक्टरो ने बताया कि बच्ची का जन्म करीब 3 से 4 दिन पूर्व हुआ प्रतीत होता है। जब उसे अस्पताल लाया गया, तब वह अत्यंत कमजोर अवस्था में थी और संक्रमण की स्थिति गंभीर थी। पेट की नाभि पर गंभीर जख्म के कारण उसमें कीड़े पड़ चुके थे। फिलहाल बच्ची की हालत स्थिर है और शिशु रोग विभाग के विशेषज्ञों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। पुलिस अब यह जानने में जुटी है कि आखिर इस बच्ची को जन्म देने के बाद खेत की मेढ़ पर क्यों और किसने छोड़ा। थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि आसपास के गांवों में पूछताछ की जा रही है और अस्पतालों में पिछले कुछ दिनों में हुई डिलीवरी के रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं।



# दो लाख में बेची गई छोटी बहन, मुरादाबाद से खरीदार गिरफ्तार, बड़ी बहन और मामा के लड़के के बाद अब दो आरोपी और पकड़े गए, किशोरी ने खुद किया था सौदे का खुलासा

रीवा।

जिले के डभौरा थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक 16 वर्षीय किशोरी को उसकी सगी बड़ी बहन और मामा के लड़के ने शादी का झांसा देकर दो लाख रुपये में बेच दिया। इस हृदयविदारक घटना का खुलासा तब हुआ जब लड़की 13 दिन तक गायब रहने के बाद पुलिस को मिली और उसने बयान में आपबीती सुनाई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अब किशोरी को खरीदने वाले मुरादाबाद निवासी दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 16 मई को एक नाबालिग लड़की रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई थी। इस पर बड़ी बहन ने खुद थाने में गुमशुदगी और अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर खोजबीन शुरू की और 29 मई को किशोरी को बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ के दौरान जब नाबालिग से गहराई से बात की गई, तो उसने चौंकाने वाला खुलासा किया। किशोरी ने बताया कि उसकी बड़ी बहन और मामा के लड़के ने मिलकर उसे दो लाख रुपये में मुरादाबाद के दो लोगों को बेच दिया था। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने पहले बड़ी बहन और मामा के लड़के को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने मुरादाबाद निवासी अनुज यादव और रामपाल यादव के हाथों किशोरी को सौंपा था, और इसके एवज में 80 हजार रुपये एडवांस लिए थे। पुलिस ने मुरादाबाद में दबिश देकर अनुज यादव और रामपाल यादव को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अनुज यादव ने बताया कि उसने किशोरी को शादी के नाम पर खरीदा था और बाद में उसे अपने ही रिश्तेदार रामपाल यादव को बेच दिया।पुलिस ने अब तक इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर त्यौंथर न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## विन्ध्य क्षेत्र में पहली बार हुआ स्किन डोनेशन

**रीवा ।** विन्ध्य क्षेत्र में पहली बार स्किन का डोनेशन किया गया। श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय अन्तर्गत संजय गांधी अस्पताल में गत दिनों दिवंगत व्यक्ति के शरीर से उनके परिजनों ने स्किन डोनेट कराई। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गत मई माह में स्किन बैंक के शुभारंभ अवसर पर लोगों से आह्वान किया था कि अपने निकटतम दिवंगत परिजनों का अंगदान करें जिससे अन्य मरीजों के लिए अंग उपयोग में आ सकें। उप मुख्यमंत्री की पहल का सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं और लोगों में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है। स्किन बैंक के शुभारंभ के चार माह में ही स्किन दान का निर्णय लोगों में अंगदान से संबंधित जागरूकता का प्रमाण है। गत दिनों तोपखाना महाजन टोला रीवा निवासी शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय का देहांत हो गया था। प्रतिभा पाण्डेय जो महिला एवं बाल विकास विभाग में कटनी में जिला कार्यक्रम अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं उन्होंने अपने स्वर्गीय पति पाण्डेय की स्किन को डोनेट करने की इच्छा व्यक्त की। श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में सर्जन डॉ सौरभ सक्सेना और डॉ अजय पाठक की टीम ने स्वर्गीय पाण्डेय के शरीर की स्किन हार्वेस्टिंग करके स्किन बैंक में प्रिजर्व की गई।

# देवर निकला भाभी के हत्या का कातिल

रीवा ।

शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के इटौरा दयालु नगर में 35 वर्षीय नेहा सिंह पत्नी रावेन्द्र सिंह की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है पुलिस के अनुसार 26 सितंबर को नेहा सिंह का खून से लथपथ शव उनके बेडरूम में मिला था। मृतिका के सिर पर भारी वस्तु से प्रहार किया गया था जिससे अत्यधिक खून निकल गया और महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय थाना पुलिस, एफएसएल और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और साक्ष्य संकलित किए।



**पैसों के लिए की हत्या, नगदी सहित 17 लाख के जेवर बरामद**
**एक दिन पूर्व घर के बेडरूम में हुई थी महिला की हत्या**



जांच के दौरान पता चला कि मृतिका के घर से सोने-चांदी के जेवर और करीब 1 लाख 10 हजार रुपये नगद चोरी हुए हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना व साक्ष्यों के आधार पर आरोपी पुष्पेन्द्र सिंह पिता कमल सिंह निवासी ग्राम अतर्रा थाना नरैनी, जिला बांदा उत्तर प्रदेश को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतिका से उसका पारिवारिक संबंध था, और उसका घर में आना जाना बना रहता था, घटना वाले दिन पैसे मांगने पर उसने देने से मना कर दिया इसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसी दौरान उसने घर में रखे लकड़ी के भारी बैट से मृतिका के सिर पर वार कर हत्या कर दी और अलमारी से सोने-चांदी के जेवर तथा नगदी चोरी कर फरार हो गया,आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने सोने-चांदी के जेवर और नगदी समेत कुल लगभग 21 लाख 10 हजार रुपये बरामद किए तथा हत्या में प्रयुक्त बैट भी जब्त कर लिया।

## मारपीट से युवक की मौत, पिता व पुत्र पर मामला दर्ज

**कटनी।** रीठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम देवगांव मानसिक रूप से विक्षिप्त एक युवक को इस कदर पीटा कि वह लहूलुहान हो गया। बाद में उसके शरीर पर मौजूद जख्मों में संक्रमण फैल गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपित पिता व पुत्र के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद ने बताया कि विगत 8 सितंबर को आपसी विवाद के बाद देवगांव निवासी 36 वर्षीय बारेलाल यादव पिता दसई यादव की विगत दिनों मौत हो गई है। बारेलाल की हत्या उनके ही पड़ोस में रहने वाले आसाराम यादव, अंकुश यादव एवं मनीष यादव ने मिलकर की है।

# एक बहन ने दूसरी बहन को मृत घोषित कर हड़पी पिता की जमीन

**अमानगंज। इंसान का लालच कब किस हद से कितना नीचे उतर जाए इसका कोई अंदाजा नहीं होता जिंदा को भी समाज में लोग मृत घोषित कर उसकी संपत्ति पर अपना कब्जा जमा डालते हैं, ऐसा ही एक सनसनीखेज मामला पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के महेवा चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत बमुरहा के ग्राम कांटी से प्रकाश में आया है।**

पता लगा है कि एक चौधरी परिवार में केवल तीन बहने थी भाई नहीं थे और तीनों बहनों का समय से अपने-अपने स्थान पर विवाह हो चुका था यहां मायके में माता-पिता के खत्म हो जाने के बाद संपत्ति का बारिश कोई नहीं था जिससे संपत्ति का हक तीनों बहनों को बराबर-बराबर मिलना था लेकिन इनमें से एक होशियार और चालक बहन जो रिश्ते में मझली बहन थी उसने बड़ी और छोटी दोनों को नजर अंदाज करते हुए और एक बहिन को मृत घोषित करते हुए गांव के पूर्व सरपंच और गांव के नागरिकों से ग्राम सभा में फर्जी सिजरा प्रस्ताव कराकर पंचनामा बनवाकर उसे मृत बताकर माता-पिता की सारी जमीन अपने नाम पर दर्ज करवा ली। इस बात की सूचना जैसे ही फरियादी महिला दसिया बाई पति श्यामलिया अहिरवार उम्र 70 वर्ष निवासी देवरी गढ़ी थाना देवेन्द्रनगर को लगी तो उसने अपनी बहन आरोपी कस्तूरी बाई से अपना हक चाहा लेकिन उसने ममले में इसे नजरंदाज किया तब जाकर फरियादी महिला दसिया बाई ने आरोपी बहिन और मामले के सभी सह पूर्व सरपंच सचिव सहित 8 आरोपियों के विरुद्ध पुलिस को सूचना देते हुए मामले में आवश्यक कार्यवाही चाही और पुलिस ने दिनांक 30 जनवरी 2025 को अपराध दर्ज किया और निरंतर पुलिस ने मामले की जांच की और आज मामले में 7 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया और 1 की तलाश अभी भी जारी है।

इस घटना के बाद समाज में एक बात सामने आई है कि जरा सी लालच इंसान को इस हद तक इंसानियत से नीचे गिरा देती है कि सगी जिंदा बहिन को भी मुर्दा बताकर संपत्ति हथिया ली जाती है।

# हाईवे में अवैध वसूली का सोशल मीडिया में वायरल हुआ वीडियो

**हरिभूमि न्यूजः कटनी।** राष्ट्रीय राजमार्ग में वाहन चालकों से जांच के नाम पर अवैध वसूली करने का एक वीडियो सोशल मीडिया में वारयल हो रहा है। वायरल वीडियो में आरटीओ कार्यालय कटनी में पदस्थ क्लर्क और उसकी निजी कर्मियों की टीम की वाहन चालकों से अवैध वसूली की जा रही है। बताया जा रहा है कि वे विभाग की सरकारी गाड़ी का उपयोग कर हाईवे पर खड़े होकर दूसरे राज्यों के नंबर वाली गाड़ियों को रोकते हैं और कागज़ चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली करते हैं। वायरल वीडियो में वाहन चालक यह कहते नजर आ रहे है कि उनसे कागज़ जब्त कर लिए जाते हैं और डराकर जबरन पैसे वसूले जाते हैं। यह कार्रवाई चाका और पीरबाबा बायपास क्षेत्र में लंबे समय से जारी है। गौरतलब है कि करीब दो माह पहले पीरबाबा बायपास में जांच के दौरान एक ट्रक चालक से मारपीट करने के आरोप लगे थे। घटना के बाद गुस्साए ट्रक चालकों ने सड़क पर जाम लगा दिया था।

# फर्जी प्रमाण पत्र लगाने वाले 11 शिक्षकों पर एफआईआर, 5 ने लिया स्टे

छतरपुर।

**एमपी में वर्ष 2023 में हुई वर्ग-3 की भर्ती में फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाकर नौकरी पाने वाले 11 शिक्षकों के खिलाफ कोतवाली थाना में जालसाजी का केस दर्ज किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त शिकायत के आधार पर मामला पंजीबद्ध हुआ है। बताया जा रहा है कि इन शिक्षकों ने 2023 में वर्ग-3 में पात्रता पाई थी। इन शिक्षकों ने दूसरे दिव्यांगों के सर्टिफिकेट को एडिट करके अपने नाम का दस्तावेज बनाकर नौकरी हासिल की थी। अधिकांश शिक्षक भिंड, मुरैना के रहने वाले हैं।**

कविता अहिरवार, नेहा विश्वकर्मा, रोहित नायक, विशाल जैन, मनीषा लोधी, भानुप्रताप पटेल, दीपाली त्रिपाठी,रामकुमार पटेल, विनोद कुमार अहिरवार,अवध किशोर मिश्रा, मोनिका सक्सेना के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इनमें से विनोद कुमार अहिरवार टीकमगढ़ तो नेहा विश्वकर्मा खरगापुर में पदस्थ हैं।

### दूसरे के प्रमाणपत्र किया एडिट

डीइओ अरुण शंकर पांडेय ने बताया कि फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट में 16 शिक्षक संदिग्ध मिले। सीएमएचओ से उनके प्रमाणपत्रों की जांच कराई तो जिस अस्पताल से प्रमाणपत्र बनाया गया, वहां इन शिक्षकों के नाम रिकॉर्ड में नहीं पाए गए। इन शिक्षकों ने दूसरे दिव्यांगों के सर्टीफिकेट को एडिट कर अपने नाम का बनाना पाया गया। फर्जीवाड़े के आरोपी 16 शिक्षकों में से 5 शिक्षक स्टे लेकर आ गए हैं। पुलिस ने शेष 11 शिक्षकों पर धारा 318/4 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

## धावड़ गांव में हड़कंप, संदिग्ध लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ा, ड्रोन उड़ाने से हुआ शक

**छतरपुर।** खजुराहो थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले धावड़ गांव में देर रात उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने गांव के ऊपर एक ड्रोन उड़ते हुए देखा। ड्रोन की गतिविधि को देखकर ग्रामीणों को शक हुआ और उन्होंने सतर्कता दिखाते हुए गांव में घूम रहे कुछ अनजान संदिग्ध लोगों को पकड़ लिया। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पकड़े गए संदिग्ध लोगों से पूछताछ शुरू कर दी। गांव के युवाओं ने बताया कि देर रात उड़ रहे ड्रोन और संदिग्धों की गतिविधियों से उन्हें आशंका हुई कि गांव में कोई बड़ी वारदात की योजना बनाई जा रही है। फिलहाल पुलिस पकड़े गए लोगों से पूछताछ कर रही है और मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों सहित सभी की नजरें अब पुलिस की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## भैरव टेक घाटी में फिर हुई यात्री बस सड़क हादसे का शिकार

**पन्ना।** पन्ना छतरपुर नेशनल हाईवे 39 मडला घाटी में यात्री बस की-स्टेरिंग फेल होने से अनियंत्रित होकर खाई में गिरने का मामला सामने आया है जानकारी केअनुसार पन्ना से छतरपुर जा रही प्राची कोच एमपी 16 पी 0419 पन्ना से छतरपुर की ओर जा रही थी तभी मडला घाटी में तेज उतार में अचानक ब्रेक बस का फेल हो गया। जिससे बस रोड के नीचे खाई में उतर गई गनी मत रही की बस पेड़ के सहारे रुकी गई बताया गया है कि यात्रियों को हल्की छोटी आई है वही आज फिर बहुत बड़ा हादसा टल गया है। सड़क हादसे में दो यात्रियों मामूली चोटें आईं है। जिनको प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है वही लगातार हो रहे सड़क हादसों पर लोगों ने चिंता जताई है।

# भारत बोला- पाक की विदेश नीति का आधार ही आतंकवाद

**एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क**

यूएन में भारत ने कहा कि इस्लामाबाद आतंकवाद की तारीफ करता है और आतंकवादियों को प्रायोजित करता है और उनकी रक्षा करता है। पाक कितना भी ड्रामा और कितने भी झूठ बोल लें, सच्चाई नहीं छुप सकती

भारत के संयुक्त राष्ट्र मिशन की प्रथम सचिव पेटल गहलोत ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ के हर दावे की सच्चाई दुनिया के सामने उजागर कर दी। पेटल गहलोत ने पाक पीएम के हर दावे पर तंज कसते हुए कहा कि पाकिस्तान का झूठ सच्चाई नहीं छिपा सकता।

शहबाज शरीफ के 'हमने युद्ध जीत लिया' वाले दावे का मजाक उड़ाते हुए कहा कि अगर तबाह रनवे और जले हुए हैंगर को पीएम शरीफ की तरह जीत माना जाए तो पाक को इसे मनाने का पूरा हक है और वे इस पर 'आनंदित' हो सकते हैं। भारत ने उनके खिलाफ युद्ध जीतने के दावों का मजाक उड़ाते हुए चेतावनी दी कि वह परमाणु धमकी के आगे नहीं झुकेगा और आतंकवादियों एवं उनके प्रायोजकों के खिलाफ कार्रवाई करेगा।



भारत के यूएन मिशन की प्रथम सचिव पेटल गहलोत ने पाकिस्तान के दावों की पोल खोली

**परमाणु धमकी के नाम पर आतंकवाद बर्दाश्त नहीं**

### पाक ने संघर्ष विराम की मांग की थी

पेटल ने कहा कि पाकिस्तान के मिलिट्री ऑपरेशंस के डायरेक्टर जनरल मेजर जनरल काशिफ अब्दुल्ला ने अपने भारतीय समकक्ष लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को फोन कर संघर्ष विराम की मांग की। इस बीच में जो हुआ, वह यह था कि भारतीय सेना ने कई पाकिस्तानी एयरबेस को तबाह कर दिया। उस नुकसान की तस्वीरें तो सबके सामने हैं।

### आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति

*पेटल गहलोत ने कहा कि भारत आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों में कोई फर्क नहीं होगा। दोनों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। हम परमाणु धमकी के नाम पर आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेंगे। भारत कभी ऐसी धमकियों के आगे नहीं झुकेगा। दुनिया के लिए भारत का संदेश साफ है, आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस होना चाहिए।*

### हमें अपनी रक्षा करने का अधिकार


गहलोत ने कहा हमेशा की तरह पाकिस्तान भारत में निर्दोष नागरिकों पर आतंकवादी हमले का जिम्मेदार है। हमने ऐसे हमलों से अपने लोगों की रक्षा करने का अपना अधिकार इस्तेमाल किया है और इसके मास्टरमाइंड एवं हमलावरों को सजा दिलाई है। जो देश आतंकवाद को बढ़ावा देने और फैलाने की पुरानी परंपरा रखता है।

### किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं

गहलोत ने कहा कि भारत और पाकिस्तान लंबे समय से इस बात पर सहमत हैं कि उनके बीच कोई भी मुद्दा द्विपक्षीय रूप से सुलझाया जाएगा। इसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। यह हमारी पुरानी राष्ट्रीय नीति है।

**यूएन में बोले पीएम शरीफ**

### कट्टरपंथी हिंदुत्व दुनिया के लिए खतरा



*पाक के पीएम शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को यूएन में दावा किया कि भारत के साथ हुए संघर्ष में पाकिस्तान की जीत हुई थी। इस दौरान भारत के 7 विमान गिराए थे। उन्होंने कहा कि भारत का कट्टरपंथी हिंदुत्व दुनिया के लिए एक गंभीर खतरा है। शहबाज ने भारत पर सिंधु जल संधि को एकतरफा तौर पर रोकने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह न सिर्फ संधि का उल्लंघन है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय कानून का भी उल्लंघन है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि अगर उनका दखल नहीं होता तो पूरे इलाके में बड़ी जंग हो सकती थी।*

**दुश्मन के मंसूबे होंगे नाकाम**



# स्वदेशी मिसाइल सिस्टम 'अनंत शस्त्र' के लिए सेना ने बीईएल को जारी किया टेंडर

- **परियोजना की लागत 30 हजार करोड़ रु.**
- **पाक और चीन सीमा पर तैनात किए जाएंगे**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने वायु क्षमता को ज्यादा मजबूत और रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। सेना ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) को लगभग 30 हजार करोड़ में 'अनंत शस्त्र' सरफेस टू एयर मिसाइल वेपन सिस्टम खरीदने का टेंडर जारी किया है। इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बनाया है। पहले इसे क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल (क्यूआरएसएएम) के नाम से जाना जाता था। अब इसका नाम बदलकर 'अनंत शस्त्र' रखा गया है। अनंत शस्त्र की 5 से 6 रेजिमेंट खरीदी जाएंगी और इन्हें पाकिस्तान-चीन की सीमाओं पर तैनात किया जाएगा।

### चलते-फिरते भी दुश्मन को हिट करने में सक्षम

*अनंत शस्त्र की खासियत यह है कि यह चलते-फिरते भी दुश्मन के टारगेट को हिट कर सकता है। साथ ही बहुत कम समय में फायर कर सकता है। इसकी मारक क्षमता लगभग 30 किलोमीटर (जमीन से हवा में) तक है। 'अनंत शस्त्र' की दिन और रात दोनों में सफल टेस्टिंग की जा चुकी है। इसी साल मई में हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस प्रोजेक्ट को हरी झंडी दी गई थी। उस दौरान पाकिस्तानी ड्रोन हमलों को सेना की एयर डिफेंस यूनिट्स ने गन और मिसाइलों से नाकाम किया था।*

### मिलेंगे और भी स्वदेशी हथियार

बता दें, इस नए सिस्टम से सेना को नए राडार, शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम, जैमर और लेजर आधारित सिस्टम भी मिलेंगे, जो पाकिस्तानी सेना के तुर्की और चीनी ड्रोन से निपटने में मदद करेंगे। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी स्वदेशीकरण को तेजी से बढ़ावा दे रहे हैं। भविष्य में जोरावर लाइट टैंक और कई अन्य स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम भी सेना में शामिल होने की संभावना है। नए रडार, शॉर्ट रेंज एयर वेपन, जैमर और लेजर-आधारित एंटी-ड्रोन सिस्टम भी मिलेंगे।

### रात और दिन के परीक्षण में सफल

यह मिसाइल सिस्टम दिन और रात दोनों परिस्थितियों में परीक्षण किया जा चुका है। पाकिस्तान के साथ चार दिन के संघर्ष के दौरान भारतीय सेना के एयर डिफेंस यूनिट्स ने एस-70 और जेडयू-23 एयर डिफेंस गन से ज्यादातर ड्रोन नष्ट किए थे, जबकि आकाश, एमआर-एसएएम और वायु सेना के स्पाइडर व सुदर्शन एस-400 सिस्टम ने भी अहम भूमिका निभाई।

**खबर संक्षेप**

### तीन राज्यों में फिर बढ़ाई गई अफस्पा की अवधि



**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने एक बड़ा फैसला लेते हुए पूर्वोत्तर के तीन राज्यों मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) की अवधि शुक्रवार को छह महीने के लिए बढ़ा दी गई। अफस्पा के तहत किसी विशेष राज्य या उसके कुछ क्षेत्रों को "अशांत" घोषित किया जाता है। मणिपुर में 13 पुलिस थानों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को छोड़कर राज्य के बाकी हिस्सों में अफस्पा लागू किया है।

### चीन में 5.6 तीव्रता का भूकंप, 7 लोग घायल



**बीजिंग।** चीन के गांसू प्रांत में शनिवार को 5.6 तीव्रता का भूकंप आने से सात लोग घायल हो गए। कोई भी व्यक्ति गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है। चीन के भूकंप केंद्र के अनुसार लोंक्शी काउंटी में सुबह 5:49 बजे भूकंप आया, जिसका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर था। 8 मकान तहस-नहस जबकि 100 से अधिक क्षतिग्रस्त हो गए। एक वीडियो में आपातकर्मी मलबा हटाते हुए दिख रहे हैं।

## लेह हिंसा को लेकर लद्दाख डीजीपी जामवाल का बड़ा खुलासा

# बोले- वांगचुक का पाकिस्तानी कनेक्शन पीओआई के जासूस से भी संपर्क का दावा

*डीजीपी ने बताया कि वांगचुक ने 'अरब स्प्रिंग' और नेपाल, बांग्लादेश व श्रीलंका में हुए आंदोलनों का जिक्र कर लोगों को उकसाया। उनकी विदेशी फंडिंग और एफसीआरए उल्लंघन की भी जांच की जा रही है*

**पाकिस्तान बांग्लादेश का दौरा भी किया**

**एजेंसी ▶▶ लेह**

सोनम वांगचुक पर एनएसए लगाने के बाद पुलिस अब उनके पाकिस्तान और बांग्लादेश से संबंधों की जांच करेगी। लद्दाख के डीजीपी एसडी सिंह जामवाल ने शनिवार को कहा कि हमने कुछ दिन पहले पाकिस्तान इंटेलीजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) के एक सदस्य को पकड़ा था, जो वांगचुक के नेतृत्व वाले प्रदर्शनों के वीडियो पाकिस्तान भेज रहा था। यही नहीं वांगचुक पाकिस्तान के एक इवेंट कार्यक्रम में शामिल भी हुए थे। इसके अलावा वे बांग्लादेश भी जा चुके हैं।

बुधवार की हिंसा के मामले में अब तक 60 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से 6 प्रमुख षड्यंत्रकारी माने जा रहे हैं। डीजीपी जमवाल ने कहा, साफ है कि वांगचुक ही इस पूरे घटनाक्रम के मुख्य प्रेरक थे, इसलिए उन्हें राज्य से बाहर की जेल में रखा गया है। बता दें, वांगचुक को शुक्रवार दोपहर पुलिस ने उनके गांव उल्याकटोपो से गिरफ्तार किया था। उन्हें एयरलिफ्ट कर राजस्थान की जोधपुर सेंट्रल जेल भेजा गया। वांगचुक पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया गया है, जिसके तहत लंबे समय तक बिना जमानत हिरासत में रखा जा सकता है।



**वांगचुक पर एनएसए लगा जोधपुर जेल भेजा गया** | **60 लोग गिरफ्तार किए जिनमें 6 मुख्य षड्यंत्रकारी**

**शनिवार दोपहर 4 घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी**

### गृह मंत्रालय और सीबीआई ने की कार्रवाई

गृह मंत्रालय ने वांगचुक की एक संस्था स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख (एसईसीएमओएल) का विदेशी फंडिंग लाइसेंस रद्द कर दिया है। विदेशी अनुदान या दान के लिए एनजीओ को विदेशी अशंदान (विनियमन) एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन करवाना पड़ता है। जिसमें पाया गया कि संस्था ने फंडिंग का गलत इस्तेमाल किया। सीबीआई ने वांगचुक की एक और एनजीओ हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ ऑल्टरनेटिव्स लद्दाख (एचआईएएल) के खिलाफ भी विदेशी फंडिंग (एफसीआरए) मामले में भी जांच शुरू कर दी है।

### उनकी गतिविधियां संदिग्ध

डीजीपी ने कहा अब तक जांच में जो सामने आया है, उसे फिलहाल सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। लेकिन वांगचुक के भाषणों और गतिविधियों से यह साफ है कि उनकी मंशा लोगों को भड़काने की थी।

### नेपालियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में

एलजी कविंद्र गुप्ता के विदेशी साजिश के बयान का समर्थन करते हुए डीजीपी ने कहा कि तीन नेपाली नागरिकों को गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**आरोप- संवाद प्रक्रिया को पटरी से उतारने की कोशिश की**

### वांगचुक हिंसा के मुख्य सूत्रधार

डीजीपी जामवाल ने सोनम वांगचुक को लेह में 24 सितंबर को हुई हिंसा का मुख्य सूत्रधार बताया। इस हिंसा में 4 युवकों की मौत हुई थी और 80 लोग घायल हुए थे, जिनमें 40 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। अब तक 60 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। लेह हिंसा में प्रदर्शनकारियों ने भाजपा कार्यालय को फूंक दिया था और सीआरपीएफ की गाड़ी में आग लगा दी थी। लेह में तीन दिन के कर्फ्यू के बाद शनिवार दोपहर चार घंटे के लिए ढील दी गई।

### वांगचुक ने शांति भंग करने की कोशिश की

डीजीपी ने कहा कि वांगचुक लेह एपेक्स बॉडी और करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस की ओर से चल रहे राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची की मांग को लेकर आंदोलन का चेहरा बने थे, लेकिन उन्होंने संवाद प्रक्रिया को पटरी से उतारने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार और लद्दाख प्रतिनिधियों के बीच 25 सितंबर को एक अनौपचारिक बैठक प्रस्तावित थी, लेकिन वांगचुक ने उसी दिन भड़काऊ वीडियो और बयान जारी कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की, जिसका नतीजा हिंसक झड़पों के रूप में सामने आया।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले गिरफ्तार किया

सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को शुक्रवार दोपहर 2:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। जब वे लेह नहीं पहुंचे तो आयोजकों को शक हुआ। बाद में गिरफ्तारी की खबर मिली। इसके बावजूद प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। आयोजकों ने माना कि हिंसा उन युवाओं से हुई जो 'काबू से बाहर' हो गए थे, लेकिन इसमें किसी विदेशी ताकत का हाथ नहीं है।

## बंगाल के दुर्गा पंडाल में ट्रंप को दिखाया असुर



**उन्होंने भारत की पीठ में छुरा घोंपा**

*मुर्शिदाबाद। पश्चिम बंगाल के बहरामपुर के खागरा श्मशान घाट दुर्गा पूजा समिति ने अपने 59वें दुर्गोत्सव समारोह के लिए एक अनोखे थीम के साथ सुर्खियां बटोरी हैं। इस वर्ष की पूजा में प्रसिद्ध कलाकार असीम पाल द्वारा बनाई गई डोनाल्ड ट्रंप के रूप में असुर की मूर्ति आकर्षण का केंद्र बनी है। इस मूर्ति को देखने के लिए लोग भारी संख्या में उमड़ रहे हैं। पूजा समिति के आयोजकों के अनुसार ट्रंप के रूप में असुर की मूर्ति अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत के साथ किए गए कथित विश्वासघात को दर्शाती है। बहरामपुर नगर पालिका के मेयर नरु गोपाल मुखर्जी द्वारा पूजा मंडप के उद्घाटन समारोह में भारी भीड़ उमड़ी।*

**चार देशों की यात्रा पर राहुल गांधी रवाना**

## भाजपा ने की आलोचना- भारत के खिलाफ वैश्विक गठबंधन बना रहे

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दक्षिण अमेरिका के चार देशों की महत्वपूर्ण यात्रा शुरू की है।

इस दौरान वे राजनीतिक नेताओं, विश्वविद्यालय के छात्रों और व्यापारिक समुदाय के साथ मुलाकात करेंगे। कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रभारी पवन खेड़ा ने इसकी जानकारी दी।

### अब किस भारत विरोधी से मिलेंगे?

भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को विपक्षी नेता राहुल गांधी की चार दक्षिण अमेरिकी देशों की यात्रा की आलोचना की, आरोप लगाते हुए कहा कि वह भारत के खिलाफ 'वैश्विक गठबंधन' बना रहे हैं, और अरबपति जॉर्ज सोरोस 'उन्हें निर्देशित कर रहे हैं'। एक्स पर एक पोस्ट में भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने लिखा कि राहुल गांधी फिर से एक विदेशी यात्रा पर गए! राहुल गांधी दक्षिण अमेरिका की ओर रवाना हुए हैं! अनुमान लगाइए कि अगला भारत विरोधी तत्व कौन होगा जिसे राहुल बंद दरवाजों के पीछे मिलेंगे!

**वर्ल्ड फूड इंडिया: दूसरे दिन 21 कंपनियों ने किया एमओयू**

## अब तक 1 लाख करोड़ से अधिक के निवेश समझौते पर किए गए हस्ताक्षर

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने शनिवार को बताया कि वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 के दूसरे दिन 21 कंपनियों ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।



इससे इस कार्यक्रम में निवेश के लिए समझौतों की कुल कीमत 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गई है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इन 21 कंपनियों ने 25,000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश का वादा किया। भारत मंडपम में समिट के दूसरे दिन वैश्विक नियामक, इंडस्ट्री लीडर्स, स्टार्टअप और नीति-निर्माताओं ने भाग लिया।

### पांच विषयों पर केंद्रित 13 सत्र आयोजित किए

कार्यक्रम में पांच विषयों पर केंद्रित 13 सत्र आयोजित किए। इसमें पेट फूड, स्पेशलिटी फूड, न्यूट्रास्यूटिकल्स, शराब और प्लांट-बेस्ड फूड जैसे मुख्य विषय शामिल थे। इस दिन उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, झारखंड और बिहार जैसे भागीदार राज्यों के साथ न्यूजीलैंड, वियतनाम, जापान और रूस के प्रतिनिधिमंडलों के सत्र भी हुए। कृषि और खाद्य प्रसंस्करण में सहयोग को मजबूत करने के लिए रूस और पुर्तगाल के समकक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें हुईं।

### खाद्य क्षेत्र में कई स्टार्टअप्स काम कर रहे

पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 कार्यक्रम के पहले दिन कहा था कि आज भारत की पहचान दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में होती है। इनमें से कई सारे स्टार्टअप्स फूड और एग्रीकल्चर सेक्टर में काम कर रहे हैं। भारत में डाइवर्सिटी, डिमांड और इनोवेशन सभी कुछ मौजूद हैं।

**बीकेआई आतंकी को लाए पंजाब**

## बम हमलों का आरोपी अबू धाबी में छिपा था, प्रत्यर्पण कराकर लाए



**एजेंसी ▶▶ अमृतसर**

पंजाब पुलिस बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के कुख्यात आतंकी परविंदर सिंह उर्फ 'पिंडी' को भारत लेकर आई है। यह अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात में छिपा बैठा था। केंद्रीय एजेंसियों और विदेश मंत्रालय के सहयोग से यह प्रत्यर्पण करवाया गया। शनिवार को अमृतसर एयरपोर्ट से पुलिस आतंकी को बटाला ले गई। पिंडी बटाला-गुरदासपुर क्षेत्र में पेट्रोल बम हमलों, हिंसक वारदातों और जबरन वसूली जैसे अपराधों में वांटेड था। वह विदेश में बैठे कुख्यात आतंकियों हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा और हैप्पी पासिया का करीबी सहयोगी रहा है। बटाला पुलिस की मांग पर जारी रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर पंजाब पुलिस की 4 सदस्यीय टीम 24 सितंबर को यूएई पहुंची थी। वहां विदेश मंत्रालय और स्थानीय अधिकारियों के साथ कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को देश लाया गया।

## जी4 और ब्रिक्स देशों ने यूएन में भारत की स्थायी सदस्यता की मांग की, कहा

# यूएनएससी का प्रभाव घट रहा, तत्काल सुधार जरूरी

**एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क**

जी4 देशों (ब्राजील, जर्मनी, भारत और जापान) के विदेश मंत्रियों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र से इतर एक बैठक की। इसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार की स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की गई। भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा, जर्मनी के संघीय विदेश मंत्री जोहान वेडफुल और जापान के विदेश मंत्री इवाया ताकेशी बैठक में शामिल थे। जी4 देशों के विदेश मंत्रियों ने संयुक्त बयान में कहा कि वैश्विक व्यवस्था में बढ़ती अस्थिरता और संयुक्त राष्ट्र की घटती प्रभावशीलता के बीच सुरक्षा परिषद में तत्काल सुधार जरूरी है।



### शांति और सुरक्षा देने वाले देशों की भागीदारी बढ़ाएं

जी4 देशों ने सुरक्षा परिषद में विकासशील देशों और अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले देशों की भूमिका और भागीदारी बढ़ाने की जरूरतों पर सहमति व्यक्त की। जी4 देशों के विदेश मंत्रियों ने दोनों सदस्यता श्रेणियों में अफ्रीका, एशिया-प्रशांत, लैटिन अमेरिका और कैरिबियन जैसे कम प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों और समूहों के प्रतिनिधित्व में सुधार के महत्व पर जोर दिया।

### परिषद का विस्तार हो

जी4 देशों का कहना था कि वर्तमान भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए परिषद का विस्तार स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में होना चाहिए, ताकि इसकी प्रतिनिधित्व, वैधता, प्रभावशीलता और दक्षता बढ़ाई जा सके। मंत्रियों ने इस बात पर सहमति जताई कि अधिकांश सदस्य देश इस प्रस्ताव का समर्थन करते हैं।

**अगले वर्ष भारत करेगा अध्यक्षता**

## ब्रिक्स देशों ने पहलगाम हमले और ट्रंप टैरिफ की निंदा की

ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में 2026 में भारत की आगामी ब्रिक्स अध्यक्षता, आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग, और वैश्विक व्यापार में बढ़ती बाधाओं पर चिंता प्रमुख रहे। बैठक की अध्यक्षता भारत ने की, जिसमें विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सत्र का नेतृत्व किया। भारत अगले वर्ष ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालने जा रहा है और इस संदर्भ में उसे सभी सदस्य देशों का समर्थन मिला। बैठक के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में मंत्रियों ने पहलगाम हमले की निंदा की और आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने की पुष्टि की। भारत और ब्राजील की स्थायी सदस्यता की आकांक्षाओं का समर्थन किया। टैरिफ और गैर-टैरिफ उपायों में अंधाधुंध वृद्धि, संरक्षणवादी नीतियों, और एकतरफा व्यापार प्रतिबंधों पर गहरी चिंता व्यक्त की।



पेरिस। वर्ष 2023 में फ्रांस के आसमान में एक क्षुद्रग्रह में भयंकर विस्फोट हुआ था। इसके बाद यह क्षुद्रग्रह आग के गोले में बल गया था। अब इस क्षुद्रग्रह के अध्ययन में जुटे वैज्ञानिकों ने बड़ा खुलासा किया है। इसका नाम क्षुद्रग्रह 2023सीएक्स1 दिया गया है। क्षुद्रग्रह 2023 सीएक्स1 लगभग 28 किलोमीटर की ऊंचाई पर टूटकर बिखर गया था। इसके बाद उत्तरी फ्रांस के ऊपर इसके टुकड़े तेज रोशनी करते हुए आसमान में फैल गए थे।

# फ्रांस के आसमान में फटे क्षुद्रग्रह को लेकर बड़ा खुलासा, सताने लगी पृथ्वी के सुरक्षा की चिंता

### क्षुद्रग्रह 2023 सीएक्स1 को लेकर क्या खुलासा हुआ

नासा के एम्स रिसर्च सेंटर की गणना के अनुसार, उल्कापिंड ने 4 मेगापास्कल का गतिशील दबाव छोड़ा, जिससे इस विशेष आकार के क्षुद्रग्रह के लिए अपेक्षा से लगभग चार गुना बड़ा उच्च दबाव का क्षेत्र बन गया। यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे जमीनी स्तर पर क्षति का जोखिम बहुत बढ़ गया था। क्योंकि, विस्फोट वायुमंडल में बहुत नीचे हुआ था। नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने हमारे ग्रह की क्षुद्रग्रह सुरक्षा में एक नई कमजोरी का खुलासा किया है।



### क्षुद्रग्रह 2023 सीएक्स1 कैसे फटा था

वैज्ञानिकों का मानना है कि यह एक क्षुद्रग्रह के लिए असामान्य व्यवहार है, जो आमतौर पर बहुत पहले टूटना शुरू कर देता है और छोटे-छोटे टुकड़ों में पृथ्वी के वायुमंडल में गिर जाता है। इसके बजाय 2023 सीएक्स1 आखिरी क्षण तक एक साथ टिका रहा, और एक ही विस्फोट में अपनी कुल ऊर्जा का 98 प्रतिशत छोड़ दिया, जिससे यह आग का गोला बन गया।

### क्षुद्रग्रह क्या है?

क्षुद्रग्रह मूल रूप चट्टान का एक टुकड़ा होता है जो सौर मंडल के प्रारंभिक निर्माण काल का है। क्षुद्रग्रह आमतौर पर मंगल और बृहस्पति के बीच क्षुद्रग्रह पट्टी में सूर्य की परिक्रमा करते हैं। हालांकि, वे पृथ्वी के नजदीक भी भटक कर आ सकते हैं। जब कोई क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करता है, तो वह उल्का बन जाता है, जिसे उल्कापिंड भी कहा जाता है। जब क्षुद्रग्रह या उल्का का कोई टुकड़ा सतह पर पहुंचता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है।



### पृथ्वी के लिए बढ़ा हुआ खतरा

क्षुद्रग्रह 2023 सीएक्स1 ने सौभाग्य से पृथ्वी को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया, लेकिन अगर इसका आकार बड़ा होता और वह देरी से विस्फोट का ऐसा ही व्यवहार करता, तो उसका प्रभाव बहुत अलग हो सकता था। कनाडा के वेस्टर्न ओंटारियो विश्वविद्यालय में शोध करने वाली ऑरियन एगल ने उल्कापिंड की तुलना एक बम से की और बताया। उन्होंने कहा कि अगर कोई बड़ा क्षुद्रग्रह अपनी सारी ऊर्जा एक ही विस्फोट में छोड़ देता, तो हमारे वायुमंडल की सतह पर लगने वाला झटका काफी ज्यादा शक्तिशाली होता। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह का विखंडन ज्यादा खतरनाक है। अगर वह एक बड़ा क्षुद्रग्रह है, तो उसके प्रभाव और भी बढ़ जाएंगे।

## रोचक खबरें

### मरी मां के साथ बंद था दो साल का बच्चा खुद को जिंदा रखने किया ऐसा काम



**बीजिंग।** चीन से एक ऐसी घटना सामने आई है जिसने हर किसी को अंदर तक हिला दिया। यहां एक महिला की अचानक मौत हो गई, लेकिन असली दर्दनाक कहानी इसके बाद शुरू हुई। इस महिला का दो साल का बेटा कई दिनों तक घर में अकेला फंसा रहा। बच्चे की मां की मौत अचानक हुई थी। रिपोर्ट्स में बताया गया है कि उन्हें ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की बीमारी थी। परिवार को शक है कि शायद इन्हीं बीमारियों की वजह से उनकी जान चली गई।

**ऐसे रखा खुद को जिंदा :** बच्चे का नाम मियांमियां है। जब पुलिस उसे बचाने पहुंची तो उसकी हालत बहुत खराब थी। उसके कपड़े गंदे हो चुके थे और डायपर भी लंबे वक्त से बदला नहीं गया था। बच्चा भूखा-प्यासा रोते-रोते थक चुका था, लेकिन फिर भी उसने हिम्मत नहीं हारी और घर में रखे स्नैक्स, जेली और बाकी जंक फूड खाकर खुद को बचा लिया। ये सब तब पता चला जब महिला की एक दोस्त ने पुलिस को फोन किया। वह कई दिनों से अपनी दोस्त से बात नहीं कर पा रही थी। उसे शक हुआ कि कहीं कुछ गड़बड़ तो नहीं है। पुलिस जब घर पहुंची तो दरवाजा खोलकर देखा, अंदर महिला की लाश पड़ी हुई थी और पास ही उसका बच्चा जिंदा, लेकिन बेहद लाचार हालत में घूम रहा था।

#### यह है पूरी कहानी

पुलिस ने तुरंत बच्चे को बाहर निकाला। वहां मौजूद एक पड़ोसी ने फौरन उसकी मदद की। उसने बच्चे को नहलाया, साफ कपड़े पहनाए और उसे ढंग का खाना खिलाया। इसके बाद बच्चे को अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच की और राहत की बात यह रही कि बच्चे की सेहत ठीक थी और उसे कोई गंभीर नुकसान नहीं हुआ था। महिला पिछले काफी समय से अकेले अपने बेटे के साथ रह रही थी। उसके पति से वह बहुत पहले ही अलग हो चुकी थी। शायद इसी वजह से बच्चे और मां की हालत किसी ने ठीक से जानने की कोशिश नहीं की। मां का अचानक गुजर जाना और छोटे बच्चे का इतने दिनों तक अकेले घर में बंद रहना लोगों के लिए बहुत बड़ा झटका साबित हुआ।

### नारंगी आईफोन 17 को दुल्हन बनाकर ले गया घर, लाल दुपट्टा उढ़ाकर कराया

**नई दिल्ली।** हाल ही में आईफोन 17 के दो वर्जन जारी हुए हैं। साथ ही नारंगी कलर में भी पहली बार आईफोन सामने आया है। आईफोन 17 अपने नारंगी कलर से चर्चा में बना हुआ है। देशभर में लोगों में नारंगी कलर के आईफोन 17 मैक्स प्रो को लेने की होड़ मची हुई है। लोगों के लिए हर साल आईफोन खरीदना एक कंपटीशन बन गया है और देश के 70 फीसदी लोग हर साल ईएमआई पर आईफोन खरीद रहे हैं। अब एक यूजर ने नारंगी आईफोन खरीद उसका गृह प्रवेश कराया है और साथ ही अंत में 'तलाक' भी दिया है।

## आपदा

सुपरशियर भूकंप सामान्य भूकंपों की तुलना में ज्यादा जोरदार और बड़े क्षेत्र में महसूस होते हैं

# फटेगी कैलिफोर्निया की धरती, साइंटिस्ट ने दी आने वाले तबाही की चेतावनी

**न्यूयार्क।** अमेरिका का तीसरा सबसे बड़ा स्टेट कैलिफोर्निया सोमवार को 4.3 तीव्रता वाले भूकंप से हिल गया। कई लोग सोशल मीडिया पर अपने एक्सपीरियंस को शेयर भी किया। ये भूकंप रात लगभग 3 बजे आया। भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप का केंद्र बर्कले से दो मील से भी कम दूरी पर था। यह झटका सैन फ्रांसिस्को और सैन होजे तक महसूस किया गया। सैन फ्रांसिस्को फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि अभी तक कोई नुकसान या चोट की खबर नहीं है।



### जमीन के नीचे डबल स्ट्राइक

यह भूकंप हायवर्ड फॉल्ट लाइन के पास आया, जो ऑकलैंड और फ्रेमोंट जैसे कई बड़े शहरों से होकर गुजरती है। साइंटिस्ट से आने वाले बड़े खतरे की चेतावनी मान रहे हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि कैलिफोर्निया में सुपरशियर भूकंप आ सकता है। ये भूकंप इतने तेज चलते हैं कि अपनी ही भूकंपीय लहरों से आगे निकल जाते हैं। यूएससी डॉर्नसाइफ के वैज्ञानिकों ने कहा है कि सुपरशियर भूकंप सामान्य भूकंपों की तुलना में ज्यादा जोरदार और बड़े क्षेत्र में महसूस होते हैं।

वैज्ञानिकों ने सुपरशियर भूकंप की तुलना सॉनिक बूम (ध्वनि की तेज आवाज) से की है। भू-विज्ञान के प्रोफेसर अहमद एलबाना के अनुसार, सुपरशियर भूकंप जमीन में तेज झटकों को जन्म देते हैं, क्योंकि ये भूकंपीय लहरों की गति से भी तेज होते हैं। अहमद कहते हैं कि सुपरशियर भूकंप एक 'डबल स्ट्राइक' देते हैं। यानी कि पहले जोरदार झटका आता है और फिर उसके बाद लगातार लहरें आती हैं।

### 7 तीव्रता के भूकंप आने की संभावना

यहूदा बें-जिओन ने कहा कि हम नहीं बता सकते कि अगला भूकंप कब और कहां होगा या वह सुपरशियर होगा या नहीं, लेकिन निश्चित रूप से आने वाले दशकों में कैलिफोर्निया में कई 7 तीव्रता के भूकंप आएंगे।



### तैयारी अभी से शुरू करना जरूरी

वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अभी तक के बिल्डिंग नियम सुपरशियर भूकंप के खतरों का सही अंदाजा नहीं लगा पाते। ऐसे में तैयारी के लिए वैज्ञानिक चाहते हैं कि बड़े फॉल्ट के पास ज्यादा मॉनिटरिंग हो, सुपरशियर भूकंप की संभावना पर कंप्यूटर सिमुलेशन बनाएं जाएं और बिल्डिंग नियम और भी सख्त किए जाए।

### अमेरिकी महिला का ऐसा हुआ इलाज करने लगी भारत की तारीफ!



**न्यूयार्क।** आजकल सोशल मीडिया पर भारत में रहने वाले विदेशी लोग अपने अनुभव अक्सर शेयर करते रहते हैं। कुछ लोग यहां की संस्कृति, भोजन और रहन-सहन की बातें करते हैं तो कुछ लोग भारत की स्वास्थ्य सुविधाओं पर अपने विचार रखते हैं। हाल ही में एक अमेरिकी महिला ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भारत के अस्पताल में हुए एक अनुभव को साझा किया, जिसने लाखों लोगों का ध्यान खींच लिया।. इस अनुभव को उन्होंने 'क्रेजी' बताया और कहा कि अमेरिका में ऐसा होना नामुमकिन है। अमेरिका की रहने वाली क्रिस्टन फिशर पिछले चार साल से भारत में रह रही हैं। उन्होंने हाल ही में अपने पर एक रील शेयर की, जिसमें उन्होंने बताया- मैं सब्जी काट रही थी और उसी समय गलती से मेरा अंगूठा कट गया। खून काफी बह रहा था और मुझे समझ नहीं आ रहा था कि क्या करूं। फिर मैं साइकिल पर बैठकर पास के अस्पताल पहुंची। वहां करीब 45 मिनट रही। डॉक्टर ने चेक किया और बताया कि टांके लगाने की जरूरत नहीं है। मैंने पूरा इलाज कराया और सिर्फ 50 रुपए देकर घर लौट आई।

#### क्यों कहा इसे क्रेजी अनुभव?

क्रिस्टन ने बताया कि यह अनुभव उन्हें इसलिए क्रेजी लगा, क्योंकि दो वजहें थीं। पूरा प्रोसेस बहुत आसान और तेज था और अमेरिका की तुलना में इलाज का खर्च बेहद कम था। उन्होंने कहा कि उनके घर से अस्पताल सिर्फ 5 मिनट की दूरी पर था।भारत में हर जगह क्लिनिक, डॉक्टर और अस्पताल आसानी से मिल जाते हैं। उन्होंने लिखा - भारत में रहकर मुझे बहुत सुरक्षित महसूस होता है, क्योंकि जरूरत पड़ने पर कुछ ही मिनटों में डॉक्टर तक पहुंच सकती हूं। क्रिस्टन ने वीडियो में ही आगे बताया कि उन्हें पूरे इलाज में केवल 50 रुपए खर्च करने पड़े। उन्होंने मजाकिया अंदाज में जोड़ा- जो लोग नहीं जानते, 50 रुपए लगभग 60 सेंट होते हैं। इसके बाद उन्होंने अमेरिका और भारत की तुलना करते हुए कहा कि अमेरिका में इतनी सी चोट का इलाज भी बहुत महंगा होता है।

# भारत को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान में आगे बढ़ना होगा

## डॉ. जी. विश्वनाथन संस्थापक एवं कुलाधिपति, वीआईटी ने किया आह्वान

**वेल्लोर।** वीआईटी के संस्थापक एवं कुलाधिपति डॉ. जी. विश्वनाथन ने कहा कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान में उल्लेखनीय प्रगति आवश्यक है। वे वेल्लोर में शुरू हुए तीन दिवसीय टेक्नो-मैनेजमेंट उत्सव, ग्रेविटास 2025 के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। अन्ना ऑडिटोरियम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, कुलाधिपति विश्वनाथन ने कहा, '1984 में केवल 180 छात्रों के साथ अपनी स्थापना के बाद से, वीआईटी ने वेल्लोर, भोपाल, चेन्नई और आंध्र प्रदेश के चार परिसरों में 1,00,000 छात्रों को शिक्षित किया है। कुछ लोगों ने पूछा है कि हम इतनी बड़ी संख्या में छात्रों को प्रवेश क्यों देते हैं, मैं भारत की 146 करोड़ की आबादी की ओर इशारा करता हूँ। घनी आबादी वाले देश में, हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक इच्छुक छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है।'

'सार्वजनिक संस्थान अक्सर बुनियादी ढाँचे, प्रयोगशालाओं और संकाय नियुक्तियों की ऊँची लागत के कारण प्रवेश सीमित कर देते हैं। कई राज्य सरकार के विश्वविद्यालय केवल 1,000 से 2,000 छात्रों को ही दाखिला देते हैं, यह स्थिति बदलनी ही होगी। शिक्षा सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए, जिसमें गरीब और मध्यम वर्ग भी शामिल हैं," उन्होंने कहा। 2011 की जनगणना का हवाला देते हुए, उन्होंने बताया कि 18-23 आयु वर्ग के 14 करोड़ लोगों में से केवल 4 करोड़ ही उच्च शिक्षा प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा,



सरकार को शेष 10 करोड़ लोगों की दुर्दशा का समाधान करना चाहिए। शिक्षा समवर्ती सूची में है और केंद्र व राज्य सरकारों को शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के लिए धन मुहैया कराने को प्राथमिकता देनी चाहिए। न्यूज़18 के प्रबंध संपादक आनंद नरसिम्हन ने छात्रों को उद्देश्यपूर्ण नवाचार के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि छात्रों का लक्ष्य ऐसे आविष्कारक और उद्यमी बनना होना चाहिए जो रोजगार पैदा करें। उन्हें नवाचार को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिक सोच को पारंपरिक ढाँचों के साथ एकीकृत करना चाहिए। ग्रेविटास 2025 में 28 सितंबर तक 207 कार्यक्रम, 57 कार्यशालाएँ, 51 हैकथॉन, रोबोट युद्ध और ड्रोन शो आयोजित किए जाएँगे। लगभग 40,000 छात्र इसमें भाग ले रहे हैं।

उद्घाटन समारोह में वीआईटी के उपाध्यक्ष डॉ. शेखर विश्वनाथन, कार्यकारी निदेशक डॉ. संध्या पेंटारेड्डी, मैक्सिमस इंडिया की कंट्री हेड और वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुश्री प्रवीणा भीमावरपु, कुलपति डॉ. कंचना भास्करन, प्रो वाइस चांसलर डॉ. पार्थसारथी मलिक, रजिस्ट्रार डॉ. जयाबरथी और ग्रेविटास समन्वयक शर्मिला उपस्थित थे।

### पी.सी. कोस्मा सोप लिमिटेड की 38 वीं वार्षिक शेयर धारकों की आमसभा का आयोजन



**आगरा।** पी. सी. कोस्मा सोप लिमिटेड की 38 वीं वार्षिक शेयर धारकों की आमसभा का आयोजन 26 सितम्बर 2025 दिन शुक्रवार को होटल पी.एल. पैलेस, संजय प्लेस, आगरा में किया गया। कंपनी के चैयरमैन श्री मंयक जैन ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कम्पनी के प्रोडक्ट की बिकी 14059 लाख रूपये हुई है जो गत वर्ष 2023-24 में 13364 लाख थी व कम्पनी का प्रोफिट 960.93 लाख हो गया । कम्पनी ने वर्ष 2024-25 में अपने शेयर धारकों को 30 फीसदी लाभांश देने का प्रावधान किया। आमसभा में अंशधारकों द्वारा इस लाभांश को स्वीकृत किया गया। कम्पनी के शानदार प्रदर्शन के लिए निदेशक मंडल द्वारा शेयरधारकों, कर्मचारियों और व्यापारियों का आभार प्रकट किया है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 6002



**बाएँ से दाए**
1.राजा का पुत्र-5
4.मन को हरने वाला-4
7.काल,समय,पीरियड-2
8.खोदना-3
9.मोटा आटा-2
10.पशु,मवेशी-4
11.जलापूर्ति का साधन-2
13.पुत्र,बेटा-3
14.क्षार,खारा-2
15.दर,मूल्य-3
17.नौका-2
19.नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22.लालन-पालन-5
25.अच्छा,भला-2
26.पूर्ण करना-3
28.गोष्ठी,सम्मेलन-2
29.हुनरमंद-3
30.पिता का भाई -2
32.कुरुपता-4
34.इसाई साध्वी -2
36.टेंशन,परेशानी-3
37.खुजली -2
38.अशक्त,निर्बल-4
39.नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.झगड़ा, बैर,द्वेष-2
2.सद्पुरुष,अच्छे कुल का-3
3.सार-संभाल-2,3
4.विचार करना-3
5.प्रत्येक-2
6.परंपरा,धर्मविधी-4
7.आवास, गरीबखाना-5
10.संपत्ति-4
12.भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16.भालू-बंदर नचाने वाला-3
17.मां की मां-2
18.भय,खौफ-2
20.वेग,गति-3
21.मुंह,चेहरा-2
22.पैर,ओहदा-2
23.वर्धनशील,बढ़नेवाला-4
24.शकरगंजी,कंद-5
25.सभागार,सभाकक्ष-5
26.भयंकर,खतरनाक-4
27.मोड़-2
31.कायर,डरपोक-3
33.तीन घंटे का समय,प्रहर-3
35.भीगा हुआ-2
37.नौकरानी-2

### शब्द पहेली- 6001 का हल



## सूडोकु नवताल - 6012

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6011 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

विजय दशमी विशेष

# भारत की अमूल्य सांस्कृतिक चेतना की संवाहक रामलीला

सदियों से चली आ रही रामलीलाओं की परंपरा आज भी देश के कोने-कोने में अपनी पूरी भव्यता के साथ आयोजित की जाती है। देश ही नहीं विदेशों में भी रामलीलाओं के जरिए उच्च मानवीय मूल्यों का संवहन हो रहा है। वास्तव में रामलीला केवल पौराणिक कथा का मंचन नहीं, भारतीय जनमानस की सांस्कृतिक आस्था का अमूल्य धरोहर भी है।


कनाडा में आयोजित रामलीला का दृश्य


कंबोडिया में रामलीला का मंचन

आवरण कथा
नरेंद्र शर्मा

रामलीला महज एक धार्मिक नाट्य मंचन या लीला आयोजन भर नहीं है। बल्कि यह भारत की जीवित सांस्कृतिक आत्मा है और दुनिया भर में भारतीय मूल्यों की जीवंत राजदूत की भूमिका निभाती है। भारत के बाहर चाहे इंडोनेशिया हो, थाइलैंड हो, त्रिनिदाद हो या मॉरीशस या फिजी, जहां भी भारतीय पहुंचे हैं, वो अपने साथ रामलीला लेकर भी गए हैं।

**मानव मूल्यों का संदेशवाहक:** रामलीला में अध्यात्म, कला, संगीत, नृत्य, रंगमंच और लोकसंस्कृति सब समाहित होता है। यही कारण है कि साल 2008 में यूनेस्को ने रामलीला को विश्व की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर घोषित किया, जो दुनिया को भारतीय संस्कृति की अद्वितीय देन है। रामलीला का वृहत वैश्विक महत्व है, क्योंकि ये महज नाटक नहीं मानव मूल्यों का संदेशवाहक है। रामलीला सत्य, धर्म, न्याय, त्याग, भाईचारे और करुणा जैसे सार्वभौमिक मूल्यों का वैश्विक दस्तावेज है। रामलीला के मूल्य सिर्फ हिंदू समाज या भारतभूमि तक सीमित नहीं हैं बल्कि ये समूची मानवता का पथ-प्रदर्शक है। दुनिया के अनेक देशों जैसे इंडोनेशिया, थाइलैंड, कंबोडिया, त्रिनिदाद, फिजी, सूरीनाम, मॉरीशस, अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा में रामलीलाओं का मंचन भारत में सांस्कृतिक ध्वजा की तरह लहराता है। यहां की स्थानीय बोली, गीत, वेशभूषा और कलात्मक शैली मिलकर इसे एक वैश्विक नाट्य परंपरा बनाते हैं।

**अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर:** रामलीला दुनिया की अमूल्य धरोहर इसलिए है, क्योंकि यह धर्म और संस्कृति को साझे लोकमंच में बदलती है। रामलीला में दर्शक और कलाकार के बीच कोई भेद नहीं रहता। कलाकार और कला के दर्शक दोनों एक ही भाव जगत में रहते हैं, इसलिए रामलीला भारत में पीढ़ी दर पीढ़ी मौखिक परंपरा और लोकसंस्कृति का संरक्षण करती है। आज दुनिया के मंच पर यह भारत की मजबूत पहचान है। दुनिया इस बात को स्वीकारती है कि भारत केवल तकनीकी और विज्ञान ही नहीं बल्कि नैतिक और सांस्कृतिक मूल्य भी प्रदान करता है। इसलिए यूनेस्को ने रामलीला को 'इंटेजिबल कल्चर हेरिटेज ऑफ ह्यूमेनिटी' कहा है।

**लोककला-लोकआस्था का संगम:** रामलीला का मंचन केवल रामकथा का मंचन नहीं है बल्कि यह जीवन के सबसे संभावित आदर्श पाठों का मंचन होती है, जब हमारे बीच में ही साधारण लोग मजदूर, किसान, छात्र, युवा आदि राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान आदि का रूप धरकर रामकथा प्रस्तुत करते हैं तो यह धारणा प्रबल होती है कि सत्य और मूल्य किसी एक का नहीं बल्कि समूची मानवता का उनमें साझा है। रामलीला की महत्ता इस बात से भी है कि यह लोककला और लोकआस्था का अनोखा संगम है। मंच पर, मंच के नीचे और हर तरफ मौजूद लोग रामलीला के कलाकारों के साथ ही दोहे, भजन और चौपाइयां दोहराते हैं और फिर ढोल, नगाड़े और लोकनृत्यों में पारंपरिक परिधानों में सजे कलाकार एक जीवंत कथा, उत्सव रचते हैं। इसलिए रामलीला को सामूहिक उत्सव कह सकते हैं। इसके कलाकार भी भाव-विभोर होते हैं। रामलीला का अस्तित्व सदियों से मौखिक परंपरा द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी जीवित रहा है।


वाराणसी के निकट रामनगर की रामलीला



अयोध्या की भव्य रामलीला

**वैश्विक संरक्षण का हो रहा प्रयास:** विद्यालयों और महाविद्यालयों में रामलीला के मंचन को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है और इस सबका अब डिजिटल दस्तावेजीकरण भी हो रहा है, ताकि दुनिया में यह महान सांस्कृतिक परंपरा हमेशा के लिए बनी रहे। आज रामलीलाओं की डिजिटल रिकॉर्डिंग और डॉक्यूमेंट्री फॉर्म में विकसित की गई रामलीलाएं दुनिया भर में देखी जा रही और सराही जा रही हैं। आज यह पर्यटन और सांस्कृतिक महोत्सवों का हिस्सा हैं। जैसे वाराणसी की रामनगर की रामलीला, भारत की यह अमूल्य सांस्कृतिक विरासत आज पूरी दुनिया में अपनी भव्य पहचान रखती है।

आज अमेरिका के ह्यूस्टन में हर साल भव्य रामलीला का आयोजन होता है, जिसमें पूरी दुनिया के महत्वपूर्ण कलाकार हिस्सा लेते हैं और भारत की इस सांस्कृतिक परंपरा की खुशबू दुनिया के कोने-कोने तक फैलती है। रामलीला भारत की संवेदनशील विश्व धरोहर है। चूंकि यह निरा संस्कृति ही नहीं इसमें धार्मिक आस्थाओं के तार भी जुड़े हैं। इसलिए जरा भी उपेक्षा या अतिरिक्त व्यावसायिकता इसके मूल भाव को कमजोर कर सकती है। यही कारण है कि रामलीला के आयोजन में चाहे जितना धन खर्च कर दिया जाए, इसे पूर्णतः व्यावसायिक नहीं बनाया जाता या बनाया जा सकता, क्योंकि यह भारत की एक ऐसी परंपरा है, जिसमें लोक धर्म और लोक आस्था की जड़ें गहरे तक फैली हैं।

**व्यावसायिकता से है दूर:** रामलीला, हिंदू संस्कृति, अध्यात्म और भारतीय जीवन मूल्यों की प्रतिनिधि मानी जाती है। इसलिए इसमें पूर्णतः व्यावसायिक रंग नहीं आ सकते। धरोहर के रूप में इसका संरक्षण जरूरी है, लेकिन मनोरंजन के रूप में नहीं। इसलिए रामलीलाओं को आज भी व्यावसायिकता से बचाकर रखा जाता है। अयोध्या, वाराणसी, रामनगर, मथुरा, मध्य प्रदेश और बिहार से लेकर दक्षिण भारत तक रामलीलाओं की शैलियां अलग-अलग और स्थानिकता से ओतप्रोत हैं। लेकिन कभी भी किसी शैली को एक-दूसरे से सुधारने की कोशिश नहीं की जाती, न ही रामलीलाओं को मुंबई, चेन्नई या कोलकाता की व्यावसायिक सिने इंडस्ट्री के हवाले किया जाता है। आदर्श रामलीलाएं आज भी अयोध्या और वाराणसी में होती हैं और इनकी तुलना कोई मुंबई से नहीं करता क्योंकि रामलीला भारत की धार्मिक, आध्यात्मिक और संस्कृति का मंच है। किसी नाटक या फिल्म का नहीं, इसलिए रामलीलाओं पर आज भी लोक की भागीदारी ज्यादा और मजबूत रहती है। *

विशेषः गांधी जयंती, 2 अक्टूबर



गांधी किसी व्यक्ति का नहीं एक विचारधारा, एक जीवनदर्शन का नाम है। यही वजह है कि उनके जाने के दशकों बाद आज भी देश और विश्व के समक्ष उपस्थित कई गंभीर संकटों का हल उनके विचारों में पाया जा सकता है।

# देश-दुनिया के लिए आज भी कायम है गांधीजी की प्रासंगिकता

प्रासंगिकता
लोकमित्र गौतम

महात्मा गांधी 20वीं शताब्दी की एक ऐसी शख्सियत हुए हैं, जो अपने विलक्षण गुणों के कारण कभी विस्मृत नहीं किए जा सकेंगे। अपने न रहने के 78 सालों बाद आज भी एक दिन ऐसा नहीं होता, जब गांधी की प्रासंगिकता और जीवन में उनके किसी पहलू की अहमियत हमें रह-रहकर न याद आती हो। यकीन मानिए, महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आईंस्टीन ने सही कहा था कि एक ऐसा वक्त आएगा, जब दुनिया के लोग अचंभा करेंगे कि गांधी जैसा कोई चलता-फिरता शख्स भी इस दुनिया में हुआ था। गांधी की यही विराट प्रासंगिकता है, जो उन्हें हर पल हम सभी को याद आती है।

**युवाओं के मार्गदर्शक:** अगर हम आज की इस बेहद रफ्तार भरी या कहें कि अंधी दौड़ में उलझी दुनिया में युवाओं के लिए सोचें कि वे गांधी से क्या सबक सीख सकते हैं, तो यकीन मानिए क्वांटम तकनीक के पास उतनी संभावनाएं नहीं हैं, जितनी संभावनाएं गांधी के जीवनदर्शन में युवाओं के सीखने के लिए हैं। 21वीं सदी का परिदृश्य अनुमान से कहीं ज्यादा तेजी से बदला है। विज्ञान और तकनीक ने जीवन को जो असाधारण गति दी है, शायद कभी इंसान ने कल्पना भी न की होगी। इंटरनेट, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, रोबोटिक्स और सोशल मीडिया का क्लाउड यह सब ऐसी चकाचौंध है, जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी। लेकिन फिर भी इंसान सुखी नहीं है। न युवा, न अधेड़ और न ही किशोरों की जिंदगी में किसी तरह का सुख, सुखद उम्मीदें और स्थायित्व है। शायद यही इस प्रगति की सबसे बड़ी खामी है। प्रगति की इस अंधी दौड़ में सब कुछ पाने की धुन में सब कुछ बिखरा-बिखरा है। आज चाहे कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने इंसानी क्षमताओं को कितना भी विस्तार दिया हो, लेकिन यह एहसास एक क्षण को भी नहीं भूलता कि हमारी सारी उपलब्धियां मशीनी नहीं तो क्या हैं? जब तक इंसान को किसी भी क्षेत्र में दिली संतुष्टि न हो तो किसी भी उपलब्धि का क्या अर्थ है? आज की प्रगति के साथ यही है और ऐसे ही समय में महात्मा गांधी का जीवनदर्शन आज की पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक बनने की पूरी संभावनाएं रखता है। कुछ लोगों ने महात्मा गांधी को तकनीक विरोधी साबित करने की कोशिश की, पर वह ऐसे नहीं थे। वह दुनिया की हर उपलब्धि, हर चाहत, हर जरूरत को इंसान के केंद्र में रखने के पक्षधर थे। वह किसी भी उपलब्धि को इंसान होने की भव्यता और विशिष्टता से परे नहीं मानते थे। गांधीजी स्पष्ट तौर पर मानते थे कि कोई साधन तभी सार्थक है, जब वह समाज के अंतिम व्यक्ति को भी उपलब्ध हो या उससे वह लाभ ले सके। अगर गहराई से देखें तो यह तकनीक का सर्वाधिक लोकतंत्रीकरण करना है। आज जब तकनीक का बड़ा हिस्सा केवल अमीर देशों और कॉर्पोरेट कंपनियों के हाथों में केंद्रित है, तब युवा, गांधी दर्शन से प्रेरणा ले सकते हैं कि तकनीक की उन्नति का तभी कोई अर्थ है, जब वह समाज में अंतिम व्यक्ति के लिए भी उपलब्ध हो।



**देते हैं पर्यावरण संरक्षण की सीखः** आज की तकनीकी क्रांति ने हमारे पर्यावरण को बहुत गहरे तक प्रभावित किया है। ई-कचरा, कार्बन उत्सर्जन और बेतहाशा उपभोग आज की सबसे बड़ी समस्या है। प्रकृति के असंतुलन का सबसे बड़ा कारण यही है। ऐसे में युवाओं को सीखना होगा कि तकनीक का प्रयोग पर्यावरण, संवेदनशील ढंग से हो। ग्रीन एनर्जी आधारित इनोवेशन आज गांधीगीरी का ही रूप है और ई-कचरे का जितना ज्यादा रि-साइकिलिंग हो, अच्छा है। इसे सादा जीवन और प्रकृति के साथ संतुलन बनाने की कोशिश ही समझना चाहिए। आज हम इस 2025 में अब तक के इतिहास में सबसे ज्यादा तकनीकी रूप से समृद्ध हैं, लेकिन मानवीय दृष्टि और नैतिकता की हमें नितांत जरूरत है। यह हम तभी हासिल कर सकते हैं, जब आज के वैज्ञानिक और तकनीकी जीवन को गांधी जी की अंतर्दृष्टि से देखें। आज का दौर अपग्रेड कल्चर का भी है, लेकिन कल्चर में अपग्रेड होने के नाम पर हो क्या रहा है? हम नया फोन बदल रहे हैं, नए एप्स से जुड़ रहे हैं, नई कारें खरीद रहे हैं और अंततः उपभोग की नई कोशिशें कर रहे हैं। हम सब जानते हैं कि गांधीजी ने कहा था, 'पृथ्वी सबकी जरूरतें तो पूरी कर सकती है, लेकिन किसी एक के लालच के सामने भी यह कम पड़ेगी।' जरा सोचिए, किसी एक की जगह जब पूरी दुनिया ही अपने लालच में डूब गई हो तो भला यह धरती कैसे उसकी जरूरतें पूरी कर सकती है।



जलवायु संकट, पर्यावरण विनाश दुनिया में उपभोग के कचरों के ढेर, ये एक नहीं इस दौर में अधिकतम लोगों के लालच की निशानियां हैं। अगर दुनिया को सुरक्षित रखना है, दुनिया को जीने लायक बनाए रखना है तो इस लालच से दूर रहना होगा और गांधी दर्शन ही काम आएगा कि हम जीवन जीने के लिए चीजों को एकत्र करें, चीजों को जुटाने के लिए न जीएं। *

पर्वोत्सव / वीरेंद्र बहादुर सिंह

# आसुरी वृत्तियों पर सत्य-धर्म के विजय का उत्सव दशहरा

गीता के अध्याय 18/श्लोक 78 में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है-

यत्र योगेश्वरः कृष्णो, यत्र पार्थो धनुर्धरः।
तत्र श्रीः विजयोभूति, ध्रुवा नीतिः मतिः मम।।

कहने का अर्थ है कि जहां योगेश्वर श्रीकृष्ण हैं और जहां धनुर्धर पार्थ (अर्जुन) हैं, वहां विजय है। वहां लक्ष्मी हैं, कल्याण है और शाश्वत नीति है- ऐसा मेरा मत है।

योगेश्वर कृष्ण का अर्थ है ईश्वरीय कृपा और धनुर्धर पार्थ का अर्थ है मानव प्रयास। जहां ये दोनों मिलते हैं, वहीं विजय का नाद सुनाई देता है। यही निर्विवाद सत्य है। वास्तव में दशहरा, इसी भक्तिभाव और शक्ति के समन्वय का उत्सव है। नवरात्र में नौ दिन तक मां जगदंबा की उपासना कर शक्ति प्राप्त करने के बाद विजय की आकांक्षा जागना स्वाभाविक है। इस दृष्टि से दशहरा विजय-प्रस्थान का उत्सव है।

**विजय प्रस्थान का प्रतीक पर्व:** व्यक्ति और समाज की रगों में वीरता का संचार हो, इसके लिए दशहरा मनाया जाता है। शत्रु की दुष्टता को दबाने का यह उत्सव है। भगवान श्रीरामचंद्र के समय से ही यह दिन विजय-प्रस्थान का प्रतीक बना। प्रभु श्रीरामचंद्र ने रावण का संहार करके इसी दिन विजय प्राप्त किया था। छत्रपति शिवाजी ने भी औरंगजेब को परास्त करने और हिंदू धर्म की रक्षा करने हेतु इसी दिन प्रस्थान किया था। इतिहास में अनेक उदाहरण हैं, जब हिंदू राजाओं ने इसी दिन विजय-प्रस्थान किया।




**प्रचलित पौराणिक कथा:** कथानुसार एक बार रघुराज ने कुबेर देवता को, जो सदैव धन संचय में लगे रहते थे, इसकी सीमा उल्लंघन के प्रति आगाह किया। भयभीत होकर कुबेर ने विजय दशमी की तिथि पर शमी वृक्ष पर स्वर्ण मुद्राओं की वर्षा की। इसके एवज में शमी वृक्ष ने उन्हें असीम वैभव का वरदान दिया। तभी से दशहरे पर शमी वृक्ष की पूजा की जाने लगी। पांडवों ने अपने वनवास के अज्ञातवास में अपने दिव्य शस्त्र शमी वृक्ष पर छुपा रखे थे। इसलिए भी इसका महत्त्व है। इसी कारण दशहरा शस्त्र-पूजन का पारंपरिक दिन माना जाता है। विजय दिलाने वाले शस्त्र ही हैं, इसलिए शस्त्र-पूजन द्वारा इस भाव को व्यक्त किया जाता है।

**अंतःशत्रुओं से रहें सजग:** जिस तरह हमारे चारों ओर नकारात्मकता से भरपूर बाहरी शत्रु होते हैं, वैसे ही हमारे भीतर भी कई शत्रु छुपे होते हैं, जिन पर हम अकसर ध्यान ही नहीं देते हैं। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर, ये मानव मात्र के षडरिपु हैं। विजयादशमी के इस शुभ दिन संकल्पित होकर इन शत्रुओं को परास्त करने के लिए अग्रसर होना चाहिए। इनके अलावा आलस्य भी मनुष्य का एक बड़ा शत्रु माना गया है। इसके बारे में कहा गया है-

आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महारिपुः यानी, आलस्य मनुष्य के शरीर में स्थित महान शत्रु है। जीवन में प्रगति और विजय पाने के लिए उक्त छह दुर्गुणों के अलावा दृढ़ संकल्प से इस स्थायी शत्रु पर काबू पाना भी आवश्यक है।

**नैतिक मूल्यों की स्थापना का लें संकल्प:** आज समाज में नैतिक मूल्यों पर संकट मंडरा रहे हैं। लगता है समाज की भव्य संस्कृति, अपने अवसान की ओर बढ़ रही है। ऐसे समय में सदाचारी और सत्यपथ पर चलने वाले व्यक्ति चुपचाप कैसे बैठ सकते हैं? बढ़ती हुई आसुरी वृत्तियों को यथाशक्ति रोकने का प्रयास हम सभी जरूर करें। योगेश्वर और संपूर्ण ब्रह्मांड की सकारात्मक शक्ति मेरे साथ है, मैं आसुरी वृत्तियों को मिटाने में स्वयं को समर्पित कर दूंगा, दशहरे पर यही दृढ़ संकल्प हमें करना चाहिए।

सार रूप में कह सकते हैं कि दशहरे का पर्व, समाज में फैली दीनता, हीनता, लाचारी के साथ-साथ अनैतिकता, भ्रष्टाचार और भोग वृत्ति जैसे मानवीय दुर्गुणों को नष्ट करने का संकल्प लेने का दिन है। वीरता का वैभव, शौर्य का श्रृंगार, पराक्रम और शस्त्रों की पूजा- यही दशहरा का निहित संदेश है। वास्तव में दशहरा भक्ति और शक्ति का पवित्र मिलन का पर्व है। *



गजल
गोविंद सेन

## सच्चा लगता है

सच बतलाना क्या लगता है
मेरा कुछ अच्छा लगता है
ऊपर से देखा है उसको
भीतर कुछ बदला लगता है
लगता है थोड़ा सा सीधा
थोड़ा सा उल्टा लगता है
बचकानी है उसकी बातें
पचपन में बच्चा लगता है
माना हमने कड़वा है वो
पर बिल्कुल सच्चा लगता है

लघुकथाएं

## कन्या पूजन



हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रभुदयाल जी के घर पर नवरात्र हवन, कन्या पूजन का आयोजन चल रहा था। अचानक बाहर सड़क का शोर सुनकर वह उठकर भागते हुए बाहर चले गए। कन्या पूजन और हवन की समाप्त होने के बाद घर लौटकर आए। पंडित जी और घर वाले नाराज होकर बोले, 'आपको इस तरह हवन, कन्या पूजन छोड़कर नहीं जाना था। यह दुनिया है, यहां कुछ न कुछ तो होता ही रहता है। इसका यह मतलब नहीं है कि पूजा-पाठ छोड़कर चल दो, यह गलत बात है।' प्रभुदयाल जी ने बताया, 'बाहर एक कन्या को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। मैं उसको लेकर तुरंत अस्पताल चला गया। उसके होश आने पर ही वापस आया हूं। मेरे लिए तो यह कार्य हवन, कन्या पूजन और कन्या भोज से कम नहीं था।' पंडित जी दक्षिणा आदि लेकर चले गए, लेकिन कुछ ही देर बाद वापस लौटे आए। पश्चाताप के आंसू लिए प्रभुदयाल जी से बोले, 'जिस कन्या की आपने मदद की है, वो मेरी ही कन्या है। घर से भागकर जब मैं अस्पताल पहुंचा तो डॉक्टर ने बताया कि प्रभुदयाल जी अगर सही समय पर आपकी बेटी को लेकर नहीं आते तो इसकी जान जा सकती थी। आपका यह मदद करने का जज्बा मेरे लिए आज एक 'दिव्य उपहार' है। आप जैसे लोग देवदूत होते हैं।' पंडित जी एक पल ठहर कर आगे बोले, 'आप सही हैं प्रभुदयाल जी, किसी प्रकार की भक्ति, साधना, अभिषेक, हवन और कन्या पूजन से भी बड़ी है करुणा। यही शक्ति सेवा है। आपको यह नवदुर्गा, नवरात्र क्या, जीवनभर की नवदुर्गा, नवरात्र का हवन, कन्या पूजन और कन्या भोज का पुण्य आज ही मिल गया। ईश्वर आपको दीर्घायु दें।' *

-चंद्रप्रकाश डाले

## भीख का स्वाद



बैसाखी के सहारे चलकर, अपने कंधे पर दो भारी थैले लादकर वह अपनी झोपड़ी में आ गया। उसका चेहरा निस्तेज था। लेकिन उसकी आहट से सतर्क हुई मां ने लपक कर उससे थैला छीन लिया। रद्दी अखबार फैला कर खाद्य सामग्री उत्सुकता से देखने लगी। खाद्य सामग्री देखकर वह खुश हो गई, बोली, 'आहा! आज तो खाने के लिए खूब माल मिला है। दो दिन तक अपना काम चल जाएगा। आ.. आजा.. खा ले। पर सुन, तेरे चेहरे पर इतनी मुर्दनगी क्यों छाई हुई है?'

उसने बैसाखी एक तरफ रख दी। मां-बेटे इत्मीनान से भूख मिटाने लगे।

'बढ़िया स्वाद है ना।' मां पूड़ी चबाते हुए बोली।

'हां, मां, लेकिन है तो यह भीख ही।' उसने उदास स्वर में लड़के ने मां को जवाब दिया। *

-पूनम पांडे

पत्रिका चर्चा / विज्ञान भूषण

## मधुर स्मृतियों का कोलाज

संस्मरणों पर साहित्यिक पत्रिकाओं के विशेषांक कम ही निकलते हैं। इस पर भी 'निकट-42 (संस्मरण विशेषांक)' इस मायने में विशिष्ट है कि इसमें साहित्यिक विभूतियों या नामचीन हस्तियों के बजाय साधारण लोगों पर लिखे गए असाधारण संस्मरणों को संजोया गया है। वरिष्ठ कथाकार अमरीक सिंह दीप ने अपने संस्मरण में ग्रामीण इलाके की पहली यात्रा से जुड़ी अनुभूतियों को बयां किया है तो लता शर्मा ने अपने संस्मरण में एक ऑटो वाले के आत्मीय स्नेह को याद किया है। अपूर्व जोशी ने अपनी मां के विराट व्यक्तित्व को शब्दांकित किया है तो आरती आस्था ने अपने कार्यस्थल पर होने वाले वैचारिक संघर्ष की स्मृतियों को पूरी बेबाकी से बयां किया है। बीरबल नामक घोड़े पर पारुल तोमर ने बहुत मार्मिक संस्मरण लिखा है। शेष संस्मरणों में व्यंकटरमण, धनंजय सिंह, रजनी गुप्त, मनीष वैद्य, अमिता दुबे और पंकज सुबीर के संस्मरण भी विशेष रूप से पठनीय हैं। कहने की जरूरत नहीं मधुर स्मृतियों का यह शाब्दिक कोलाज, पठनीय ही नहीं संग्रहणीय भी है। *




**पत्रिका:** निकट-42 (सितंबर-दिसंबर 2025 अंक-संस्मरण विशेषांक), **संपादक:** कृष्ण बिहारी, **मूल्य:** 50 रुपए

# पैरा विश्व तीरंदाजी: पैरों और ठुड्डी की सहायता से लगाया अचूक निशाना, 18 साल की शीतल ने जीता गोल्ड

## बिना बाजू वाली पैरा तीरंदाज ने दुनिया की नंबर एक ओजनूर क्यूर गिर्डी को 146-143 से हराया

एजेंसी ▶▶| ग्वांग्जू

भारत की 18 वर्षीय शीतल देवी ने विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप में महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में तुर्किये की दुनिया की नंबर एक पैरा तीरंदाज ओजनूर क्यूर गिर्डी को 146-143 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। स्पर्धा में शीतल एकमात्र बिना बाजू वाली पैरा तीरंदाज हैं। वह निशाना लगाने के लिए अपने पैरों और ठुड्डी का इस्तेमाल करती हैं और यह चैंपियनशिप में उनका तीसरा पदक है। इससे पहले शीतल और सरिता ने कंपाउंड महिला ओपन टीम स्पर्धा में रजत पदक। शीतल ने तोमन कुमार के साथ मिलकर कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता।



## शीतल ने संयम से लगाए निशाने

व्यक्तिगत फाइनल तनावपूर्ण था लेकिन शीतल ने संयम से निशाने लगाए। पहला राउंड 29-29 से बराबरी पर था, लेकिन शीतल ने दूसरे राउंड में 10-10 के तीन शॉट लगाकर 30-27 से जीत बढ़त हासिल की। तीसरा राउंड भी 29-29 से बराबरी पर था। चौथे राउंड में शीतल मामूली अंतर से चूक गईं, जिसमें उन्होंने 28 अंक बनाए और गिर्डी एक अंक से इसे जीत गईं। हालांकि फिर भी शीतल ने 116-114 के स्कोर पर दो अंक की बढ़त बनाए रखी। इसके बाद उन्होंने अंतिम राउंड में तीन सटीक तीर से 30 अंक बनाकर अपना पहला स्वर्ण पदक पक्का किया।



## कंपाउंड में सरिता के साथ जीता रजत

इससे पहले जम्मू कश्मीर की इस तीरंदाज ने सेमीफाइनल में ब्रिटेन की जोड़ी ग्रिनहम को 145-140 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। यह खिताबी मुकाबला 2023 पिलसन विश्व चैंपियनशिप का दोहराव था, जिसमें गिर्डी ने शीतल को 140-138 से हराया था। कंपाउंड महिला ओपन टीम स्पर्धा में शीतल और सरिता को फाइनल में तुर्की से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

## भारतीय जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए बनाई बढ़त

भारतीय जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले राउंड में गिर्डी और बुर्सा फातमा उन की तुर्की की जोड़ी पर 38-37 की बढ़त बनाई। भारतीय जोड़ी ने अपने शुरुआती चार तीर से तीन बार 10 अंक जुटाए जबकि तुर्की की जोड़ी केवल एक बार ही 10 अंक बना सकी। तुर्की की तीरंदाजों ने दूसरे राउंड में तीन बार 10 अंक से 39 अंक जुटाकर वापसी की और स्कोर 76-76 से बराबर कर दिया। तीसरे राउंड में भारतीय जोड़ी दबाव में आ गई। शीतल और सरिता एक बार 10, दो बार नौ और एक बार आठ अंक से कुल 36 अंक ही बना पाईं। भारतीय टीम 36 अंक ही बना पाई, जिसमें एक तीर सात अंक पर लगा। तुर्की ने 152-148 से जीत हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।

## खबर संक्षेप



### आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप: रश्मिका-कपिल ने जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाजों ने डॉ. कर्णी सिंह रेंज में आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में दबदबा बनाते हुए शीर्ष दो स्थान हासिल किए। रश्मिका और कपिल ने एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। रश्मिका और कपिल ने खिताबी दौर में वंशिका चौधरी और एंटोनी जोनाथन गेविन की एक अन्य भारतीय जोड़ी को 16-10 से हराया। इनेस ओर्टेगा कास्त्रो और लुकास सांचेज की स्पेन की जोड़ी ने पेरिमाह अमीरी मोहम्मद रेजा अहमादी की ईरान की जोड़ी को 16-14 से हराकर कांस्य पदक जीता। रश्मिका और कपिल की जोड़ी ने शुरुआत से ही दबदबा बनाया और क्वालीफिकेशन में 582 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में एकतरफा मुकाबला देखने को मिला। रश्मिका और कपिल ने शुरुआती बढ़त बनाई और फिर विरोधी जोड़ी को वापसी करने का मौका नहीं दिया।

### सूर्यकुमार के सामने चमक बिखेरने की चुनौती

**दुबई।** कप्तान के तौर पर एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में अब तक शानदार परिणाम हासिल करने वाले सूर्यकुमार यादव बल्ले से



अपनी ख्याति के मुताबिक चमक बिखेरने में नाकाम रहे हैं लेकिन रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले फाइनल में उनके पास शानदार मौका होगा। सूर्यकुमार का इस टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में नाबाद 47 रन रहा है। उन्होंने यह पारी तब खेली जब टीम जीत के लिए छोटे लक्ष्य का पीछा कर रही थी और आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 31 रन की ताबड़तोड़ पारी से टीम के अन्य बल्लेबाजों से दबाव पूरी तरह से हटा दिया था। कप्तान बनने के बाद सूर्यकुमार की बल्लेबाजी में थोड़ी गिरावट देखने को मिली है।

### अभिषेक दिखा रहे अपना स्वाभाविक खेल : जयसूर्या

**दुबई।** श्रीलंका के मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की निडर बल्लेबाजी की सराहना की है और टीम



प्रबंधन को इस युवा खिलाड़ी को अपना स्वाभाविक खेल खेलने का मौका देने का श्रेय दिया है। जयसूर्या का मानना है कि इसका नतीजा भारतीय टीम को मौजूदा एशिया कप में अभिषेक के लगातार अच्छे प्रदर्शन के रूप में मिला है। पच्चीस वर्षीय भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक ने शुक्रवार को सुपर ओवर में श्रीलंका पर भारत की जीत के दौरान टूर्नामेंट का अपना तीसरा अर्धशतक जड़ा।

## आज रात 8 बजे से एशिया कप फाइनल

# हाई-वोल्टेज मुकाबले में भारत की नजर जीत हासिल करने पर

### भारत को पाकिस्तान के खिलाफ एक बार फिर एकजुट होकर खेलना होगा

एजेंसी ▶▶| दुबई

जीत ही सब कुछ नहीं होती लेकिन 11 भारतीय क्रिकेटर रविवार को एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ उतरेंगे तो उनकी नजरें सिर्फ जीत हासिल करने पर टिकी होंगी। इस हाई-वोल्टेज मुकाबले की तैयारी के बीच मैदान पर खेल और मैदान के बाहर की राजनीति के बीच की रेखाएं धुंधली पड़ गई हैं। अमेरिकी राजनीतिक कार्यकर्ता और लेखक माइक मार्कुसी के शब्दों में यह 'बिना गोलीबारी के युद्ध' जैसा है।

वर्षों से भारत-पाकिस्तान मुकाबले में रोमांच की कमी नहीं रही है लेकिन शायद ही कभी यह इतनी उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि में हुआ जब क्रिकेट के मैदान के बाहर का तनाव, उत्तेजक इशारे और दोनों पक्षों पर लगे जुर्माने इससे जुड़े हुए प्रतीत हों। फिर भी शोरगुल से परे क्रिकेट अपने आप में आकर्षक रहा है और इस दौरान सुर्खियां अभिषेक शर्मा के 200 से अधिक के शानदार स्ट्राइक रेट और कुलदीप यादव के 13 विकेट ने बटोरी। अफसोस की बात है कि ये उपलब्धियां भी अक्सर टकराव और बहस की भेंट चढ़ जाती हैं। इसकी शुरुआत भारत की पहले मैच में 'हाथ नहीं मिलाने की' नीति से हुई जब कप्तान सूर्यकुमार यादव टॉस के समय और मैच के बाद हाथ मिलाए बिना चले गए। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राऊफ ने तानों, अपशब्दों और यहां तक कि विमान दुर्घटना का इशारा करके जवाब दिया, जिससे एक ऐसा बवाल मचा कि दोनों ही आईसीसी की जांच के घेरे में आ गए और उन पर 30 प्रतिशत का जुर्माना लगाया गया।



### सूर्यकुमार से बड़ी पारी की उम्मीद

सूर्यकुमार से बड़ी पारी की उम्मीद है। शुभमन गिल मुकाबले को खत्म नहीं कर पा रहे जबकि संजू सैमसन और तिलक जैसे खिलाड़ी श्रीलंका के खिलाफ महज औपचारिकता के मैच में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। अब तक अभिषेक ने पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अगर वह असफल रहे तो क्या होगा? पूरे टूर्नामेंट के दौरान अभिषेक के अलावा अन्य बल्लेबाज बिल्कुल भी विश्वसनीय प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और शीर्ष क्रम के लड़खड़ाने पर कोई भी 'प्लान बी' के बारे में नहीं जानता। अगर भारत अभिषेक पर बहुत अधिक निर्भर है तो पाकिस्तान की कमजोरियां और भी अधिक स्पष्ट हैं।

### पाक टीम का बल्लेबाजी क्रम प्रभावी नहीं

टीम का बल्लेबाजी क्रम काफी प्रभावी नहीं रहा है। जसप्रीत बुमराह को कुछ समय परेशान करने वाले साहिबजादा फरहान के अलावा अन्य बल्लेबाज दमदार प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। सईम अयूब का अभियान बेहद निराशाजनक रहा है। वह चार बार शून्य पर आउट हुए और एक समय तो टूर्नामेंट में उनके नाम पर रन से अधिक विकेट दर्ज थे। हुसैन तलत और सलमान अली आगा भारतीय स्पिनरों के सामने लड़खड़ा गए।

### टीम इस प्रकार

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा और रिंकू सिंह। **पाकिस्तान :** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमां, हारिस राऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन अफरीदी और सुफयान मोकिम।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स

# थेकरा ने थ्री-व्हील फ्रेम रनिंग में जीता गोल्ड, बनाया विश्व रिकॉर्ड

### लंबी कूद टी37 स्पर्धा में शियाओयान ने जीता स्वर्ण



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की थेकरा अलकाबी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन महिलाओं की 100 मीटर टी71 फ्रेम रनिंग स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड कायम करते हुए स्वर्ण पदक जीता। टी71 वर्गीकरण उन एथलीटों के लिए है, जिनके धड़ और पैरों में गतिशीलता काफी हद तक प्रभावित होती है। अलकाबी 19.89 सेकेंड का समय निकालकर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम करने में सफल रही। इस 23 साल की खिलाड़ी ने लिथुआनिया की बेला मोरकस के इस साल जुलाई में कायम 20.08 सेकेंड के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। मोरकस ने यहां 21.53 सेकेंड के समय के साथ रजत जबकि पोलैंड की मिरियम डोमिनिकोवस्का ने 23.56 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक हासिल किया। अलकाबी का इस स्पर्धा में पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 23.58 सेकेंड था। उन्होंने इससे पहले 2023 हांगझोऊ एशियाई पैरा खेलों में एफ32 क्लब थ्रो स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। महिलाओं की लंबी कूद टी37 स्पर्धा में, विश्व रिकॉर्ड धारक चीन की वेन शियाओयान ने 5.32 मीटर की मीट रिकॉर्ड दूरी के साथ अपेक्षा के अनुरूप स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2019 में कायम अपने पिछले मीट रिकॉर्ड 5.22 मीटर में सुधार किया। उनका मौजूदा विश्व रिकॉर्ड 5.45 मीटर है। उन्होंने इसे 2023 हांगझोऊ एशियाई पैरा खेलों के दौरान बनाया था।

### 400 मीटर टी20 के फाइनल में दीप्ति

**नई दिल्ली।** भारत का विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अभियान शानदार तरीके से शुरू हुआ जब धाविका दीप्ति जीवनजी ने सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ महिलाओं की 400 मीटर टी20 स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। तेलंगाना की 22 वर्षीय खिलाड़ी ने शुरुआती दौर की दूसरी हीट में 58.35 सेकेंड का समय लेकर शीर्ष स्थान हासिल किया। पहली हीट में वेनेजुएला की लियोनेला कोरोमोटो वेरा कोलिना ने 57.10 सेकेंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया, जो उनका भी सत्र का सर्वश्रेष्ठ समय है। मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक तुर्की की आयसेल ओन्डर 57.88 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। ओन्डर ने पिछले साल पेरिस पैरालंपिक में 54.96 सेकेंड का विश्व रिकॉर्ड बनाया था।

## चीन ओपन : स्वियातेक ने रचा इतिहास, तीसरे दौर में पहुंची

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक ने युआन यू को सीधे सेट में 6-0, 6-3 से हराकर चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश करके डब्ल्यूटीए टूर में इतिहास रच दिया।

डब्ल्यूटीए ने कहा कि जीत के साथ स्वियातेक लगातार तीन सत्र में डब्ल्यूटीए-1000 स्पर्धाओं में 25 या उससे अधिक जीत दर्ज करने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। अन्य मुकाबलों में चौथी वरीयता प्राप्त मीरा आंद्रीवा ने चीन की झू लिन को 6-2, 6-2 से हराया जबकि अमेरिका की ऐमा नवारो ने एलेना-गैब्रियल रुसे को 6-3, 7-6 से शिकस्त दी।



## रणजी ट्रॉफी के लिए छत्तीसगढ़ की टीम तैयार, अमनदीप बने कप्तान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने रणजी ट्रॉफी-2025 के लिए टीम का चयन कर खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। चयनित टीम बीसीसीआई द्वारा आयोजित रणजी ट्रॉफी के अंतर्गत दो अहम मुकाबले खेलेगी। पहला मुकाबला 15 से 18 अक्टूबर 2025 तक राजस्थान के खिलाफ और दूसरा मुकाबला 25 से 28 अक्टूबर 2025 तक मुंबई के खिलाफ खेला जाएगा। संघ की ओर से चयनित खिलाड़ियों की सूची में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का संतुलन देखने को मिल रहा है। क्रिकेट प्रेमियों को उम्मीद है कि छत्तीसगढ़ की टीम इस बार दमदार प्रदर्शन करेगी। टीम में 17 खिलाड़ी शामिल हैं। टीम के कप्तान अमनदीप खरे होंगे। टीम में आईपीएल के स्टार खिलाड़ी शशांक सिंह, अजय मंडल, अनुज तिवारी समेत अन्य खिलाड़ी शामिल हैं।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ / स ) संभाग कटनी (म. प्र.)**
E-mail- eepwdkatni@mp.nic.in Phone No. 07622-224277

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 10/व. ले.लि./2025-26/ **निविदा आमंत्रण सूचना** कटनी, दिनांक 26/09/2025

मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत व्यवस्थापन के अन्तर्गत टेकेदार से राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल की प्रभावशील दर अनुसूची दिनांक 01.01.2024 (भवन) तथा दिनांक 11.04.2025 (सड़क) समस्त संशोधन सहित कार्य हेतु निविदायें आनलाईन Appendix 2.10 निविदा में आमंत्रित की जाती है बिड सेल आनलाईन https://mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकेगी। निविदायें सम्बन्धित कार्यालय में टेण्डर टाईम शैडयूल के अनुसार खोली जावेगी।

| क्रं. | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | जिला | एस.ओ. आर. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | अनुमानित लागत राशि (रु.लाख में) | कार्य की अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यपूर्ण करने की संभावित तिथी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2025_PWDRB _454255_1 | कटनी | 11.04.2025 | सड़क | स्लीमनाबाद विलायतकला मार्ग के कि.मी. 32/10 एवं 67/8, मोहला हरदुआ उमरियापानमार्ग के कि.मी. 13/2, 13/4 व 15/2, स्लीमनाबाद बंधी सैलारपुर पौनिया, मार्ग के चैनेज क्रमांक 14320 से 15700 में ह्यूम पाईप पुलिया में सुदृढ़ीकरण एवं रेस्टोरेशन कार्य | द्वितीय | 68.67 | 68670.00 | 10000.00 | 07 माह वर्षा काल सहित |
| 2 | 2025_PWDRB _454457_1 | कटनी | 01.01.2024 | भवन | शासकीय प्राथमिक शाला छपरवाह में 02 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण विद्युतीकरण कार्य सहित | प्रथम | 32.16 | 50000.00 | 5000.00 | 06 माह वर्षा काल सहित |
| | | | | | योग- | | 100.83 | | | |

निविदा की कुल अनुमानित राशि रुपए 100.83 लाख (एक करोड़ तिरासी हजार मात्र)

उपरोक्त वेवसाईट में आन लाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र कय करने तथा आनलाइन बिड सबमिशन की अंतिम तिथि 15.10.2025 सांय 17.30 बजे तक निर्धारित है। ई. एम. डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ. टी एवं अन्य दस्तावेज केवल आनलाईन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी का विवरण शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

G-19282/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ / स) संभाग कटनी



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग क्र.-2 जबलपुर**
AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE
इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन-482001
फोन एवं फैक्स नं. 0761-2622333. ई-मेल : eepwd2jbp@nic.in

अल्पकालीन निविदा सूचना क्र 20 वर्ष 2025-26 जबलपुर दिनांक 26/09/2025

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-20**

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेबसाईट http://mpteders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑन लाईन भुगतान करने पर वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

| स. क्र. | टेण्डर आई. डी. | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मुल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB _454430_pack1 | उपसंभाग क्र. 1 अंतर्गत शासकीय आवासों में प्लास्टर मरम्मत कार्य। | प्रथम | 15.00 | 38000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 2 | 2025_PWDRB _454431_pack1 | उपसंभाग क्र. 1 अंतर्गत रामपुर स्थित शासकीय आवासों में रंगाई ताई एवं मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.80 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 | 2025_PWDRB _454432_pack1 | संभाग क्रमांक 2 के अंतर्गत जबलपुर मण्डला रूट पर शिवपुरी कजरवारा रोड में सीमेंट कान्क्रीट पेवमेंट का स्टेपलिंग कार्य एवं मरम्मत कार्य। | प्रथम | 15.50 | 32000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 4 | 2025_PWDRB _454433_pack1 | उपसंभाग क्र. 1 अंतर्गत एन.आई.टी. शेड्यूल के अनुसार शासकीय आवासों में रंगाई पुताई एवं मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.90 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 5 | 2025_PWDRB _454434_pack1 | उपसंभाग क्र. 1 अंतर्गत शंकर शाह नगर उपखण्ड के अंतर्गत आवासीय क्वार्टर्स में बाउण्ड्रीवॉल, दरवाजे खिड़की प्रोफाईल शीट एवं अन्य मरम्मत व रखरखाव कार्य। | द्वितीय | 19.50 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 6 | 2025_PWDRB _454436_pack1 | उपसंभाग क्र. 1 अंतर्गत शंकर शाह नगर उपखण्ड के अंतर्गत आवासीय क्वार्टर्स में विभिन्न मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | द्वितीय | 19.80 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 7 | 2025_PWDRB _454544_pack1 | संभाग क्रमांक 2, जबलपुर के अंतर्गत वर्षाकाल के दौरान एवं वर्षाकाल के पश्चात मार्गो में बी. टी. पेंच रिपेयर एवं कलवर्ट रिपेयरिंग का कार्य। | प्रथम | 60.00 | 60000.00 | 10000.00 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 8 | 2025_PWDRB _454595_pack1 | उपसंभाग क्र. 2, मेडीकल जबलपुर अंतर्गत क्षतिग्रस्त टाईल रूफ के स्थान पर प्रोफाईल शीट लगाना, प्लास्टर मरम्मत, रंगाई पुताई, फॉल्स सीलिंग, विट्रीफाईड टाईल्स फ्लोरिंग एवं एल्युमिनियम विंडो का कार्य। | प्रथम | 19.99 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 9 | 2025_PWDRB _454596_pack1 | उपसंभाग क्र. 2, जबलपुर अंतर्गत मार्गो की मरम्मत कार्य। | प्रथम | 20.00 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 10 | 2025_PWDRB _454597_pack1 | उपसंभाग क्र. 2, जबलपुर अंतर्गत भेड़ाघाट रेस्ट हाऊस भवन में क्षतिग्रस्त टाईल रूफ के स्थान पर प्रोफाईल शीट लगाना एवं भवन के सुदृढ़ीकरण का कार्य। | प्रथम | 20.00 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| | | योग | | 229.49 | | | |

(1) निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 06/10 /2025 समय 17.30 बजे तक है। इलेक्ट्रानिक ई. एम. डी. (RTGS/NEFT) के माध्यम से एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेगें।(2) अन्य विस्तृत विवरण एवं संशोधन ऑनलाईन पोर्टल पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुन: प्रकाशन नहीं कराया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
G-19271/25 "स्वच्छता ही सेवा" लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग क्रं. -2, जबलपुर




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife
जीतने का मौका
100% कैशबैक | 24 कैरेट सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स*

Also available on Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Basis data available in public forum for products in 100cc Motorcycle segment. 'Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. *Limited period offer. T&C apply. +As per cumulative sales numbers till August 2025. #Ex-showroom price of HF Deluxe Pro in Madhya Pradesh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः जबलपुरः सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाटः जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुरः आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ाः सत्कार हीरो 9289922805, मण्डलाः शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुरः रचना हीरो 9289922377, रीवाः बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतनाः स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोलः विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनीः हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़नः कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधीः राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, सिवनीः सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरईः श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलरः पथरियाः एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरियाः आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ाः अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारीः श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़हारः श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरीः अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुरः स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ाः शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेवः लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमाः सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहरः वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंजः सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझीः श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरनाः जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासियाः श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलानः साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझीः गुरूकृपा ऑटो 9424728007, सिहोराः बाईक प्वांट 9826802730, उमरियाः गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनीः रूसिया मोटर्स 9425822392, जताराः शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़ः एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, पृथ्वीपुरः महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताईः शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगीः ओम मोटर्स 9685416118, बरगवांः बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी : श्याम एजेंसी 9981238133, बरहीः अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुरः बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोदः चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसरः श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटनः रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबादः अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगरः विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनौराः भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरईः यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौकाः अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793,
Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ाः सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुरः रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240